RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 332
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट से 15 लाख नौकरियां तैयार होंगी

राष्ट्रीय-11

# इजराइल ने की गाजा पट्टी की घेराबंदी

- सेना को गाजा पट्टी में बिजली आपूर्ति ठप करने व भोजन और ईंधन आपूर्ति रोकने का आदेश, आतंकियों की रीढ़ तोड़ने के लिए हवाई हमले तेज
- इजराइल में करीब 700 लोगों के, जबकि गाजा पट्टी में 500 फलस्तीनियों के मारे जाने की सूचना
- इजराइल में हुए आतंकी हमलों में नेपाल के 10 नागरिकों ने भी जान गंवाई

**एजेंसी**। यरूशलम



गाजा पट्टी से आतंकवादियों द्वारा इजराइल की ओर दागी गई मिसाइलें।

**हमास** की सैन्य और शासन क्षमता को नष्ट करने के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के ऐलान के बीच इजराइल की सेना ने सोमवार को गाजा पट्टी पर हवाई हमले तेज कर दिए और सीमा पर लगी बाड़ के जरिए सेंध लगाने की आशंकाओं को टालने के लिए वहां टैंक तैनात करते हुए हमास आतंकवादियों की तलाश में अपने जवानों को दक्षिण की तरफ रवाना कर दिया। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने गाजा की पूर्ण घेराबंदी का आदेश देते हुए कहा है कि अधिकारी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप कर दें और वहां भोजन तथा ईंधन आपूर्ति रोक दें। वर्ष 2007 में हमास द्वारा प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी बलों से सत्ता छीनने के बाद से इजराइल और मिस्र ने गाजा पट्टी पर विभिन्न स्तर के प्रतिबंध लगाए हैं।

वही काठमांडू से मिली खबरों के मुताबिक फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के रॉकेट हमलों में इजराइल में नेपाल के 10 नागरिकों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल सरकार ने रविवार को हमास के खिलाफ युद्ध की औपचारिक घोषणा करते हुए आतंकवादी समूह के अप्रत्याशित हमलों का बदला लेने के लिए अहम सैन्य कदम उठाने को मंजूरी दी। वहीं, हमास के आतंकवादियों ने भी इजराइल पर रॉकेट दागना जारी रखा है, जिससे यरूशलम से लेकर तेल अवीव तक हवाई हमलों के प्रति अलर्ट करने वाले सायरन बज रहे हैं। इजराइल और हमास के बीच ताजा संघर्ष में दोनों पक्षों के मृतकों की संख्या।,200 के पार चली गई है और हजारों लोग घायल हुए हैं। इजराइल में लगभग 700 लोगों के, जबकि गाजा पट्टी में करीब 500 फलस्तीनियों के मारे जाने की खबर है। फलस्तीनी आतंकवादी समूहों ने इजराइल के 130 लोगों को बंधक बनाने का दावा किया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने संवाददाताओं को बताया कि इजराइल का अपने सीमावर्ती समुदायों पर नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि सोमवार तड़के कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं, लेकिन इस स्तर पर समुदायों में कोई लड़ाई नहीं है और क्षेत्र में अभी भी आतंकवादी हो सकते हैं। उधर, इजराइली टैंक और ड्रोन आतंकवादी घुसपैठ रोकने की कोशिशों के तहत सीमा बाड़ पर खुले स्थानों की रक्षा करते नजर आए।

हगारी ने बताया कि 24 सीमावर्ती समुदायों में से 15 को क्षेत्र से निकाला जा चुका है और बाकियों को अगले 24 घंटों में वहां से निकाले जाने की उम्मीद है। इससे पहले, हमास के प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कानौआ ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया कि समूह के लड़ाकों ने गाजा के बाहर लड़ाई जारी रखी है और सोमवार सुबह कुछ और इजराइलियों को बंधक बना लिया है। अल-कानौआ ने कहा कि समूह का लक्ष्य इन बंधकों के बदले में इजराइल की हिरासत में मौजूद सभी फलस्तीनी कैदियों को आजाद कराना है। इस बीच, इजराइल की सेना ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में एक हजार से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। जिससे क्षेत्र के पूर्वोत्तर हिस्से में मौजूद बेत हनून कस्बे का ज्यादातर भाग जमींदोज हो गया। हगारी ने कहा कि हमास बेत हनून कस्बे का इस्तेमाल इजराइल के खिलाफ हवाई हमलों को अंजाम देने के लिए कर रहा है। उन्होंने बताया कि रिजर्व में रखे गए तीन लाख से अधिक बलों को बुलाया गया है और इजराइल गाजा पट्टी में हमास का शासन समाप्त करके रहेगा। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता जोनाथन कॉनरिकन ने एक वीडियो संदेश में कहा, हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि हमास के पास इजराइल को निशाना बनाने के लिए कोई सैन्य क्षमता नहीं बचे। इसके साथ ही हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास गाजी पट्टी पर शासन करने के लायक न रहे।

वहीं नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि हमास के हमले में किब्बुत्ज एलुमिम में एक खेत में काम कर रहे नेपाल के 17 नागरिकों में से दो को सुरक्षित बचा लिया गया, चार घायल हो गए तथा एक अभी लापता है। नेपाल दूतावास ने एक बयान में कहा, हमें उस घटनास्थल से 10 नेपाली नागरिकों की मौत की सूचना मिली है जहां हमास ने हमला किया था। ( शेष पेज 9 )

# चुनाव का सेमीफाइनल अगले महीने होगा



नई दिल्ली में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार। फोटोः रंजन डिमरी

- ईसी ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का किया ऐलान, सात से 30 नवंबर के बीच मतदान और तीन दिसंबर को परिणाम
- मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में एक चरण में जबकि छत्तीसगढ़ में दो दौर में होगी वोटिंग

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने अगले वर्ष लोकसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल के तौर पर देखे जा रहे पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का सोमवार को ऐलान कर दिया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में क्रमशः 17 नवंबर, 23 नवंबर, 30 नवंबर तथा सात नवंबर को मतदान होगा, जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात एवं 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इन पांचों राज्यों में तीन दिसंबर को मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में चुनावी तारीखों की घोषणा की और कहा कि इन चुनावों में करीब 16 करोड़ मतदाता मतदान करने के पात्र होंगे। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले इन विधानसभा चुनावों को केंद्र की सत्ता का सेमीफाइनल माना रहा है। मिजोरम की सभी 40 विधानसभा सीट के लिए मतदान सात नवंबर को छत्तीसगढ़ की 20 सीट के लिए पहले चरण के मतदान के साथ होगा। छत्तीसगढ़ की शेष 70 सीट के लिए मध्य प्रदेश की सभी 230 सीट के साथ 17 नवंबर को मतदान होगा। राजस्थान की सभी 200 विधानसभा सीट के लिए मतदान 23 नवंबर को होगा, जबकि 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को अंतिम मतदान होगा। कुमार ने कहा कि सभी पांच राज्यों में मतगणना तीन दिसंबर को होगी। इनमें से चार बड़े राज्यों में से दो में सत्ता में काबिज कांग्रेस के लिए यह चुनाव अग्निपरीक्षा की तरह होगा, जबकि भाजपा के लिए भी बहुत कुछ दांव पर लगा है, क्योंकि इनके नतीजों का असर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव पर भी पड़ना तय है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होगा, जबकि तेलंगाना में भी दोनों दल सत्ता की दौड़ में हैं, जहां मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। मिजोरम में क्षेत्रीय दल और कांग्रेस सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट को चुनौती देंगे क्योंकि विपक्षी दल को उम्मीद है कि मणिपुर में हिंसा के बाद जातीय आधार पर राजनीतिक ध्रुवीकरण से उसकी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से हारने के बावजूद, भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बड़ी जीत हासिल की थी। एक असामान्य कदम के तहत भाजपा ने 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव के लिए तीन केंद्रीय मंत्रियों और चार अन्य लोकसभा सदस्यों सहित 79 उम्मीदवारों और 90 सदस्यीय छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए 21 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

भाजपा तेलंगाना में भी एक बड़ी ताकत के रूप में उभरने की उम्मीद कर रही है, जहां पर्यवेक्षकों का मानना है कि मई में कर्नाटक चुनावों के बाद से कांग्रेस ने अपनी स्थिति बेहतर की है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की निर्वाचन आयोग की घोषणा का स्वागत किया और दावा किया कि उनकी पार्टी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सभी राज्यों में बड़े बहुमत से सरकार बनाएगी। आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद उन्होंने एक्स पर किए एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी और आगामी पांच वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कटिबद्ध भाव से काम करेगी। ( शेष पेज 9 )



**विश्व कप क्रिकेट**

- **परिणामः** न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को हराया
- **आजः** पाकिस्तान-श्रीलंका
- इंग्लैंड-बांग्लादेश

## क्विक न्यूज

### पटनीटॉप में जमीन हड़पने के मामले में छह आरोप पत्र दायर

**नई दिल्ली**। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जम्मू कश्मीर में पटनीटॉप विकास प्राधिकरण (पीडीए) के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की मिलीभगत से होटलों और अतिथिगृहों द्वारा वन और कृषि भूमि को कथित तौर पर हड़पने के मामले में छह आरोप पत्र दायर किए है। उन्होंने कहा कि जम्मू की एक विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोप पत्रों में, एजेंसी ने पीडीए के दो पूर्व सीईओ राजिंदर कृष्ण वर्मा और कमल किशोर गुप्ता, दो खिलाफ वर्जी निरीक्षक अवेश जसरोटिया और जहीर अब्बास के अलावा आठ होटल मालिकों को नामजद किया है। एजेंसी ने सोमवार को पांच आरोप पत्र दायर किए वहीं एक आरोप पत्र शनिवार को दाखिल किया गया था।

# भाजपा ने तीन राज्यों में उम्मीदवारों का किया ऐलान

- पुराने दिग्गजों, केंद्रीय मंत्रियों और कई सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली

**राजस्थान,** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री पद के लिए किसी चेहरे को पेश नहीं करते हुए भाजपा ने सोमवार को तीन विधानसभा चुनावों के लिए अपने पुराने योद्धाओं, केंद्रीय मंत्रियों और कई सांसदों को चुनावी मैदान में उतारा। राज्य की चौथी सूची में मंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम उनकी पारंपरिक बुधनी सीट से है, उन्होंने राज्य के लिए अपनी दूसरी सूची में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और इसके प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, जो लोकसभा सांसद भी हैं, को अपना उम्मीदवार बनाया है। राजस्थान के लिए पार्टी द्वारा जारी की गई पहली सूची में, भाजपा ने शाही वंशज और राजसमंद सांसद दीया कुमारी और जयपुर ग्रामीण सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को शामिल किया। पार्टी ने अपनी दूसरी सूची में छत्तीसगढ़ के लिए 64 उम्मीदवारों, चौथी सूची में मध्य प्रदेश के लिए 57 उम्मीदवारों और पहली सूची में राजस्थान के लिए 41 उम्मीदवारों के नाम जारी किए। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम, तेलंगाना में 7 से 30 नवंबर के बीच मतदान होंगे और नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। मध्य प्रदेश के चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव में अपने पारंपरिक बुधनी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे।

सोमवार को मध्य प्रदेश के उम्मीदवारों की चौथी सूची में चौहान का नाम सामने आया। उनके नाम की घोषणा में देरी से काफी अटकलें लगाई जा रही थीं क्योंकि पार्टी ने पहले ही नामांकित व्यक्तियों की अपनी दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों- नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रह्लाद पटेल- चार सांसदों और महासचिव- कैलाश विजयवर्गीय के नाम जारी कर उन्हें राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतार दिया था। एमपी के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया सीट से लड़ेंगे। कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ के लिए दूसरी सूची में, भाजपा ने तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को उनके पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव से मैदान में उतारा है, जबकि साव लोरमी से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, जो लोकसभा सांसद भी हैं, विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे। सूची में रेणुका सिंह और गोमती साई सहित तीन सांसदों का नाम शामिल है क्योंकि पार्टी ने विधानसभा चुनावों में सांसदों को मैदान में उतारना जारी रखा है, जो पांच राज्यों के चुनावों के मौजूदा दौर में सत्ता हासिल करने की अपनी पूरी कोशिश को रेखांकित करता है। छत्तीसगढ़ में 7 नवंबर और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान हो रहा है। 2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 68 सीटें और भाजपा ने 15 सीटें जीती थीं। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने 1 अक्टूबर को अपनी बैठक में मध्य प्रदेश के लिए 57 उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी थी। केंद्रीय चुनाव समिति में पार्टी प्रमुख जे पी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके साथ भाजपा ने अब तक 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा में 136 सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इसको देखते हुए भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस सत्तारूढ़ दल के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर पर निर्भर है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी शिवपुरी विधानसभा सीट से संभावित उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा है, जो यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा शिवपुरी से चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा से खाली हुई है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। राजस्थान के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची में राजसमंद से सांसद दीया कुमारी और जयपुर ग्रामीण से सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ शामिल हैं। सोमवार को पार्टी द्वारा जारी 41 उम्मीदवारों की पहली सूची के अनुसार ये उन सात भाजपा सांसदों में से हैं, जो राजस्थान विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। दीया कुमारी जहां जयपुर के विद्याधर नगर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी, वहीं पूर्व ओलंपियन निशानेबाज राठौड़ जयपुर जिले के झोटवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। दीया कुमारी पूर्ववर्ती जयपुर शाही परिवार की सदस्य हैं। राजस्थान में 200 सदस्यीय विधानसभा है जिसके लिए 23 नवंबर को मतदान होगा।

भाजपा को उम्मीद है कि वह राजस्थान में कांग्रेस से सत्ता छीन लेगी क्योंकि वह छत्तीसगढ़ में बराबरी का चुनाव लड़ रही है जहां फिर से कांग्रेस का शासन है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने विशेष रूप से महिलाओं पर केंद्रित कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करके सत्ता विरोधी लहर को कम करने की कोशिश की है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा ने किसी भी सीएम चेहरे को पेश न करके राज्य इकाइयों में गुटबाजी को कम करने की कोशिश की है। साथ ही प्रधानमंत्री ने राजस्थान में इस बात पर जोर दिया है कि पार्टी का चुनाव चिन्ह 'कमल' ही भाजपा का चेहरा होगा। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान की अगली सूची में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाति और मतदाताओं पर प्रभाव को संतुलित करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों और अधिक सांसदों को शामिल किया जा सकता है।

# टोल प्लाजा पर टकराव रोकने को एसओपी जारी

- एनएचएआई का टोल पर शांत अभियान शुरू, कर्मचारियों को क्रोध प्रबंधन और ग्राहक प्रसन्नता प्रशिक्षण दिया जाएगा
- यदि विवाद बढ़ता है तो टोल प्लाजा अधिकारी स्थानीय पुलिस की मदद ले सकते हैं और एफआईआर दर्ज करा सकते हैं

**दीपक कुमार झा**। नई दिल्ली




**राष्ट्रीय** राजमार्ग टोल प्लाजा पर झगड़े की घटनाओं पर अंकुश लगाने और सुरक्षा मजबूत करने के लिए, एनएचएआई ने यात्रियों और टोल ऑपरेटरों दोनों के हितों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है। देशभर के टोल प्लाजा पर एनएचएआई द्वारा 'टोल पर शांत' विशेष अभियान शुरू किया गया है और इस पहल के तहत केंद्रीय सड़क निर्माण एजेंसी ने टोल प्लाजा कर्मचारियों को क्रोध प्रबंधन और ग्राहक प्रसन्नता प्रशिक्षण के लिए पेशेवर मनोवैज्ञानिकों का सहयोग लिया है।

टोल प्लाजा पर सड़क उपयोगकर्ताओं और टोल प्लाजा कर्मचारियों के बीच टोल मुद्दों पर बहस देखी जाती है और कुछ मामलों में बहस शारीरिक हिंसा में बदल जाती है, जिसमें कई स्थानों पर जन प्रतिनिधि भी शामिल होते हैं। एसओपी जारी होने से ऐसे मामलों को कम करने में मदद मिलेगी और राजमार्ग उपयोगकर्ताओं और टोल प्लाजा अधिकारियों दोनों को दिन-प्रतिदिन के सुचारू संचालन में मदद मिलेगी। विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया में कर्मचारियों और सड़क उपयोगकर्ताओं के प्रबंधन के लिए टोल संग्रहण एजेंसियों द्वारा सख्त कार्यान्वयन और पालन सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए दिशानिर्देश शामिल हैं। पहला प्रशिक्षण सत्र हाल ही में हरियाणा के मुरथल टोल प्लाजा पर आयोजित किया गया था और अधिक प्रशिक्षण देश भर के अन्य टोल प्लाजा पर आयोजित किया जाएगा। पिछले महीने मुरथल टोल प्लाजा पर एक चौंकाने वाली घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें टोल प्लाजा कर्मचारियों की गुंडागर्दी दिखाई दे रही थी जहां वे एक आदमी और एक महिला को झगड़े के बाद पीट रहे थे। कर्मचारी महिला को लाठी, रॉड और पाइप से मारते और पीटते नजर आए। ( शेष पेज 9 )

# जब अखिल ने चीन में लगाया सटीक स्वर्णिम निशाना

- एशियाई खेलों में निशानेबाजी में स्वर्ण पदक विजेता शूटर अखिल श्योरान से विशेष बातचीत

**असद**। नई दिल्ली



एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अखिल श्योरान

**यह** कहावत कि 'अभ्यास मनुष्य को पूर्ण बनाता है', भारतीय निशानेबाज अखिल श्योरान की शानदार कामयाबी के सफर को चरितार्थ करती है। चीन के हांगजोउ में एशियाई खेलों के दौरान भारत की 50 मीटर राइफल पुरुष टीम के प्रमुख सदस्य के रूप में उन्होंने एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करते हुए देश को स्वर्ण पदक दिलाया था। उनकी टीम के अन्य सदस्यों में ऐश्वर्य तोमर और स्वप्निल कुसाल शामिल थे। 2008 में अखिल मेरठ के गॉडविन पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र थे, उसी दौरान उन्होंने शूटिंग की दुनिया में कदम रखा था। तब उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि स्कूल में एक पेड़ के नीचे दूसरों को अभ्यास करते हुए देखने के आकर्षण के वे शुरुआती क्षण अंततः उन्हें शूटिंग की दुनिया में एक जाना-माना चेहरा बना देंगे और वे अनगिनत युवाओं के प्रेरणास्रोत बन जाएंगे।

उत्तर प्रदेश के बड़ौत में पैदा हुए 28 वर्षीय श्योरान ने पायनियर को बताया, 'शूटिंग मेरे गाँव में अविश्वसनीय रूप से लोकप्रिय है। मैंने अपने माता-पिता के सुझाव पर इस खेल में अपनी यात्रा शुरू की। मुझे उम्मीद थी कि यह मेरे लिए खेल कोटा नौकरी के अवसर के द्वार खोलेगा। मैं प्रसिद्ध निशानेबाज दादी चंद्रो तोमर के ही गांव से हूं और उनकी विरासत ग्रामीणों के बीच लगातार चर्चा का विषय है।' अखिल ने स्कूल के बाद खेल में जैसे जैसे उत्कृष्टता हासिल करना शुरू किया उसकी प्रतिबद्धता गहरी होती गई। लेकिन शूटिंग से जुड़ा महंगा खर्च उठाना एक किसान के बेटे के लिए आसान काम नहीं था। लेकिन माता-पिता के अटूट समर्थन और हौसला अफजाई के साथ वे अपनी साधना में रत रहे। उन्होंने कहा, 'जब मैंने भारतीय टीम में जगह बनाई, तो अपने लिए उपकरण खरीदने तथा ट्रेनिंग के खर्चों की जिम्मेदारी मुझ पर आ गई। उस समय, मुझे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा और आवश्यक खर्च के लिए पैसे नहीं थे। यह मेरे माता-पिता का समर्थन ही था जिसके चलते मैंने यहां तक का सफर तय किया है।'

जामिया मिलिया इस्लामिया (2015 से 2017) से एमबीए पूरा करने और दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से स्नातक करने वाले निशानेबाज ने कहा, 'मेरे परिवार ने मेरी बंदूकें हासिल करने और मेरे अभ्यास को जारी रखने में मदद करने के लिए ब्याज पर कर्ज भी लिया।' एशियाई खेलों की उपलब्धि हाल के वर्षों में अर्जित उनकी कई उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने अजरबैजान के बाकू में 2023 आईएसएसएफ विश्व शूटिंग चैम्पियनशिप में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक, साथ ही पुरुषों की व्यक्तिगत 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए योग्यता हासिल करने के बाद श्योरान अब देश के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने कहा, 'हम ओलंपिक के लिए तैयार हैं...एशियाई खेलों में यह मेरा पहला पदक है और मैं इसे अपने माता-पिता, कोच, सरकार, महासंघ और सहयोगी स्टाफ को समर्पित करता हूं।' ( शेष पेज 9 )

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023



# द्वारका उपनगर की तर्ज पर विकसित होगा नरेला

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना दिल्ली विकास प्राधिकरण को एजुकेशन हब बनाने का दिया निर्देश

**● नरेला क्षेत्र में इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को मिलेगा बढ़ावा, आगामी वर्षों में नई सड़कों, फ्लैट, व्यावसायिक केंद्र, मेट्रो स्टेशन समेत अन्य निर्माण कराए जाएंगे**



नरेला क्षेत्र में दिल्ली विकास प्राधिकरण के बने फ्लैट। (फाइल फोटा)

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली के द्वारका की तर्ज पर दूसरी सब-सिटी नरेला में बसाई जाएगी। आने वाले वर्षों में यहां नई सड़कें, फ्लैट, व्यावसायिक केंद्र, मेट्रो स्टेशन समेत सभी तरह के निर्माण किए जाएंगे।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व्यक्तिगत रूप से नरेला उपनगर क्षेत्र (सब-सिटी) में अब तक उपेक्षित पड़ी डीडीए की परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी, नागरिक बुनियादी ढांचे और नई परियोजनाओं पर ध्यान दे रहे हैं। यहां पहले से ही अन्य जगहों से स्थानांतरित किए गए और नए उद्योगों का घर है, को हाल ही में एक अदालत परिसर, पुलिस स्टेशन, अस्पताल, जेल परिसर और बढ़ी हुई बस कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। अब यह एजुकेशन हब बनने जा रहा है।

उपराज्यपाल ने हाल ही में नरेला सब-सिटी परियोजना पर दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, डीडीए को उन विश्वविद्यालयों, संस्थानों, जिन्होंने डीडीए से इसकी मांग की है, को भूमि पार्सल प्रदान कर, क्षेत्र को एक एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया है।

पूरे नरेला उप-शहर में लगभग 9866 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें से परियोजना क्षेत्र 3828 हेक्टेयर है, लैंड पूलिंग क्षेत्र 3537 हेक्टेयर है और 2501 हेक्टेयर को ग्रीन बेल्ट के रूप में परिभाषित किया गया है।

जिन संस्थानों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है उनमें एनआईटी 20.8 हेक्टेयर, इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय 20 हेक्टेयर और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान 4.04 हेक्टेयर शामिल हैं।

प्रस्तावित योजना के तहत गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय को 8.08 हेक्टेयर और दिल्ली शिक्षक विश्वविद्यालय (डीईटीयू) को 4.04 हेक्टेयर आवंटित किया जाना है। उपराज्यपाल ने डीडीए से कहा कि इन सभी भूमि पार्सल को एक क्लस्टर में आवंटित किया जाना चाहिए, जो डीडीए द्वारा निर्मित आवासों के नजदीक हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बने-बनाए आवास और छात्रावास सुविधाएं नजदीक में उपलब्ध हों।

डीडीए ने इस योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र को मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के रूप में विकसित करने की भी योजना है। नरेला में कॉर्पोरेट पार्क, शॉपिंग मॉल इत्यादि जैसे बड़े वाणिज्यिक केंद्रों की भी कमी है। एलजी ने इसकी सही ढंग से पहचान करने के लिए डीडीए को चिह्नित किया गया है।

### ई-कचरा प्रबंधन के लिए इको पार्क

नरेला में 69 हेक्टेयर में सुरक्षित सिक्योर्ड लैंडफिल फेसेलिटी (एसएलएफ) साइट के अलावा 14.6 हेक्टेयर में अनाजमंडी और 8.5 हेक्टेयर में ई-कचरा प्रबंधन के लिए इको पार्क के रूप में विकसित करने की भी योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा, चरण चार में प्रस्तावित रिठाला, बवाना, नरेला कॉरिडोर पर सड़क, रेल और हवाई अड्डे की कनेक्टिविटी और मेट्रो कनेक्टिविटी के विकास की भी योजना है।

### विकसित की जाने वाली अन्य परियोजनाएं

क्षेत्र में विकसित की जाने वाली अन्य नागरिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं हैं 7.28 हेक्टेयर में क्लब और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 16 हेक्टेयर में जिला जेल, टिकरीखुर्द के पास जिला न्यायालय के लिए 4 हेक्टेयर, जिला पार्क अर्थात् सेक्टर ए-7 में स्मृति वन 15.8 हेक्टेयर, औद्योगिक क्षेत्र में तीन डीएसआईआईडीसी के लिए नरेला में 247 हेक्टेयर और बवाना और भोरगढ़ में क्रमश: 221 हेक्टेयर और 172 हेक्टेयर शामिल हैं।

# धूल प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर आरआरटीएस को नोटिस


पर्यावरण मंत्री गोपाल राय परियोजना स्थल का निरीक्षण करते हुए। फोटो : रंजन डिमरी

**● पर्यावरण मंत्री ने सराय काले खान स्थित आरआरटीएस प्रोजेक्ट स्थल का किया औचक निरीक्षण**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार द्वारा शुरू किए गए एंटी डस्ट अभियान के तहत सोमवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सराय काले खान स्थित आरआरटीएस परियोजना स्थल का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने प्रदूषण से संबंधित भारी अनियमितताएं पायी और डीपीसीसी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिए गए। साथ ही कहा कि नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर 50 हजार का जुर्माना लगाने को कहा।

गोपाल राय ने कहा कि परियोजना स्थलों पर 14 नियमों को लागू करना जरूरी है। इसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि निर्माण साइट पर पर्यावरण के नियमों का सही से पालन नहीं किया जा रहा है। एंटी स्मॉग गन का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है और न ही निर्माण साइट को चारों तरफ से कवर किया गया है और धूल भी चारों तरफ उड़ रही है। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों ने मास्क भी नहीं लगा रखा है। डस्ट नियंत्रण नियम के उल्लंघन के कारण डीपीसीसी को एजेंसी एफकॉन्स को नोटिस जारी करने का निर्देश दिए गए। नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं देने पर 50 हजार जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सभी कंस्ट्रक्शन साइटों पर निर्माण संबंधी 14 नियमों को पालन करना जरूरी है। नियमों को पालन नहीं करने पर टीमें सख्त कार्रवाई करेगी। इसके लिए विभागों को निर्माण साइट्स की लगातार निगरानी करने के निर्देश जारी किए गए है। मंत्री ने बताया कि वायु प्रदूषण में और सुधार लाने के लिए विंटर एक्शन प्लान के तहत पहले फेज में 7 नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में 13 विभागों जैसे; डीडीए, एमसीडी, डीपीसीसी, जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, सीपीडब्ल्यूडी, एनडीएमसी समेत अन्य विभागों की 591 टीमें तैनात हैं।

# बदमाशों ने हंगरी की महिला को लूटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के लोधी कालोनी इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने एक ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रही, हंगरी की 57 वर्षीय एक महिला को लूट लिया। घटना के समय महिला हुमायूं के मकबरे से हंगरी दूतावास की ओर जा रही थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया, जैसे ही ऑटोरिक्शा दयाल सिंह कॉलेज के समीप पहुंचा, पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आए। उन्होंने महिला का बैग छीन लिया, जिसमें उनका मोबाइल फोन, 12 हजार रुपए नकद और बैंक के कार्ड थे। उन्होंने बताया कि घटना की शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, भारतीय दंड संहिता की धारा 356 और 379 (चोरी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# इस वर्ष वायु गुणवत्ता अच्छी से मध्यम रही : सीएक्यूएम

**● वर्ष 2015 के बाद पहली बार एक्यूआई 200 दिनों के लिए मध्यम श्रेणी में रहा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय वायु गणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में चालू वर्ष में अब तक 200 दिनों की वायु गुणवत्ता अच्छा से मध्यम श्रेणी के बीच रही और वर्ष 2020 (जब कोविड-19 के कारण लॉकडाउन था) को छोड़कर वर्ष 2015 के बाद से ऐसा पहली बार हुआ है जब इस श्रेणी के दिनों की संख्या इतनी अधिक है।

दिल्ली में सोमवार को 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 175 दर्ज किया गया जो मध्यम श्रेणी में आता है। केंद्रीय वायु गणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक्स पर पोस्ट किया, वर्ष 2015 के बाद पहली बार (कोविड प्रभावित 2020 को छोड़कर), दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 दिनों के लिए अच्छा से मध्यम श्रेणी में रहा। इसमें कहा गया है कि 2022, 2021 और 2019 में इसी अवधि के दौरान अच्छा से मध्यम वायु गुणवत्ता वाले दिनों की कुल संख्या क्रमश: 154, 183 और 174 थी।

मौसम विभाग के अनुसार शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है। 500 से अधिक एक्यूआई अत्यंत गंभीर की श्रेणी में आता है।

# दिल्ली पुलिस ने मिरांडा हाउस की छात्राओं के साथ कॉफी पी

**● कॉलेज के लिए इस पहल का मकसद विश्वविद्यालय में लिंग एवं सुरक्षा ऑडिट शुरू करने में मदद करना है**




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज की छात्राओं ने हाल ही में दिल्ली पुलिस के साथ बैठकर कॉफी पी और एक पुलिसकर्मी के जीवन के भीतर चल रही जद्दोजहद को जानने की कोशिश की। छात्राओं को इस बातचीत के दौरान पुलिस के मानवीय पहलू से रूबरू होने में भी मदद मिली।

दिल्ली पुलिस के उत्तरी जिले के अधिकारियों ने मिरांडा हाउस के साथ मिलकर कॉफी विद अ कॉप कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसमें वे छात्राओं के साथ आराम से बैठकर गपशप करेंगे। वहीं, कॉलेज के लिए इस पहल का मकसद विश्वविद्यालय में लिंग एवं सुरक्षा ऑडिट शुरू करने में मदद करना है। अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस के मौके पर 21 सितंबर को पहले सत्र का आयोजन किया गया था, जिसमें 100 छात्राओं के एक समूह को उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने संबोधित किया था।

कलसी ने बताया कि पुलिस का मकसद महीने में दो बार 20 से 40 छात्राओं के एक समूह के साथ इस तरह के संवाद सत्र का आयोजन करना है, जिसमें करियर, कानून-व्यवस्था, छात्र-पुलिस टकराव और सामुदायिक सेवा से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाए। अधिकारी के मुताबिक, इस पहल के पीछे का मकसद पुलिस के प्रति छात्रों के रवैए में बदलाव लाना है, जो उसे अक्सर एक असंवेदनशील बल के रूप में देखते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक बार बीट पुलसकर्मी छात्राओं के साथ बातचीत करना शुरू कर देंगे, तो उन्हें मालूम पड़ जाएगा कि पुलिस उनसे अलग नहीं है और जल्द ही खाकी को लेकर उनके मन में मौजूद डर खत्म हो जाएगा। पुलिस के प्रति उनका रवैया बदलेगा। बातचीत जितनी अधिक मैत्रीपूर्ण होगी, उतना ही उन्हें समझ आएगा कि पुलिस अधिकारी भी संवेदनशील होते हैं।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि मिरांडा हाउस पहला कॉलेज है, जिसे इस पहल के लिए चुना गया है। उसने कहा कि इससे हमें भविष्य के सत्रों के लिए संकेत मिलेगा कि किस तरह अन्य कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में इस तरह की बातचीत शुरू की जाए। इस पहल के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को पुलिस के अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के अलावा सहायक पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जैसे शीर्ष अधिकारियों के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

पुलिस अधिकारी छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब देने के साथ ही उन्हें उनके कोर्स के अनुसार करियर संबंधी परामर्श मुहैया कराएंगे।

# आप राजस्थान, मप्र, छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ने को तैयार : केजरीवाल

**● शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, महिला सुरक्षा और रोजगार जैसे जनहित मुद्दों को बनाया चुनावी एजेंडा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में पूरी ताकत से चुनाव लड़ने को तैयार है। वहीं पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने कहा कि आप यह चुनाव बहुत निर्णायक होने वाला है।

संदीप ने कहा कि एक समय ऐसा होता था जब शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली और पानी जैसे मुद्दे किसी भी राजनीतिक पार्टियों के चुनाव का एजेंडा नहीं होते थे। आम आदमी पार्टी ने चुनाव के पूरे परिपेक्ष को ही बदल कर रख दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, महिला सुरक्षा और रोजगार जैसे जनहित मुद्दों को अपना चुनावी एजेंडा बनाया। अब सारी पार्टियां भी आम आदमी पार्टी को कॉपी कर रही हैं।

# डेंगू के मरीजों के आंकड़े जारी करे निगम : लवली

**● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सुभाष चोपड़ा, हारुन यूसूफ, राजकुमार चौहान व मुकेश शर्मा ने एलजी को सौंपा ज्ञापन**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डेंगू का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। मरीजों की संख्या जिस तरह बढ़ रही है, उससे साफ है कि सरकार और आम लोगों को समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि डेंकू को लेकर बरती गई लापरवाही इस बीमारी को घातक शक्ल दे सकती है।

इसी मुद्दे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और तेजी से फैल रहे डेंगू समेत अन्य बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए नवरात्र, रामलीला व दुर्गा पूजा के मौके पर सभी धार्मिक स्थलों पर साफ-सफाई, बिजली व पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही छठ पर्व पर 19 नवम्बर को ड्राई डे घोषित करने की मांग की। इस संबंध में कांग्रेस नेताओं ने एलजी को एक ज्ञापन भी सौंपा। उपराज्यपाल कांग्रेस नेताओं की बातों सुना और मुद्दों पर तुरंत कार्यवाई करने का आश्वासन दिया। लवली ने उपराज्यपाल को बताया कि डेंगू व चिकनगुनिया से लोग न केवल बीमार हो रहे है बल्कि जान का भी खतरा है और यह बीमारी तेजी के फैल रही है। एमसीडी व सरकार की नाकामी के चलते 16 प्रतिशत डेंगू के मामले बढ़ गए है जिस पर तुरंत रोकथाम करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रतिदिन डेंगू के आंकड़े जारी करने की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा सरकार ने प्रदूषण कम करने के नाम पर ग्रेप की शर्तें लागू कर दी है जिससे मेनुअल सफाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जबकि नवरात्रों में रामलीला और दुर्गा पूजा के मद्देनजर अधिक साफ सफाई की आवश्यकता होगी।

# मानसिक रोगों से बचाव में सत्व बल की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. पाराशर

**वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे आज**

**● चरक संहिता के अनुसार शरीर में वात, पित्त, कफ, रज व तम दोषों की अधिकता होने पर पर मानसिक रोग होते हैं**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मानसिक रोगों की सफल चिकित्सा के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जिसमें पंचकर्म थेरेपी, योग, बिहेवियरल थेरेपी, मेडिटेशन आदि अन्य थेरेपी शामिल हों भले ही मरीज आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, एलोपैथी, सिद्ध चिकित्सा जैसी किसी भी चिकित्सा पद्धति की दवाइयां ले रहा हो। मानसिक रोगों से बचाव और चिकित्सा में सत्व बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। व्यवहार, भावनाओं, मूड या सोच में नकारात्मक बदलाव आने पर मानसिक रोग की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

दिल्ली नगर निगम के मनोचिकित्सक एवं आयुर्वेद विशेषज्ञ मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आर पी पाराशर के अनुसार, सामाजिक समस्याओं, परिवार या काम धंधे से संबंधित दिक्कतों या तनाव की वजह से भी मानसिक रोग हो सकते हैं। ये विकार न केवल व्यक्ति के काम को प्रभावित करते हैं बल्कि सामाजिक रिश्तों और पारिवारिक जीवन को भी प्रभावित करते हैं। उच्च स्तर के सत्व बल वाले व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी मानसिक रोगों की गिरफ्त में नहीं आ पाते।

आयुर्वेद में मन को सत्व कहा गया है। आहार-विहार के अलावा मन, वचन व कर्म में सात्विकता होने से सत्व बल का निर्माण होता है। इसके विपरीत आहार- विहार तथा मन, वचन और कर्म में राजसिक और तामसिक प्रभाव होने से व्यक्ति का सत्व बल कम हो जाता है। चिंता, उन्माद, डिप्रेशन और अनिद्रा आदि मानसिक समस्याओं की गिरफ्त में किशोर व युवा अधिक हैं। मानसिक रोग के इलाज एवं मानसिक स्थिति को बेहतर करने के लिए आयुर्वेदिक उपचार के अंतर्गत सत्वावजय चिकित्सा (सत्व बल बढ़ाने के उपाय), पंचकर्म थेरेपी में से स्नेहन, स्वेदन, वस्ति व शिरोधारा और रसायन (शरीर व मन को शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्य) शामिल हैं। ब्राह्मी, अश्वगंधा, वच और जटामांसी जैसी जड़ी बूटियां दिमाग के लिए टॉनिक की तरह काम करती हैं। इसके अलावा ब्राह्मी रसायन, उन्माद गजकेसरी रस, अश्वगंधारिष्ट, स्मृतिसागर रस और सारस्वतारिष्ट भी मानसिक रोगों के इलाज में लाभकारी हैं। स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम, ध्यान और आध्यात्म के माध्यम से मानसिक रोगों से बचाव और इलाज में मदद मिलती है।

# कमजोरी को ताकत में बदलने वालों को कर रहे सम्मानित : मुख्यमंत्री

**● राज्य सरकार के पुरस्कार से खिलाड़ियों, लेखकों, प्रेरक वक्ताओं को कर रहे लाभान्वित**


सीएम अरविंद केजरीवाल दिव्यांग और ओलंपिक खिलाड़ियों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करते हुए।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए दिव्यांगों को राज्य पुरस्कार दिए और कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ इन लोगों ने अपनी कमजोरियों को ताकत में बदल दिया। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान केजरीवाल ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को ऐसे लोगों की प्रेरणादायक कहानियां और तस्वीरें अखबारों में पूरे पन्ने के विज्ञापन के रूप में प्रकाशित करने का सुझाव दिया ताकि अधिक से अधिक लोग उनकी उपलब्धियों से प्रेरित हो सकें। भगवान ने इस पृथ्वी पर जितने जीव बनाए हैं, हर एक को किसी न किसी कारण से भेजा है। अपने आप को चाहे कोई कितना ही मामूली समझे, लेकिन हर एक का इस पृथ्वी पर आने का कोई न कोई कारण है।

सीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 11 दिव्यांगजनों के अलावा 4 ओलंपिक खिलाड़ियों को भी राज्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ. अंबेडकर अस्पताल और गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित पत्रिका के विमोचन के साथ-साथ पेंशनरों की सुविधा के लिए 'धरोहर' मोबाइल एप भी लांच किया। इस दौरान उन्होंने कहा, आज का पुरस्कार समारोह मेरे लिए एक भावनात्मक और आध्यात्मिक अनुभव था। पुरस्कार विजेताओं में से प्रत्येक ने अपने जीवन में कुछ हासिल किया है, कोई व्हीलचेयर पर बैठकर बैडमिंटन खेलता है, कोई प्रेरक वक्ता है। उनमें से प्रत्येक की कहानी बहुत प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने पुरस्कार विजेताओं की सराहना की और कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ उन्होंने अपनी कमजोरी को ताकत में बदल दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने अपनी दिव्यांगता को ताकत में बदला और शारीरिक रूप से सक्षम लोगों को भी पीछे छोड़ दिया।

### केजरीवाल ने जारी किया धरोहर मोबाइल एप

पेंशन लाभार्थियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने धरोहर एप भी लांच किया। धरोहर एप पर सभी पेंशन लाभार्थियों को सभी सूचनाएं पहुंचाने में मददगार है। इस पर पेंशन लाभार्थी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं, जिनका तुरंत निदान कराया जाएगा। लाभार्थी अपनी फोटो के साथ नाम, मोबाइल नंबर, आधार नंबर और जिले का नाम दर्ज कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद एप पर मौजूद सभी सुविधाओं का लाभ लिया जा सकेगा। इस एप के जरिए पेंशन लाभार्थी की सूची, पेंशन की मिलने की जानकारी और पिछले तीन महीने की पेंशन की जानकारी मिल सकेगी। एप के जरिए लाभार्थी जीवन प्रमाण पत्र, खाता नंबर आदि में संशोधन के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं।

# प्रदूषण रोकने को हरियाणा पराली जलाने पर लगाए रोक : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को मांग की कि हरियाणा की सरकार को पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सक्रियता से उपाय करने चाहिए, क्योंकि राज्य में पिछले साल की तुलना में इस वर्ष इन घटनाओं में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति देखी जा रही है।

आप की हरियाणा ईकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका ककड़ ने संवाददात सम्मेलन में आरोप लगाया कि हालात पर काबू पाने में हरियाणा सरकार निष्क्रियता बरत रही है। उपग्रह से ली गईं तस्वीरें संकेत करती हैं कि इस वक्त पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति है। जब सरकार ने दावा किया है कि उसने इन्हें रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं तो ऐसा क्यों हो रहा है। हरियाणा सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि लोगों को प्रदूषण के दुष्प्रभावों का सामना न करना पड़े।

प्रियंका ककड़ ने इस समस्या से निपटने के लिए पंजाब और दिल्ली सरकार की ओर से उठाए गए विभिन्न उपायों का हवाला दिया। उन्होंने कहा, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक इच्छा शक्ति और दिल्ली के लोगों के निरंतर प्रयासों का ही नतीजा था कि हाल में संसद में रखे गए आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 में कहा गया है कि 2021 में पीएम 2.5 सांद्रता 22 प्रतिशत कम हो गई जबकि पीएम 10 सांद्रता 27 फीसदी घट गई।

# इराक के एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गुरुग्राम में बोन मैरो कैंसर के उपचार से मिला जीवनदान

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

### बोन मैरो ट्रांसप्लांट करके चिकित्सकों ने परिवार को दी खुशी

### तीनों ही बच्चे थैलीसीमिया से भी ग्रस्त थे

**दुर्भाग्य** से एक ही इराकी परिवार के थैलेसीमिया से ग्रसित तीन बच्चों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएलटी) करके गुरुग्राम के डॉक्टर्स ने जीवनदान दिया। इन मरीजों की उम्र 10 वर्ष, 13 वर्ष और 19 वर्ष है। इतनी कम उम्र में ही इराक में इन तीनों में थैलेसीमिया मेजर की पुष्टि हुई थी।

फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम में इन्हें प्रिंसीपल डायरेक्टर एवं हेड पिडियाट्रिक हिमेटोलॉजी, पिडियाट्रिक हिमेटो ओंकोलॉजी एंड बीएमटी डॉ. विकास दुआ तथा अन्य एक्सपर्ट डॉक्टरों की देख-रेख में रखा गया था। जहां मैच्ड सिब्लिंग डोनर हिमेटोपोएटिक स्टैम सैल ट्रांसप्लांट कर इन मरीजों को डॉक्टरों ने नई जिंदगी दी गई। मरीजों की जीवनरक्षा के लिए डोनर भी इराक से भारत (गुरुग्राम) में आए। डॉ. दुआ ने बताया कि थैलेसीमिया मरीजों को काफी कम उम्र से


बीएमटी उपचार के बाद चिकित्सकों की टीम के साथ प्रसन्न तीनों बच्चे।

(करीब छह माह की उम्र से) ही मंथली ब्लड ट्रांसफ्यूजन यानि हर महीने नया खून चढ़ाने की जरूरत होती है। ऐसे में वक्त के साथ उनके खून में आयरन ओवरलोड हो जाता है। जिसकी वजह से बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रक्रिया की जटिलता और भी बढ़ जाती है। इन तीनों इराकी मरीजों को मैच्ड सिब्लिंग डोनर स्टैम सैल ट्रांसप्लांट के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। तीनों मरीजों का उपचार करने के 14 दिनों के भीतर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**थैलेसीमिया में शरीर सामान्य से कम हिमोग्लोबिन बनाता है :** थैलेसीमिया ऐसा ब्लड डिसॉर्डर है, जिसमें शरीर सामान्य से कम हिमोग्लोबिन बनाता है। यह जेनेटिक ब्लड डिसॉर्डर है, जो जीन्स के जरिए माता-पिता से उनके बच्चों को मिलता है। इराक से इलाज के लिए भारत आए इन तीनों मरीजों का सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट इस बात का सबूत है कि देश में थैलेसीमिया मरीजों के लिए उन्नत मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर और उपचार की किफायती सुविधाएं उपलब्ध हैं। दुर्भाग्यवश इस बारे में लोगों को काफी कम जानकारी है।

डॉ. विकास दुआ ने दुर्लभ बीएमटी प्रक्रिया के बारे में बताया कि इन तीनों मरीजों के मामले में एक खास बात यह थी कि इनकी उम्र काफी कम थी। साथ ही बहुत छोटी उम्र से ही ब्लड ट्रांसफ्यूजन के चलते इनके शरीर में आयरन ओवरलोड काफी ज्यादा था। इसकी वजह से मरीजों के हार्ट और लीवर को नुकसान पहुंच सकता था। लोगों को यह समझना चाहिए कि जितनी जल्दी बीएमटी ट्रांसप्लांट होगा, उतनी जल्दी मरीजों के बचने और कम से कम जटिलताओं की संभावना होगी। प्रिंसीपल डायरेक्टर एंड चीफ बीएमटी डॉ. राहुल भार्गव ने बताया कि देश में थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चों की काफी संख्या है।

# हरियाणा के प्राइमरी स्कूलों में राम लीला के माध्यम से संस्कारी बनेंगे बच्चे

### स्कूलों में स्वयं राम लीला करके कला व संस्कृति को जानेंगे बच्चे

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**हरियाणा** के प्राइमरी सरकारी स्कूलों में राम लीला के माध्यम से बच्चों को अपनी कला और संस्कृति से जोड़कर संस्कारी बनाया जाएगा। सिर्फ जोड़ा ही नहीं, बल्कि राम लीला के संवाद से उनकी भाषा में भी सुधार करके निपुण बनाया जाएगा। इसके लिए स्कूलों में राम लीला की रिहर्सल शुरू हो चुकी है। रिहर्सल के बाद स्कूलों में बच्चों की राम लीला होगी। अभिभावक भी अपने बच्चों को अपनी कला एवं संस्कृति में निपुण होता देखेंगे।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से कहा गया है कि रामायण एक कहानी से ज्यादा अपने परिवार को प्यार, सम्मान देने, अपने वचनों को पूरा करने, मर्यादा का पालन करे, कमजोरों की रक्षा करने जैसे मूल्यों के महत्व को प्रदर्शित करने का एक शैक्षिक माध्यम है। इसी उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी प्राइमरी स्कूलों में निपुण बाल राम लीला मंचन की योजना बनाई गई है। स्कूलों में राम लीला का शेड्यूल भी जारी किया गया है। जिसके अनुसार स्कूलों में शिक्षक बच्चों को राम लीला की तैयारी कराई जा रही है। शेड्यूल के अनुसार निपुण राम लीला के दृश्यों, संवाद का 15 अक्टूबर तक अभ्यास कराया जा रहा है। 15 अक्टूबर विश्व छात्र


गुड़गांव गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में राम लीला की रिहर्सल करती छात्राएं।

दिवस के उपलक्ष्य में 16 अक्टूबर को स्कूलों में निपुण मेला होगा, जिसमें निपुण बाल राम लीला प्रस्तुत की जाएगी। निपुण राम लीला में भाग लेने के लिए कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### राम लीला के 5 छोटे दृश्यों पर होगी लीला

**राजकीय** कन्या प्राथमिक पाठशाला गुड़गांव गांव की मुख्य अध्यापिका राज कुमारी ने बताया कि रामलीला के मंचन के लिए पांच छोटे दृश्य लिए गए हैं, जिन पर बच्चों को निपुण राम लीला के लिए तैयार कर रहे हैं। विभाग के निर्देशानुसार इन पांच दृश्यों में से किसी भी एक दृश्य पर मंचन के लिए चुना गया है। इनके अलावा कोई दृश्य का चयन करने के लिए कक्षा 6 की बाल राम कथा पुस्तक का विकल्प दिया है। निर्देश यह भी दिए गए हैं कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को राम लीला में प्रतिनिधित्व दिया जाए। कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवी की तुलना में पहली व दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को छोटे संवाद दिए जाएं, ताकि वे आसानी से याद करके बोल सकें।

### अभिभावकों को भी दिखाएं बच्चों की राम लीला

**विभाग** की ओर से स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि स्कूलों में बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली राम लीला को देखने के लिए उनके अभिभावकों और समाज के अन्य लोगों को स्कूल में आमंत्रित करें। इससे विद्यार्थियों का उत्साह भी बढ़ेगा और उन्हें प्रेरणा भी मिलेगी। स्कूल के अध्यापक निपुण राम लीला की 4-5 मिनट वीडियो रिकॉर्डिंग भी करें और उसे ट्वीटर एवं फेसबुक के माध्यम से शेयर भी करें। स्कूली अपनी वीडियो को ऑनलाइन शेयर करते समय शिक्षा विभाग के संबंधित सोशल मीडिया पेजों के साथ टैग करें, ताकि विभाग के पास डाटा के रूप में स्कूल में हुई राम लीला की जानकारी दर्ज हो सके।

# राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में खिलेगा कमल : ओमप्रकाश धनखड़

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पांच राज्यों में होने वाले चुनावों को लेकर कहा कि लोकतंत्र में चुनाव उत्सव की तरह होते हैं। भाजपा चुनावी उत्सव के लिए पूरी तरह से तैयार है। पांच राज्यों के मतदाता अमृत काल में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मतदान करेंगे। इन पांचों राज्यों में कमल खिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकार बनाएगी और आगामी पांच वर्षों के लिए जन आकांक्षाओं के अनुरूप सेवा भाव से काम करेगी। धनखड़ ने कहा कि भाजपा और अन्य राजनीतिक पार्टियों में बहुत बड़ा फर्क है। कुछ राजनीतिक दल वंशवाद को आगे बढ़ाने के लिए राजनीति कर रहे हैं और कुछ सत्ता हथियाने के लिए। भाजपा के लिए सत्ता जन और देश सेवा का माध्यम है। पीएम मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां जनकल्याण योजनाएं तेजी से पूरी


ओमप्रकाश धनखड़।

होती हैं। बीते 9 साल में जहां-जहां भाजपा की डबल इंजन सरकार है, वहां-वहां गरीब कल्याण योजनाएं तेजी से अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंची हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस व अन्य दलों की सरकारें हैं, उनका एक ही एजेंडा है कि किसी भी तरह से मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल न होने देना है। परिवारवाद पर हमला बोलते हुए धनखड़ ने कहा कि इस बार जनता परिवारवादियों को पूरी तरह से नकार देगी। मोदी सरकार सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रही है। आज दुनिया भर में भारत की प्रगति और विकास की चर्चा हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को पुलिस दे रही हर तरह के क्राइम से बचने का ज्ञान


इंडो टेक मैगनेटिक लिमिटेड सेक्टर-8 मानेसर में महिलाओं को जागरुक करती पुलिस।

**गुरुग्राम।** वैसे तो पुलिस का काम सुरक्षा का है, लेकिन पुलिस इन दिनों एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने का ज्ञान दे रही है। साथ ही महिला विरुद्ध अपराध, 112 ऐप, दुर्गा शक्ति समेत अन्य कई तरह के अपराधों के प्रति जागरुक किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार डायल 112 महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष एप्लिकेशन बनवाया गया है। इस विशेष ऐप के माध्यम से महिलाओं को इस ऐप पर उनकी डिटेल्स नाम, मोबाइल नंबर, पता एक बार अपडेट करना होगा, ताकि महिलाओं की सुरक्षा करने में मदद की जा सके। किसी भी समय असुरक्षित स्थिति महसूस करने पर पुलिस के द्वारा महिलाओं की मदद जा सके। इस ऐप के बारे में अधिक जानकारी देने व अधिक से अधिक बच्चों/महिलाओं को इस ऐप से जोड़ने के लिए महिला थाना प्रबंधक मानेसर निरीक्षक आरती की पुलिस टीम व दुर्गा शक्ति की टीम द्वारा इंडो टेक मैगनेटिक लिमिटेड सेक्टर-8 मानेसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से कंपनी मे उपस्थित लड़कियों/महिलाओं और कंपनी के स्टॉफ व कर्मचारियों को साइबर क्राइम बारे, डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति ऐप, महिलाओं/बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों व साईबर अपराधों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### विवाहिता 9 माह के मासूम बच्चा संग संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी में विवाहिता अपने 9 माह के मासूम बच्चा संग सदिग्ध हालत में लापता हो गई। पीडित पति ने भोंडसी थाना में पत्नी व मासूम बेटा के लापता होने का मामला दर्ज कराया है। मूलरुप से जिला नूंह का गांव अडबर व हाल में स्नेह विहार भोंडसी निवासी राजेन्द्र ने पुलिस को बताया कि उसकी छह साल पहले शादी हुई थी। उसके दो बेटे है। बेड़ा बेटा 3वर्ष का तथा दूसरा बेटा 9 माह का है। मंगलवार को उसने घर से दूर होने पर पत्नी सपना को फोन करके खाना तैयार करने को कहते हुए काट दिया था। उस समय उसकी पत्नी घर पर ही थी। करीब 20 मिनट में वह घर पहुंचा। वहा पर उसका 3 वर्षीय बेटा खेल रहा था। लेकिन उसकी पत्नी सपना व 9 माह का बेटा गायब थे। आस पास देखने पर उनका कोई सुराग नहीं लगा। वह 3 अक्तूबर से अब तक पत्नी व बेटा को तलाश करता रहा। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने राजेन्द्र की शिकायत पर मामला दर्ज करने के बाद मां व बेटा की तलाश शुरु कर दी है।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा जारी


मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**गुरुग्राम।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा को मानेसर नगर निगम क्षेत्र में आमजन का भरपूर योगदान मिल रहा है। आमजन हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं। इस अमृत कलश यात्रा की शुरुआत 3 अक्टूबर से हुई थी। मानेसर नगर निगम के विभिन्न गांवों में यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को यह यात्रा निगम के गांव ढ़ाणा के शहीद पार्क में आयोजित की गई। इस यात्रा में शामिल होने वाले आमजनों ने अपने घरों से मिट्टी व चावल लाकर अमृत कलश में एकत्रित किए। भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों के साथ यात्रा निकाली गई। मंगलवार को यह यात्रा गांव मानेसर के तिरंगा पार्क में आयोजित की जाएगी। 13 अक्टूबर को यात्रा का समापन मानेसर के शहीद पार्क में होगा।

### लंबी लाइनों से बचने के लिए स्वस्थ हरियाणा एप का करें इस्तेमाल

**गुरुग्राम।** नागरिक अस्पतालों में स्वास्थ्य जांच के लिए आप भीड़भीड़ व लंबी लाइनों से बच सकते हैं। इसके लिए स्वस्थ हरियाणा एप का इस्तेमाल करें। इस एप के माध्यम से मरीज प्रदेश के किसी भी नागरिक अस्पताल में इलाज करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। यह एप गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। इस एप के माध्यम से अस्पताल में जाने से पहले मरीज घर बैठे अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवा पाएंगे, जिससे अस्पतालों में लोगों की भीड़ का सुव्यस्थित तरीके से प्रबंधन किया जा सकेगा। मरीज को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा, वह सीधा जाकर अपने डाक्टर के पास इलाज करवा सकता है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि डाक्टर द्वारा लिखे टेस्ट और जो भी रिपोर्ट होगी, मरीज उसे इस एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर देख सकेगा। इस एप में मरीज की सारी हिस्ट्री स्टोर रहेगी। इस मोबाइल एप में और भी कई सुविधाएं हैं जिनमें ब्लड बैंक की जानकारी, जच्चा बच्चा देखभाल और टीकाकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने एप की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि एप के माध्यम से मरीज अपना एडवांस रजिस्ट्रेशन करवाने के साथ ही अपना भूतपूर्व रजिस्ट्रेशन का रिकार्ड भी देख पाएंगे।

# नगर परिषद सीमा क्षेत्र में तंग गलियों में से कूड़ा उठाने के लिए खरीदे 25 रिक्शा

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगर** परिषद प्रशासन ने अब शहर की तंग और छोटी-छोटी गलियों को भी गंदगी मुक्त बनाएंगा। ऐसे स्थानों में से कूड़ा को उठाने के लिए रिक्सा खरीदे है। प्रत्येक वार्ड में एक-एक रिक्सा सफाई कर्मियों को सौंपी दिया है।

नगर परिषद प्रशासन ने शहर की आम रास्तों के साथ-साथ छोटे और तंग गलियों को भी गंदगी मुक्त बनाने का फैसला लिया है। इसके लिए सभी 21 वार्डों में एक-एक रिक्सा सौंपा गया है। उक्त रिक्सा से सफाई कर्मी उन रास्तो में से गंदगी व कूड़ा-करकट को भरकर निकालेगा। जहां पर कूड़ा उठाने वाले छोटें वाहन नहीं पहुंच पाते है। इसके साथ-साथ आस पास कोई अस्थाई कूड़ा केन्द्र नहीं बना है। उक्त रिक्सा में भरा कूड़ा आसानी से नजदीक के कूडा केन्द्र


सोहना नगर परिषद द्वारा कूड़ा उठाने के लिए खरीदा गया रिक्शा।

तक पहुंचाया जाएगा। एक बार में 50 से 70 किलोग्राम कूड़ा को भरने के बाद आसानी से खिंचा जा सकता है।

**नालियों से निकली गंदी को उठाना आसान :** ऐसे के अंदर आबादी क्षेत्र की तंग गलियों में से नालियों की सफाई ताक कर दी जाती है। लेकिन नालियों से निकाला कूडा को दूर खड़ा वाहन तक पहुंचाना आसान नहीं होता है। ऐसे स्थान पर रिक्सा में नालियों से निकले कूड़े को भरकर बड़े वाहन तक पहुचाना आसान होगा। नालियों से निकाला गया कूड़ा दो से चार दिन तक आम रास्ते पर पड़ा रहता है यह कूडा सूखने के बाद वापस नाली में चला जाता है।

**एक रिक्शा की कीमत 25 हजार :** जानकारी के अनुसार सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए खरीदे गए रिक्सा में से एक की कीमत लगभग 25 हजार रुपये बताई जा रही है। जिससे नगर परिषद ने करीब 5 लाख 25 हजार रुपये में 21 रिक्सा खरीदे है। रिक्सा से सफाई कर्मियों को तंग गलियों में से कूडा को उठाना आसान होगा। नालियों के ऊपर निकाला हुआ पड़ा रहने वाले कूड़े को 24 घंटा में उठाना आसान होगा। शहर की छोटी से छोटी गली व आम रास्ता कूडा तथा गंदगी रहित नजर आएगा। **( सतेन्द्र यादव-सफाई इंस्पेक्टर नप )**

# निजी अस्पताल से लेकर ओयो, कोचिंग सेंटर संचालकों के पास नहीं है फायर लाइसेंस

**एन रोहिल्ला। सोहना**

### निजी संस्थान मालिक और संचालक यहा आने वाले नागरिकों की जिन्दगी से कर रहे है खिलवाड़

**शहर** में खुले निजी अस्पताल व संस्थानों में 98 फीसदी के पास आग घटना से लेकर सुरक्षा के प्रबंध सही नहीं है। इन संस्थानों में लगे आग की घटना से निपटने वाले उपकरणों की कभी भी जांच नहीं कराई जाती है। न ही निजी संस्थानों के पास लाइसेंस है। शहर के आम लगी मौहल्ला से लेकर आबादी क्षेत्र, बाजार, मख्य रास्ते-सड़क किनारे खुले अस्पताल, ओयो और कोचिंग सेंटरों में आग की घटना से निपटने के लिए कड़े प्रबंध नहीं है। निजी संस्थानों में लगे आग पर काबू पाने वाले उपकरण मात्र दिखा बनें हुए है। क्योकि इन उपकरणों की अग्निशमन विभाग से न तो कभी जांच कराई जाती है। न ही इनका स्टाफ को आग की घटना घटित होने पर उससे निपटने के लिए प्रशिक्षण दिलाया जाता है। जिससे निजी संस्था मालिक व संचालक लोगों की जान की प्रवाह किए बिना अपनी भी जान जोखिम में डालकर बैठें है।

**किसकी कितनी संख्यां :** शहर की तंग गलियों से लेकर खुले में चलने वाले आयो की संख्या 20 से 22 है। कंप्यूटर केन्द्र 20, कोचिंग केन्द्र 10, मान्यता व गैरमान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या। 20 से 25 और निजी अस्पतालो की संख्या भी 25 के लगभग है। जिनमें से मात्र ही दो ही निजी अस्पतालों संचालकों ने अग्निशमन विभाग से लाइसेंस लिया है। इन निजी संस्थानो में हर दिन 10 से 1000 लोग कार्य संबंधित आते है।

> “ **निजी** संस्था ऑनलाइन या खंड कार्यालय के माध्यम से लाइसेंस लेने की अनुमति के लिए आवेदन कर सकते है।
> **( जयवीर भड़ाना-सोहना कार्यालय अग्निशमन विभाग )**

> “ **जिन** निजी संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंधों की जांच कराई जाएगी। इसके अलावा लाइसेंस न लेने वालों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएग। जिसके लिए टीमों का चयन कर लिया है।
> **( गुलशन कालडा-उपसहायक निर्देशक-जिला अग्निशमन विभाग )**

# आध्यात्मिकता मानवता को सुंदर बनाती है: माता सुदीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**आध्यात्मिकता** व्यक्ति के आंतरिक स्वभाव में परिवर्तन लाती है। मन अंदर से सुंदर हो जाता है, जिससे मानवता प्रभावित हो जाती है। यही आध्यात्मिकता मानवता को सुंदर बनाती है। यह वचन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने सेक्टर-91 के विशाल मैदान में उपस्थित मानव परिवार को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने फरमाया कि जब कोई ईश्वर ज्ञान से प्रबुद्ध हो जाता है तो अंतर्मन की सभी नकारात्मकताएं समाप्त हो जाती हैं, जैसे प्रकाश अंधकार को स्वत: ही दूर कर देता है। ईश्वर शाश्वत, सर्वव्यापी है और इस सर्वव्यापी का दिव्य प्रकाश सदैव प्रकाशित रहता है। इस दिव्य प्रकाश से जुड़े संत किसी भी सांसारिक प्रभाव से प्रभावित नहीं होते। संत जीवन की हर परिस्थिति में समचित रहते हैं। सतगुरु माताजी ने कहा कि ईश्वर सदैव हमारे साथ है और इस


गुरुग्राम के सेक्टर-91 में सत्संग के दौरान प्रवचन करतीं माता सुदीक्षा महाराज।

ईश्वर का ज्ञान किसी भी समय आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। सर्वशक्तिमान के साथ हमारा रिश्ता आत्मीय है और इस से जुड़े रहकर हम जीवन की आनंदमय स्थिति का अनुभव करते हैं।

सतगुरु माता जी के दिव्य वचनों से पूर्व निरंकारी राजपिता रमित जी ने भी संबोधित किया। उन्होंने एक अच्छे कार्य और मानवतावादी कार्य के बीच अंतर पर विस्तार से अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि एक अच्छा कार्य नैतिक मूल्यों, सामाजिक सिद्धांतों या दबाव, अपराधबोध या डर जैसे विभिन्न कारकों के कारण कर्तापन की भावना के साथ किया जाता है। जबकि मानवीय कार्य ईश्वर के प्रति समर्पण और किसी भी कर्तापन से रहित हैं। गुरुग्राम की संयोजक बहन निर्मल मनचंदा ने सतगुरु माता जी, निरंकारी राजपिता जी और दूर-दूराज से आए प्रभु प्रेमी सज्जनों, संतों भक्तों को धन्यवाद अर्पित किया।

उन्होंने सतगुरु के प्यार, ब्रह्मज्ञान, साधसंगत व संतों की संभाल और आशीर्वाद के लिए शुक्राना किया। सत्संग कार्यक्रम में गुरुग्राम, दिल्ली एनसीआर और आसपास से बड़ी संख्या में संतों भक्तों ने भाग लिया। इस सत्संग में ईश्वर ज्ञान के महत्व और इस परिवर्तनकारी समर्पित यात्रा से जीवन में आनंदित होने पर भजन, वक्तव्य और कविता के रूप में भाव व्यक्त किए गए।

# अब चिंटेल पैराडिसो का टावर-एच भी रहने के लिए असुरक्षित

**गुरुग्राम।** सेक्टर-109 स्थित चिंटेल पैराडिसो सोसायटी में फ्लैट की छत गिरने के बाद से यहां के टावरों की जांच चल रही है। अब यहां के टावर-एच की स्ट्रक्चर ऑडिट रिपोर्ट आईआईटी दिल्ली द्वारा जारी की गई है, जिसमें एच टावर को रहने के लिए असुरक्षित कहा गया है। जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने चिंटेल पैराडिसो के टावर-एच को खाली कराने के आदेश जारी किए है।

जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष निशांत कुमार यादव ने टावर एच में रहने वाले निवासियों को अगले 15 दिनों के भीतर परिसर खाली करने के आदेश दिए हैं। इस कार्य के लिए डीटीपी (ई) को नोडल अधिकारी एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चिंटेल पैराडिसो कॉन्डोमिनियम में नौ आवासीय टावर हैं। प्रदेश सरकार ने पिछले साल 10


सेक्टर-109 स्थित चिंटेल पैराडिसो सोसायटी।

फरवरी को टावर-डी की छह मंजिलें गिर जाने के बाद सभी नौ टावरों के संरचनात्मक ऑडिट का आदेश दिया था। इस हादसे में दो महिला निवासियों की मौत हो गई थी। आईआईटी दिल्ली की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि स्ट्रक्कर की जांच में काफी मात्रा में जंग मिला है। निर्माण के दौरान कंकरीट में क्लोराइड गया है। टावर के स्ट्रक्चरल की मेंटिनेंस के दौरान भी क्लोराइड की मात्रा गई। टावर के कंडम होने के पीछे घटिया क्वालिटी के कंक्रीट का इस्तेमाल होना पाया गया। ऐसे में इस टावर की मेंटेनेंस तकनीकी रूप से नहीं की जा सकती है। क्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण यह टावर रहने लायक नहीं है। इस मामले की पहले सीबीआई की जांच शुरू हुई।

# विधायक के साथ 196 सदस्यीय दल ने किया लोकसभा का दौरा

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला के नेतृत्व में सोमवार को 196 सदस्यीय दल ने राजधानी दिल्ली में नई और पुरानी लोकसभा का दौरा करके वहां के बारे में गहन जानकारियां हासिल की। इस दल में विधायक के अलावा शिक्षक व विद्यार्थी भी शामिल रहे। सभी ने रुचि लेकर लोकसभा का बारीकी से निरीक्षण किया।

विधायक सुधीर सिंगला ने संसद परिसर के भ्रमण के बाद कहा कि करीब 100 साल बाद देश को नया संसद भवन मिला है। यह नया भवन अगले 150 साल को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर काम ऐतिहासिक किया है। देश में इससे पहले किसी भी सरकार में ऐसे काम नहीं हुए, जिनसे देश में कई कुरीतियों का समापन हुआ हो। चाहे तीन तलाक खत्म करने की बात हो या फिर कश्मीर से धारा 370 खत्म करने


दिल्ली में लोकसभा के भ्रमण के दौरान सदस्यों के साथ विधायक सुधीर सिंगला।

की। पूरी सूझबूझ के साथ सरकार ने इन पर निर्णय लिया। सुप्रीमकोर्ट से राम मंदिर पर निर्णय हिन्दुओं के पक्ष में आने के बाद वहां भव्य राम मंदिर निर्माण कार्य शुरू करके देश में खुशी का माहौल बनाया। ये तीनों मुद्दे बहुत बड़े थे।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब नया संसद भवन बनाकर पीएम मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किया है। संसद के निर्माण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया था। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज हम राम राज्य में रह रहे हैं। काम अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर विधायक के साथ बीडी शर्मा, अशोक यादव, आरपी सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, सुंदर सिंह, जगदीप सिंह, ज्ञान देवी, साक्षी तिवारी, जितेंद्र यादव, पूनम जखर, डॉ. अशोक कुमार, आरजू, मोहित चौहान व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# सिटी बस सेवा के तहत ग्रेटर फरीदाबाद में नहीं हैं पर्याप्त बसें

## स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद को शहर से जोड़ने के लिए सिटी बस सेवा को शुरू किया गया था, लेकिन बसों की संख्या कम होने की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बसों की संख्या बढ़ाने को लेकर सोसाइटी के लोगों द्वारा कई बार एफएमडीए और प्रशासन को अवगत करवाया, लेकिन बसों की संख्या को नहीं बढ़ाया गया।

ग्रेटर फरीदाबाद पूर्वी हिस्से में बस है। मूल रूप से फरीदाबाद पश्चिम दिशा में है, लेकिन नहर पार स्थित गांवों की जमीनों पर ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियां बनने लगीं, उसके बाद उसे ग्रेटर फरीदाबाद का नाम दे दिया गया। ग्रेटर फरीदाबाद में 50 से ज्यादा ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों के अलावा हाल ही में शामिल 24 गांव भी हैं। ग्रेटर फरीदाबाद के लोगों को शहर से जोड़ने के लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकार द्वारा शुभगमन के नाम से सिटी बस सेवा को शुरू किया गया है। एफएमडीए की ओर से करीब 50 सिटी बसें विभिन्न रूटों पर चलाई जा रही हैं। जिसमें से दो रूट ऐसे हैं, जोकि ग्रेटर फरीदाबाद में चल रहे हैं। उनमें से एक बस को सड़क की जर्जर हालत होने की वजह से आधे रूट तक चलाया जा रहा है।



दोनों रूटों पर आठ बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन वह बसें भी समय सारणी के अनुसार नहीं आती हैं। इस वजह से लोगों को परेशानी होती है। सिटी बस की शुरुआत के साथ ग्रेफ के लोगों को राहत देने की बात कही गई थी, लेकिन इस पूरी सुविधा से अछूते है। ऐसे में लोग मजबूर महंगा किराया देकर ऑटो से सफर कर रहे हैं। लंबे समय से लोग सेक्टर 75-89 के बीच सिटी बस सेवा की मांग कर रहे हैं। एफएमडीए की ओर से ग्रेटर फरीदाबाद की बजाए नेशनल हाईवे के रूटों पर बसों के संचालन को बढ़ाया जा रहा है। इसको लेकर कई बार एफएमडीए को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

> सिटी बस गिने चुने रूट पर ही चल रही हैं। शहर में बसों का संचालन शुरू हुए एक साल बीत जाने के बाद भी इसकी पहुंच नहीं बन पा रही है। नौकरी पेशा वाले लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है।
>
> **-अरुण तंवर, ग्रेटर फरीदाबाद**
>
> नहर पार से फरीदाबाद व बल्लभगढ़ के लिए सीधी बस सेवा नहीं मिल पाती है। जिसके कारण लोगों को ऑटो के जरिए गंतव्य तक पहुंचते है। इसमें काफी किराया भी खर्च होता है, महिलाएं भी परेशान होती हैं।
>
> **-पीयूष मिश्रा, ग्रेटर फरीदाबाद**
>
> बसों की संख्या में अगर इजाफा होता है तो नए रूट को बनाया जाएगा, जिसमें ग्रेटर फरीदाबाद भी शामिल होगा। जिसके बाद उस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होगी।
>
> **-मनीष त्यागी, डिपो इंचार्च**

# विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, पति-ससुर हुए फरार

## भाई बोला, दहेज में कार न मिलने पर की हत्या, केस दर्ज



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**माला** सिंह का फार्म गांव में विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आरोप है कि दहेज में कार या पांच लाख रुपए नहीं दिए तो ससुराल वालों ने फंदा लगाकर उसकी हत्या कर दी और घर से फरार हो गए। पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर उसके पति व ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाश चंद भड़ाना के अनुसार, जिला अलवर राजस्थान के लाडमका गांव निवासी सुरेश ने दी शिकायत में कहा है कि उसने अपनी छोटी बहन नीलम की शादी तीन वर्ष पहले माला सिंह फार्म गांव निवासी रविंद्र के साथ की थी। शादी में दान-दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष खुश नहीं था और शादी के बाद से उसकी बहन के साथ मारपीट कर ऑल्टो कार या पांच लाख रुपए की मांग करने लगे।

सुरेश का कहना है कि उन्होंने दो माह पहले ही करीब 1.70 लाख रुपए का फर्नीचर दिया था। सात अक्टूबर को उसकी बहन पर उसके पति रविंद्र ने आरोप लगाया था कि शादी में मिले सोने के कुंडल नीलम ने गायब कर दिए, जबकि रविंद्र सोने के कुंडलों को बेच आया था। रविंद्र ने इसी बात पर नीलम के साथ मारपीट की।

मारपीट के बाद कहा कि अपने परिजनों से या तो ऑल्टो कार या पांच लाख रुपए लेकर आ। आठ अक्टूबर को रविंद्र ने उसके छोटे भाई मंजीता के पास फोन कर कहा कि नीलम ने फांसी लगा ली है, जल्दी आ जाओ। वह अपने परिजनों के साथ माला सिंह का फार्म गांव पहुंचा तो नीलम मृत अवस्था में चारपाई पर पड़ी हुई थी। रविंद्र व उसके पिता कर्म सिंह गायब थे।

नीलम के भाई का आरोप है कि रविंद्र व उसके पिता कर्म सिंह ने उसकी बहन की हत्या की है। हत्या करने के बाद दोनों फरार हो गए। पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर रविंद्र व कर्म सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## 13 व 27 अक्टूबर को होगी सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा

**पलवल।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अंशु सिंगला के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यातायात थाना पलवल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पलवल के सभी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई इत्यादि में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता होगी। पहले राउंड में 13 अक्टूबर व दूसरे राउंड में 27 अक्टूबर को परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। यह परीक्षा चार स्तरों में होगी। पहले लेवल में कक्षा तीन से पांच तक के विद्यार्थी, लेवल दो में कक्षा छह से आठ तथा लेवल तीन में कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। यह प्रतियोगिता चार स्तरों, जिसमें ब्लॉक स्तर, उपमंडल स्तर, जिला स्तर व राज्य स्तर पर की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को उपमंडल स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। उपमंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा और पुरस्कृत किया जाएगा।

# पलवल पहुंची संविधान बचाओ भारत बचाओ आंदोलन की गूंज



**पलवल।** संविधान बचाओ-भारत बचाओ आंदोलन की गूंज दिल्ली के साथ साथ हरियाणा के पलवल में भी पहुंच गई। जिसमें आम आदमी पार्टी के जिला लीगल सेल पलवल के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष अब्दुल कयूम के आह्वान पर अन्य सामाजिक संगठनों के अधिवक्ताओं ने भी अपने नाम एनरोलमेंट नंबर व हस्ताक्षर कर मुहिम को अपना समर्थन दिया और पदयात्रा में मौजूद होकर समर्थन देने का ऐलान किया।

उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता प्राप्त करने और एक लोकतांत्रिक प्रणाली स्थापित करने के लिए अधिवक्ताओं द्वारा निस्वार्थ संघर्ष ने इस देश को अपनी आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए एक सार्वजनिक भागीदारी सरकार के लिए एक औपचारिक दस्तावेज के रूप में भारत का संविधान देश को दिया। 284 सदस्यों वाली संविधान सभा ने औपनिवेशिक संरचना और मानसिकता को निरस्त करने के लिए इस दस्तावेज को मंजूरी दी। आदर्श भारत के नजरिए के तहत, अन्य बातों के साथ-साथ, विविधता में एकता, मानवाधिकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्ष विशेषताओं, अवसर की समानता और कानून के शासन को लागू करने और पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष प्रावधान रखे गए।

संविधान में लोगों को न्याय प्रदान करने के लिए एक स्वतंत्र न्यायिक प्रणाली को भी स्थापित किया गया और एक प्रहरी के रूप में भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना की गई। आज जब संविधान की मूल संरचना और इसकी विशेषताओं को ध्वस्त करने के लिए खुले प्रयास किए जा रहे हैं तो संविधान और उसके लोकाचार की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

# अवैध शराब की 18 पेटियों सहित तस्कर गिरफ्तार



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**डिटेक्टिव** स्टाफ पलवल की टीम ने गाड़ी में अवैध शराब ले जाते एक तस्कर को दबोचा है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक पुलिस कप्तान डॉ. अंशु सिंगला के निर्देश अनुसार पलवल पुलिस अवैध गतिविधियों एवं अवैध शराब तस्करी पर लगातार शिकंजा कस रही है। इसी मुहिम में डिटेक्टिव स्टाफ पलवल की टीम ने गाड़ी में अवैध शराब की 18 पेटियां ले जाते हुए आरोपी तस्कर को गिरफ्तार किया है।

डिटेक्टिव स्टाफ पलवल प्रभारी उप निरीक्षक रामवीर सिंह ने बताया की रात्रि गश्त पर हड़ताल के दौरान टीम में तैनात हेड कांस्टेबल समीम एवं छोटू राम ने सूचना के आधार पर थाना सदर पलवल क्षेत्र अंतर्गत गांव दीघोट अड्डा पर नाकाबंदी कर गाड़ी में अवैध शराब की 18 पेटियां, जिनमें 12 पेटी देशी एवं चार पेटी बीयर तथा दो पेटी अंग्रेजी शराब शामिल है, ले जाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी बरामद शराब के बारे मे लाईसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। बरामद शराब व गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक को गिरफ्तार कर सदर थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। चालक को पुलिस पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर लेगी, ताकि शराब तस्करी में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सके।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

**पलवल।** स्थानीय गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविधालय में इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभागों के संयुक्त तत्वावधान व आईक्यूएसी के निर्देशन में समसामयिक महत्व के विषय सांप्रदायिक सौहार्द की आवश्यकता एवं महत्व पर एक अंत:महाविद्यालीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कक्षाओं एवं संकायों के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. मीना कुमारी, डॉ. बलकार सिंह और डॉ. सतीश देशवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल के गहन निरीक्षण और परीक्षण के बाद बीए द्वितीय वर्ष के छात्र पूर्ण ने प्रथम, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा हेमलता तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर बीए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी प्रीति और नरेंद्र रहे। राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजबीर सिंह और इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. रणबीर सिंह ने सफलतापूर्वक प्रतियोगिता का संचालन किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रतिभा सिगंला ने धन्यवाद किया।

# सद्गुरु बाबा नानू जी महाराज का 69वां वार्षिक यज्ञ महोत्सव संपन्न



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**श्री उदासीन** साधु आश्रम मोहना रोड़ बल्लभगढ़ में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रद्धांजलि सभा सतगुरु बाबा नानू जी महाराज की पुण्य स्मृति में एक से आठ अक्टूबर तक चल रहे महायज्ञ में कथा व्यास रवि शंकर जी महाराज ने कलयुग में नाम जप की महिमा को बताया।

श्रीमद् भागवत सब ग्रंथों का सार है, सभी पुराणों में श्रीमद् भागवत महापुराण को विशेष दर्जा दिया गया है। इसमें सृष्टि के आरंभ से लेकर अंत तक का वर्णन है। सात दिवसीय इस महायज्ञ में स्वामी कामेश्वर दास जी महाराज वेदांताचार्य, श्री 108 महामंडलेश्वर डॉक्टर स्वामी विवेकानंद जी महाराज, भगवत धाम हरिद्वार, श्री 108 महामंडलेश्वर स्वामी श्री धर्मदेव जी महाराज हरि मंदिर पटौदी, श्री 108 स्वामी रामानंद जी महाराज दिल्ली, श्री 108 स्वामी सुमेधानंद जी महाराज किशोरी निवास वृंदावन, आचार्य स्वामी अरुण दास जी महाराज हरिद्वार, स्वामी रविन्द्रानंद जी भगवत धाम हरिद्वार, पंडित प्रहलाद मिश्र जी शाहाबाद मारकंडा, स्वामी पुरुषोत्तमानंद गिरि जी महारा, ब्याना, साध्वी बहन करुणा गिरी जी अमृतसर, पंडित बनवारी लाल शर्मा रामायणी, हरसज्जन दास जी महाराज दयालपुर द्वारा धर्म के पर चर्चा की गई। प्रवचनों के बाद सभी के लिए सुंदर भंडारे की उदासीन आश्रम की तरफ से व्यवस्था की गई और साथ ही साथ समाज के गणमान्य लोगों के साथ हरियाणा सरकार के केबिनेट मिनिस्टर के भाई टिपर चंद शर्मा पधारे।

उन्होंने संतो से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदासीन साधु आश्रम के सभी ट्रस्ट पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग रहा। सभी तन, मन, धन से प्रभु सेवा में समर्पित थे। उनके उत्साह व समर्पण की सभी संत समाज ने प्रशंसा की।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई अपनी बहुमुखी प्रतिभा

## शहीद ऋषिराज स्मृति दिवस मनाकर अनेक कार्यक्रम किए आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**शहीद** ऋषिराज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समिति सोंदहद द्वारा 21वां शहीद ऋषिराज वार्षिक स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर को बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को समर्पित करते हुए विद्यालय परिसर में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सरकारी अस्पताल सोंदहद द्वारा बाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध-लेखन, चित्रकला एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में विद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

निबंध-लेखन एवं चित्रकला के माध्यम से शहीद ऋषिराज के बड़े पुत्र डॉ. मनोज कुमार जोकि स्वयं भी जीव-विज्ञान विषय में पीएचडी कर चुके हैं और बच्चों को अच्छी शिक्षा के तरफ़ प्रेरित करने का उद्देश्य रखते हैं, इन प्रतियोगिताओं के शीर्षकों का चयन भी उसी सोच के अनुकूल किया गया। जैसे 6-8 कक्षाओं के लिये मेरे भविष्य का गांव,



9-10 कक्षाओं के लिए मेरी महत्वाकांक्षा और 11-12 कक्षाओं के लिए विज्ञान मेरी नजर से। बच्चों को उत्साहित करने के लिए इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके शिक्षा संबंधित वस्तुओं के रूप मे पुरस्कार भी दिए गये। स्वयं एक शोधकर्ता होते हुए एवं शिक्षा के महत्व को समझते हुए मनोज कुमार ने दिल्ली स्थित अपने विज्ञान संस्थान, सीएसआईआर-जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान से अपने मित्रों डॉ. विजय पाल सिंह जोकि सीएसआईआर-जिनोमिकी और समेत जीव विज्ञान संस्थान के एक वरिष्ठ विज्ञानिक होने के साथ-2 भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के संयुक्त निदेशक भी रह चुके हैं। डॉ. मोहम्मद अजहर जोकि डॉ. मनोज कुमार के साथ सीएसआईआर-जिनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान के द्वारा विकसित कोरोना जांच फेलुदा किट के शोध समूह के सहभागी रहे थे, को भी बच्चों के साथ प्रेणादायक बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय पाल सिंह, डॉ. मोहम्मद अजहर एवं डॉ. मनोज कुमार ने विद्यालय के बच्चों के साथ खूब बातें की एवं उन्हें खाने-पीने की महत्वपूर्ण एवं अच्छी आदतों के बारे में समझाया। इसके अलावा नई दिल्ली की एक गैर-सरकारी संस्था एलईसीआईएन जोकि जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहते है, के कुछ सदस्यों को बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए बुलाया गया। साथ ही साथ शहीद ऋषिराज के समस्त परिवार द्वारा एक नई गैर-सरकारी संस्था शहीद ऋषिकेश शैक्षिक संस्था की घोषणा की गई। जिसका उद्देश्य गांव के जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा प्राप्ति एवं स्वास्थ्य संबंधित आर्थिक सहायता के प्रति समर्पित रहेगा।

# एंग्जायटी सबसे बड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्या : डॉ. जया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तेजी** से बढती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को कम करने एवं इस बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पातल फरीदाबाद से क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट डॉ. जया सुकुल ने कहा कि आज एंग्जायटी लोगों के बीच सबसे बड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्या बन गई है।

ओपीडी में रोजाना 10-12 लोग एंग्जायटी के साथ आते हैं। इनमें 25-35 वर्ष की आयुवर्ग के सबसे ज्यादा मरीज हैं, जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में एंग्जायटी की समस्या से जूझ रहे हैं। कुछ मरीज ऑब्सेसिव कंप्लसिव डिसॉर्डर के भी आते हैं। ओसीडी-यह एक चिंता करने वाली



बीमारी है, जिसमें पीड़ित शख्स किसी बात की जरूरत-से-ज्यादा चिंता करने लगता है। एक ही जैसे अनचाहे ख्याल उसे बार-बार आते हैं और एक ही काम को बार-बार दोहराना चाहता है। 25-35 वर्ष की आयुवर्ग के मरीजों को थेरेपी की ज्यादा जरूरत होती है। इस आयुवर्ग के लोग मानसिक समस्या के लिए इलाज लेने से भी नहीं कतराते हैं, क्योंकि वे इलाज को एक स्वास्थ्य लाभ के रूप में देखते हैं। हर व्यक्ति को सोचना चाहिए कि मानसिक तनाव को नियंत्रित कर वे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते है।

**सलाह :** घबराहट और बैचैनी होना सामान्य इमोशन होते हैं। इन्हें लेकर ज्यादा चिंता न करें। एंग्जायटी के सामने कभी हार नहीं माननी चाहिए।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ




**पलवल।** केसीएम पब्लिक स्कूल बंचारी में सोमवार को स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात:काल की प्रार्थना सभा से किया गया। इस सप्ताह के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। सप्ताह की शुरुआत कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों द्वारा की गई। उन्होंने अनेक कार्यक्रमों द्वारा स्वच्छता संबंधी अनेक संदेश दिए। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा दूसरी की अध्यापिका रुचि द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा दूसरी के विद्यार्थी अंश द्वारा स्वच्छता की शपथ से की गई। जिसमें सभी छात्र व शिक्षकगण ने भी भाग लिया। इस स्वच्छता सप्ताह अभियान के अंतर्गत कक्षा केजी के विद्यार्थी रौनक, कीर्ति तथा कक्षा दूसरी की विद्यार्थी कृष्टी ने स्वच्छता संबंधी कविता की प्रस्तुति दी तथा कक्षा दूसरी की विद्यार्थी मानवी ने स्वच्छता पर एक सुंदर सुविचार प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थी अंश, लावण्या, अवनी और हर्षित ने स्वच्छता संबंधी नारे देकर स्वच्छता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कक्षा पहली व कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सहयोग से अपनी-अपनी कक्षाओं के सफाई अभियान में भी हिस्सा लिया। इस स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत पूरे सप्ताह में अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में प्रतिभागी होंगे। स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज, देव दत्त भारद्वाज व प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी नियम बताकर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और अपने आसपास सफाई रखने का संदेश दिया। जिससे सभी एक स्वस्थ वातावरण में रह सकें। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन किरण दीवान की देखरेख में किया गया।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**पलवल।** जिला अध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा पलवल जयराम प्रजापति ने बताया कि होडल मंडल में भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें कैप्टन अशोक कुमार जिला सचिव, उपाध्यक्ष डीपी सेन, वीरेंदर फौजी, बलदेव शास्त्री, राजपाल पांचाल को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ में ओबीसी की मोर्चा के कार्यकर्ता नारायण सैनी को सैनी समाज चौबीसी का प्रधान बनने पर फूल मालाओं से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे पलवल जिले के अध्यक्ष चरण सिंह देवरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज जांगड़ा, उपाध्यक्ष पुरानचंद जांगड़ा, पार्षद हुकुम प्रजापति, संतोष सैनी, महामंत्री आशीष कुमार, पलवल के मंडल अध्यक्ष राजकुमार जांगड़ा, उटावड़ मंडल ललित जांगड़ा, हसनपुर मंडल सतवीर नागर, अशोक सेन, संजय वाल्मीकि और सैकड़ों ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवनियुक्त प्रधान नारायण सैनी का किया स्वागत



**पलवल।** सैनी समाज चौबीसी पाल के प्रधान नारायण सैनी का होडल में जिला पलवल ओबीसी संगठन द्वारा फूल माला डालकर व पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, सैनी समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे। नवनियुक्त प्रधान नारायण सैनी ने कहा कि समाज द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई, उसे बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सैनी समाज का इतिहास गौरवशाली और महान है। देश की आजादी के आंदोलन में और आजादी के बाद देश के नवनिर्माण में सैनी समाज का योगदान सराहनीय रहा है। इस समाज के लोग सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी महान परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस समाज ने देश को बड़े-बड़े वीर योद्धा, बड़े कलाकार, बड़े विद्वान और अनेक खेल प्रतिभाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सैनी समाज को नई दिशा प्रदान करने के लिए गांव गांव में दौरा करेंगे और समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि समाज के युवा नशे से दूर रहे और शिक्षित बनें। समाज के हित में कार्य करें।

## धूमधाम से मनेगा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव

**फरीदाबाद।** श्री श्याम परिवार सेवा समिति तिगांव में अपना पांचवा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव शनिवार 14 अक्टूबर को मनाने जा रही है। 13 अक्टूबर सुबह 9.15 बजे निशान यात्रा व शनिवार 14 अक्टूबर राधे वाटिका तिगांव में शाम छह बजे से सुंदर भजनों का आयोजन चित्र विचित्र जी महाराज वृंदावन धाम, श्याम भैया ग्वालियर, ब्रह्मलीन किशन बाबा ग्वालियर, प्रमोद कुमार टिबड़ेवाल, अंकित शर्मा फरीदाबाद, अतुल पारीक ग्वालियर, भावना स्वरांजलि दिल्ली, शिवम शर्मा फरीदाबाद सुंदर भजनों से खाटू श्याम का गुणगान करेंगे।

## तन, मन सब मजबूत करता है कराटे : धर्मवीर भड़ाना



**फरीदाबाद।** कराटे जहां आत्म सुरक्षा के लिए अच्छा है, वहीं इस खेल से जुड़कर खिलाड़ी अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार जीत कोई मायने नहीं रखता। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने डबुआ कॉलोनी एड़ी स्कूल में आयोजित छठी दिल्ली-एनसीआर कराटे प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए व्यक्त किए। प्रतियोगिता में लगभग तीन सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि मार्शल आर्ट की नियमित प्रेक्टिस से आपकी शारीरिक शक्ति में कई गुना इजाफा होता है और रेगुलर मार्शल आर्ट की प्रेक्टिस के चलते आपके मसल्स और भी ज्यादा शक्तिशाली और मजबूत हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि मार्शल आर्ट के खिलाड़ी कभी तनाव नहीं महसूस करते। ये खिलाड़ियों को मानसिक रूप में भी मजबूत रखता है। ये शारीरिक शक्ति भी बढ़ाता है, इसलिए अपने बच्चों को मार्शल आर्ट जरूर सिखाना चाहिए। इस मौके पर प्रतियोगिता के आयोजक नासिर हुसैन और राकेश खटाना ने बताया कि टूर्नामेंट में बीआर कॉन्वेंट स्कूल ने पांच मेडल जीते, जिसमे त्रिशला ने गोल्ड मेडल, निशांत ने सिल्वर मेडल, यांशु ने सिल्वर मेडल, सनी ने ब्रांज मेडल और तान्या ने सिल्वर मेडल जीते। इसके लिए कोच हिमांशु खटाना ने स्टूडेंट्स के साथ काफी मेहनत की। नासिर हुसैन ने बताया कि वो लगातार प्रयास करते रहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा छात्र ये गुण सीखें और मेडल जीत फरीदाबाद सहित पूरे देश में नाम रोशन करें। इस मौके पर आदेश यादव, नीरज प्रेमी, सचिन चौधरी सहित स्कूल के स्टाफ के लोग भी मौजूद रहे।

# हर युवा फिल्म 'द वैक्सीन वार' देखने जरूर जाए: योगी

**● मुख्यमंत्री ने उन्नाव के डौंडियाखेड़ा में 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया**





**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/उन्नाव

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को उन्नाव के ग्राम डौंडियाखेड़ा में 804 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा राव रामबख्श सिंह की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण किया। सीएम ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार यह अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का पक्ष-पितृपक्ष है। आजादी की अलख जगाने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा रामबख्श सिंह की भव्य-दिव्य प्रतिमा के लोकार्पण का सौभाग्य मिला है। सीएम ने शारदीय नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दीं। सीएम ने यूपी के युवाओं से वैक्सीन वार फिल्म देखने का आह्वान करते हुए षडयंत्रों करने वालों को बेनकाब करने की अपील की।

सीएम ने कहा कि भारत में कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन व 220 करोड़ फ्री वैक्सीन देने का कार्य हुआ है। नई फिल्म आई है-वैक्सीन वार, इसमें आप देखेंगे कि भारत की शानदार वैज्ञानिक उपलब्धियों को लेकर भारत ने दुनिया के अंदर क्या मिसाल प्रस्तुत की है। भारत के खिलाफ षडयंत्र करने वाले शत्रुओं को बेनकाब करने वाला, भारत के महान वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए अनुसंधान व भारत को वैश्विक मानचित्र पर नया सम्मान दिलाने की नई कामना का नाम है वैक्सीन वार। हर विद्यार्थी-युवा से कहूंगा कि इस फिल्म को जरूर देखें और भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि पर गौरव की अनुभूति करें। उन षडयंत्रों को समझें, जो भारत व भारतीयता के खिलाफ की जा रही है। ऐसा करके कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं। इन लोगों को समझनेए कृत्यों को एक्सपोज करने और दुनिया के सामने बेनकाब किए जाने की आवश्यकता है। वैक्सीन वार उस दिशा में किया गया बेहतरीन प्रयास है। इन्हें जनसमर्थन प्राप्त होना ही चाहिए। मैं आह्वान करुंगा कि यूपी का हर युवा इस फिल्म को देखने जरूर जाए। जब देश महामारी से लड़ रहा था, यह लड़ाई व्यक्ति की नहीं थी। जब कैप्टन के रूप में प्रधानमंत्री लीड कर रहे थे, तब कुछ लोग दुष्प्रचार कर इस लड़ाई को कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे। वैक्सीन वार जैसी फिल्म में देश के खिलाफ होने वाले षडयंत्र व चेहरों को भी देख सकते हैं, जो देश के खिलाफ षडयंत्र करने में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतते। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्नाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण जगह है। न केवल धार्मिक व आध्यात्मिक जागरण के लिए बल्कि अनेक सुप्रसिद्ध संतों ने जन्म लेकर और कर्मभूमि बनाकर इस क्षेत्र को सदैव जीवंत बनाए रखने में योगदान दिया। अनेक विभूतियों का सानिध्य इस धरती को मिला है। इस धरा पर क्रांतिकारी नायक-महानायकों ने जन्म लिया है। अपने कृतित्व से इस धरा को धन्य करते हुए आने वाली पीढ़ी के सामने नई पहचान प्रदान की है। सीएम ने कहा कि मौजूदा काल में भारत ने दुनिया के सामने मानक बनाए हैं। पहली बार एशियन गेम्स में मेडल के रूप में भारत की सेंचुरी लगी।

पहली बार भारत ने सौ से अधिक पदक जीते। 2018 में हुए एशियन गेम्स में 70 पदक जीते थे, इस बार 107 मेडल भारत ने जीते। यह नए भारत के नए सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। जी-20 सम्मेलन हुआ तो भारत की संसद ने नारी वंदन, अभिनंदन अधिनियम भी पारित किया। संसद, राज्यों की विधान परिषद व सभाओं में 33 फीसदी आरक्षण की सुविधा महिलाओं प्रतिनिधियों को मिलेगी। इसके लिए भाजपा ने यूपी के अंदर हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक सम्मेलन करने का संकल्प लिया है। नारी शक्ति की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार। सीएम ने कहा कि राजा रामबख्श सिंह का अभियान देश की आजादी को लेकर था। 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर से सभी अवगत हैं। यूपी के लाल मंगल पांडेय ने बैरकपुर में इसका आह्वान किया तो कहीं मेरठ-झांसी, कहीं बिठूर, कहीं गोरखपुर में, कौन ऐसा क्षेत्र था जो अछूता रहा हो। एक तरफ झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तो एक तरफ तात्या टोपे के नेतृत्व में बिठूर के अंदर, राजा रामबख्श सिंह- बेनीमाधव सिंह के नेतृत्व में यह लड़ाई मजबूती से लड़ी गई।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे में धीमी प्रगति वाले जिलों को लेकर सीएम ने जताई नाराजगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● 45 जिलों में शत-प्रतिशत, 10 जिलों 99 प्रतिशत पूरा हुआ सर्वे**

**● प्रदेश में पैदा की जा रही फसलों का पूरा डेटा तैयार करा रही सरकार**

**प्रदेश** के सभी 75 जिलों में फसलों के डिजिटल सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। प्रदेश के 45 जिलों में योगी सरकार ने शत प्रतिशत सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। वहीं 10 जिलों में भी कार्य 99 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द से जल्द बाकी बचे जनपदों में भी सर्वे के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। सीएम योगी ने धीमी प्रगति वाले जनपदों को लेकर नाराजगी जतायी है। उन्होंने जिलाधिकारियों को तेज गति से सर्वे पूरा करने की सख्त हिदायत दी है।

सर्वे के कार्य में लगे प्रत्येक सर्वेयर को प्रतिदिन 50 खेतों का सर्वे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में इस कार्य में कुल 5764 सर्वेयर लगाये गये हैं, जिसमें 1437 कृषि विभाग, 2733 राजस्व विभाग और 1594 पंचायत सहायक हैं। इन्हें प्रदेश के 26775 राजस्व ग्रामों में कुल 1019 करोड़ से अधिक खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है। इनमें से 16490 राजस्व ग्रामों में सर्वे को पूरा कर लिया गया है।

अपडेट आंकड़ों की बात करें तो बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर, गोंडा, एटा, आगरा, बहराइच, बरेली, बिजनौर, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, हाथरस, कौशाम्बी, ललितपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र, उन्नाव, सहारनपुर, फिरोजाबाद, बांदा, बुलंदशहर, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, कन्नौज, शाहजहांपुर, कासगंज, मैनपुरी, खीरी, सिद्धार्थनगर, प्रयागराज और लखनऊ में सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा महाराजगंज, इटावा, अंबेडकरनगर, कन्नौज, कानपुर नगर, अलीगढ़, बलिया, मथुरा, बदायूं, सीतापुर, संभल, अमेठी, कुशीनगर, बाराबंकी, कानपुर देहात, पीलीभीत, हापुड़ और मऊ में भी 95 से 99 प्रतिशत तक सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।

शत प्रतिशत से लेकर 95 फीसदी तक सर्वे पूरा करने वाले जनपदों के अलावा हमीरपुर, चंदौली, देवरिया, अयोध्या, बस्ती, मुरादाबाद, जालौन, औरैया, सुल्तानपुर, हरदोई, मिर्जापुर, महोबा और फर्रुखाबाद में कार्य 80 फीसदी से लेकर 95 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा संत कबीरनगर, प्रतापगढ़, जौनपुर, चित्रकूट, झांसी, भदोही, वाराणसी और गोरखपुर में भी सर्वे का कार्य 70 से 80 फीसदी के बीच पूरा हो चुका है। जिन जनपदों में सर्वे का कार्य 70 फीसदी से कम है उन्हें लेकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

मोबाइल एप के जरिए कृषि सहित अन्य विभागों के कर्मचारी खेतों में उगी फसलों का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं। योगी सरकार इसके जरिए प्रदेश में पैदा की जा रही फसलों का पूरा डेटा तैयार करा रही है। सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, उससे प्रदेश के किसानों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलने का एक उपक्रम है।

## एसके भगत बने एडीजी अपराध

**लखनऊ।** शासन ने वर्ष 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी एसके भगत को एडीजी अपराध के पद पर तैनाती प्रदान की है। भगत अभी तक एडीजी भवन एवं कल्याण, पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश के पद पर कार्यरत थे। अभी तक स्पेशल डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ही एडीजी अपराध का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे।

# रालोद नेता नवाब अहमद हमीद व पूर्व मंत्री ओमवीर तोमर कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जनपद बागपत के पूर्व कांग्रेस नेता कौकब हमीद के पुत्र राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व बागपत विधानसभा प्रत्याशी नवाब अहमद हमीद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री ओमवीर तोमर ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अजय राय ने उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, शाहनवाज आलम, मनोज यादव, आलोक प्रसाद, अभिमन्यु त्यागी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि इस अवसर पर समस्त आगन्तुकों का पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की सोच और नीतियों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त प्रदेश की जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगांहों से देख रही है। समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर उनको आगे बढ़ाने की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी जी की सोच में लोग भरोसा व्यक्त कर रहे हैं।

# प्रदेश की विद्युत व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए जोन का पुनर्गठन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● वर्तमान में कार्यरत 25 जोन्स को बढ़ाकर 40 किया गया**

**● उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करन के लिए प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित: एके शर्मा**

**ऊर्जा** मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने तथा उनकी समस्या के त्वरित समाधान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए वर्तमान विद्युत व्यवस्था के ढांचे में तेजी से बदलाव के कार्य किये जा रहे हैं। पूरे प्रदेश में आरडीएसएसए बिजनेस प्लान तथा अन्य मदों में कार्य कर इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत किया जा रहा है।

साथ ही व्यवस्था की शीघ्र व सहज ढंग से मानीटरिंग के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों की संख्या में और वृद्धि की जा रही है। इससे जहां कार्यक्षमता बढ़ेगी वहां शिकायतों के समाधान में भी तेजी आयेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उप्र पावर कारपोरेशन के अन्तर्गत निर्धारित क्षेत्रों (जोन्स) का पुनर्निर्धारण करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। वर्तमान में कार्यरत 25 क्षेत्रों (जोन्स) को बढ़ाकर 40 क्षेत्र (जोन्स) बनाए गए हैं। नवनिर्मित इन क्षेत्रों में वर्तमान में उपलब्ध मुख्य अभियन्ताओं की तैनाती प्रदान की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी, बरेली, लेसा (सिस गोमती) लेसा (ट्रांसगोमती) अलीगढ, कानपुर, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, आगरा तथा लखनऊ को विभाजित कर एक-एक नया क्षेत्र बना दिया गया है। इसके अतिरिक्त गाजियाबाद क्षेत्र को तीन खण्डों में विभाजित कर दो नये क्षेत्र गठित किए गये है।

नगरीय क्षेत्रों की विशिष्ट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बड़े नगरों पर अधिक ध्यान देने हेतु नए जोन स्थापित किये जा रहे। इससे नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अलग-अलग पर्यवेक्षण किया जा सकेगा। शेष बुलन्दशहर, अयोध्या, नोएडा, आजमगढ़, मिर्जापुर, बस्ती, देवीपाटन, बांदा, झांसी और केस्को में स्थापित जोन पूर्ववत ही रहेंगे।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि विद्युत विभाग के वर्तमान क्षेत्रों को विभाजित कर नये क्षेत्रों के गठन से विद्युत व्यवस्था से सम्बन्धित कार्यों में तेजी से सुधार आयेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में विद्युत के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे। विगत वर्षों की तुलना में विद्युत आपूर्ति के नये-नये रिकार्ड बनाने के अतिरिक्तए नये कनेक्शन स्वीकृत करने के साथ विद्युत ढांचे में अभूतपूर्व मजबूती प्रदान करने के कार्यक्रम चलाये जा रहे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान परिवेश में प्रत्येक स्तर पर विद्युत कार्यों की कार्य कुशलता में और सुधार करने के लिए अधिक अनुश्रवण एवं वरिष्ठ स्तर के नेतृत्व की आवश्यकता है। ऐसे में वितरण क्षेत्रों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया।

इससे गुणवत्तापक बेहतर विद्युत आपूर्ति तथा उसकी मॉनीटरिंग, लाइन हानियों को कम करने, विद्युत चोरी रोकने तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना और आसानी से सम्भव हो सकेगा। इसके साथ ही आरडीएसएस के कार्यों में तेजी लाने उसकी गुणवत्ता निर्धारित करने तथा स्मार्ट मीटरिंग आदि के कार्य में भी आसानी होगी।

# सामाजिक संगठनों को लड़नी होगी संविधान बचाने की लड़ाई: फतेह बहादुर

**● सामाजिक संस्था बहुजन भारत ने दी कांशीराम को श्रद्धांजलि**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को संस्था मुख्यालय पर बहुजन नायक कांशीराम के महानिर्वाण दिवस के मौके पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके कारवां को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि कांशीराम ने देश के करोड़ों शोषित-वंचित समाज में स्वाभिमान पैदा किया और उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना सिखाया। उन्होंने कहा कि कांशीराम के संघर्ष का ही नतीजा है कि 21वीं सदी में इस शोषित समाज के वोट की कीमत हर राजनीतिक दल को समझ में आ गयी है और वे इनकी एकजुटता और ताकत को अपने पक्ष में लाने के लिए इनसे संवाद कर रहे हैं लेकिन बहुजन समाज के लोगों को समाज में जातिवाद और सांप्रदायिकता का जहर घोलने वालों के खिलाफ और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे सियासी दलों के पक्ष में मजबूती से खड़े रहकर इस लड़ाई को लड़ना होगा। कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि बहुजन नायक द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर ही सत्ता प्राप्ति के लिए संविधान विरोधी ताकतों से लड़ाई लड़नी होगी तभी संविधान विरोधी ताकतों को हराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ फीसदी सवर्णों ने ही समाज के बहुसंख्यक वर्ग के अधिकारों को उनसे छीना है। संस्था के महासचिव चिंतामणि ने कहा कि शोषितों और वंचितों को अपने अधिकार के लिए संघर्ष करना कांशीराम ने सिखाया।

## प्रदेश में अब तक हुई 942.24 मीट्रिक टन धान की खरीद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का उचित एवं लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धान खरीद एक अक्टूबर 2023 से शुरू कर दी है। इस खरीद वर्ष में विभिन्न श्रेणी के धान के समर्थन मूल्य के तहत कॉमन धान श्रेणी 2183 रुपए प्रति कुन्तल तथा ग्रेड-ए के धान का मूल्य 2203 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के अनुसार अब तक 942.24 मीट्रिक टन खरीद हुई है। खरीद के लिए खाद्य विभाग के 1350 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 1600, पीसीयू के 550, यूपीएसएस के 200, मण्डी परिषद के 100 तथा भारतीय खाद्य निगम के 200 क्रय केन्द्र संचालित किए गए हैं।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान: केशव मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन, विभिन्न जिलों से आए लोगों की सुनीं समस्याएं**

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7 कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाए कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# जातिगत जनगणना से इनकार करने वाले आरक्षण विरोधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने ओबीसी समाज की यूपी व राष्ट्रीय स्तर पर गणना कराने की पार्टी की माँग को पुन: दोहराते हुए कहा कि इससे इंकार करने वाले उसी आरक्षण विरोधी संकीर्ण जातिवादी सोच के लोग हैं। जो एससी व एसटी समाज के आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने का षडयंत्र लगातार करते रहते हैं तथा इन वर्गों के आरक्षण के बैकलॉग को भी नहीं भरते हैं। इस कारण नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की कोई भूमिका नहीं रहती है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि वैसे तो घोर जातिवादी एवं आरक्षण विरोधी पार्टियाँ/तत्व विशेषकर भाजपा व कांग्रेस आदि अगले लोकसभा आमचुनाव के पहले वोटों के स्वार्थ की खातिर आज कल अपने आपको उनका नया हितैषी दिखाने की होड़ में लगे हैं, किन्तु दलितों/आदिवासी समाज के साथ-साथ बहुजन समाज के खास अंग ओबीसी व धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के हित एवं कल्याण तथा उनके संवैधानिक हक को लेकर मान्यवर श्री कांशीराम जी का संघर्ष, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बाद, किसी से भी छिपा न होकर बेहतरीन व बेमिसाल रहा है। मायावती ने कहा कि यूपी में बीएसपी की चार बार सरकार बनी और यहाँ सामाजिक परिवर्तन एवं आर्थिक मुक्ति की मज़बूत नींव पड़ी और अपनी सरकार बनने का लाभ निचले स्तर तक कमजोर से कमजोर लोगों यानी की सभी लोगों को उनका हक व न्याय मिला।

## आयोग के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने की चुनौती

देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की घोषणा का स्वागत करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि चुनाव आयोग के लिए असली चुनौती सरकारी मशीनरी व धनबल आदि के दुरुपयोग को रोककर चुनाव को पूरी तरह स्वतंत्र व निष्पक्ष कराने की है, जिस पर लोकतंत्र का भविष्य निर्भर।

# पांच राज्यों की इलेक्शन सीरीज में भाजपा का 5-0 से होगा सफाया: प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि आगामी 5 राज्यों (राजस्थान, तेलंगाना, मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) की 'इलेक्शन सिरीज' में कांग्रेस 5-0 से जीतेगी और भारतीय जनतापार्टी का 5-0 से सूपड़ा साफ होगा । इन पांच राज्यों में जनता को जिस घड़ी का इन्तजार था वह समय अब आ गया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसान तथा युवाओं के साथ-साथ लगभग हर वर्ग के साथ भाजपा ने धोखा एवं विश्वासघात किया है, अब जनता उसका सही फैसला करेगी । तिवारी ने कहा है कि इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वह भविष्यवाणी सही साबित होगी जो उन्होंने अपने मुख पत्र आर्गनाइजर में चिन्ता व्यक्त करते हुउ कहा था कि अकेले दम पर 'मोदी' अब जिताऊ चेहरा नहीं रहे। हमें जीतने के लिए अब कुछ और करना होगा । इस पर चिन्तन की आवश्यकता है । इन पाँच राज्यों के चुनाव में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की यह आशंका सही साबित होगी और हिमांचल प्रदेश से निकली हुई मोदी के पराजय की गंगा कर्नाटक होते हुए तेलंगाना, मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान होकर पूरे देश में लोक सभा के चुनाव में उसका सफाया करेगी। तिवारी ने कहा है कि आखिर झूंठे और खोखले वायदे से मोदी देश की जनता को कब तक भ्रमित करते रहेंगे । आगामी 3 दिसम्बर 2023 की सुबह का सूरज जैसे-जैसे ढलता जाएगा वैसे-वैसे भाजपा की पराजय का नया अभूतपूर्व इतिहास देश की जनता लिखेगी और शाम होते-होते उक्त पांच राज्यों में कांग्रेस का तिरंगा फहर जाएगा।

# दुर्गा पंडालों से नारी शक्ति को जागृत करेगी प्रदेश सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● मातृशक्ति को सशक्त करने के लिए शुरू होने जा रहा बड़ा अभियान**

**● 58754 ग्राम पंचायतों व 1300 वार्ड-मोहल्लों से होकर गुजरेगी सर्किलवार रैली**

**प्रदेश** सरकार एक बार फि र शारदीय नवरात्र पर मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तीकरण को लेकर बड़ा अभियान चलाएगी। इस बार यह अभियान प्रदेश भर में 15 से 24 अक्टूबर तक सर्किलवार चलाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न ग्राम सभा, दुर्गा पंडाल, मंदिर, वार्ड, मोहल्ला से जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इस दौरान जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटक, लघु फिल्म, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश के माध्यम से नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण पर जागरुक किया जाएगा। वहीं हर ग्राम पंचायत रैली का एक पड़ाव भी होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम होंगे। सर्किलवार रैली में ग्राम और न्याय पंचायतों में भ्रमण के दौरान शक्ति दीदी के साथ ग्राम प्रधान, अध्यापिका, न्याय पंचायत के लिए नियुक्त बीसी सखी, राजस्व लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर व अन्य भी मौजूद रहेंगी।

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के एडीजी बीपी जोगदंड ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप हर साल की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र पर प्रदेश भर में मिशन शक्ति के तहत महिला सशक्तिकरण अभियान की तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। इस बार प्रदेश भर में महिला सशक्तिकरण सर्किलवार रैली निकाली जाएगी। यह रैली प्रदेश के सभी 75 जिलों के 450 सर्किल के 58754 ग्राम पंचायत और 1300 वार्ड-मोहल्ले से होकर निकलेगी। सर्किलवार रैली में स्थानीय क्षेत्राधिकारी शामिल होकर हर दिन अपने सर्किल के 10 से 12 ग्राम पंचायतों का भ्रमण कराएंगे। इस दौरान रैली का प्रत्येक ग्राम पंचायत, वार्ड, मोहल्ले में एक पड़ाव होगा, जहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक, आपसी संवाद और ध्वनि संदेश दिये जाएंगे। वहीं रैली के रूट पर पड़ने वाले पूजा पंडालों में भी कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। विभिन्न कार्यक्रमों में महिला सुरक्षा, महिला संबंधी शासकीय योजनाओं, महिला संबंधी हेल्पलाइन की जानकारी दी जाएगी।

रैली में यूपी पुलिस की शक्ति दीदी के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, ग्राम्य विकास विभाग और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे, जो मौके पर ही महिलाओं की समस्याओं को समाधान करेंगे।

वहीं मिशन शक्ति के तहत सेफ सिटी अभियान भी चलाया जाएगा। इसमें प्रदेशभर में तीन हजार पिंक बूथ बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें पहले चरण में नौ जिलों में स्थित 20 धार्मिक स्थल पर पिंक बूथ बनाए जाएंगे। इसी तरह सभी 10417 महिला बीटों के लिए इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसमें पहले चरण में 1100 महिला बीट को सुविधा दी जाएगी।

# कांग्रेस ने किया 'दलित गौरव संवाद' अभियान का शुभारंभ

**● 26 नवंबर संविधान दिवस तक सभी जिलों में चलेगा अभियान, दलितों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांशीराम** के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने सभी जनपदों में 'स्वाभिमान के वास्ते-संविधान के रास्ते' के नारे के साथ 'दलित गौरव संवाद' अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 26 नवम्बर संविधान दिवस तक प्रदेश के सभी जनपदों में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के जरिए कांग्रेस पार्टी प्रत्येक विधानसभा में दलितों के घर तक जाकर उनसे सम्पर्क करेगी और उनकी समस्याएं जानेगी। आज इस कार्यक्रम का आगाज प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांशीराम कॉलोनी, ग्राम लौलाई, चिनहट निवासी और कांशीराम के सहयोगी रहे प्रो. आरबी सिंह गौतम के साथ संवाद कर एवं उनके द्वारा दलित अधिकार मांग पत्र भरवाकर किया। उन्होंने पार्टी मुख्यालय पर कांशीराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

अभियान के प्रथम चरण में प्रदेश के प्रत्येक जनपद के मुख्यालय पर प्रेस वार्ता की जाएगी साथ ही जनपद की प्रत्येक विधानसभाओं के अन्तर्गत 250 प्रभावशाली दलित गणमान्यों से सम्पर्क कर प्रत्येक विधानसभा में 500 'दलित अधिकार मांग पत्र' भरवाए जाएंगे।

पूरे प्रदेश में 1 लाख से अधिक दलित परिवारों के प्रभावशाली लोगों से संवाद किया जायेगा। पूरे प्रदेश में 2 लाख दलित अधिकार मांग पत्र भरवा कर पार्टी दलित समाज की प्रमुख मांगे क्या हैं यह जानने का प्रयास करेगी। कांग्रेस पार्टी देश के संविधान और दलितों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है। वर्ष 1948-49 में कांग्रेस सरकार ने अनूसूचित जाति और जनजाति के विकास के लिए हरिजन कल्याण बोर्ड की स्थापना करके इन जातियों के उत्थान हेतु पहला कदम बढ़ाया था।

शिक्षा से इन्हें जोड़ने के लिए निशुल्क शिक्षा देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वर्ष 1950 में भारत का संविधान अंगीकृत किया गया जिसमें देश में निवास कर रहे हर दलित, वंचित और शोषित को बराबरी में आने का अवसर मिला। वर्ष 1953 में भूमिहीन दलित समाज को जमीन में आरक्षण देकर हर भूमिहीन को भू-स्वामी बनाया गया। यह दलित गौरव संवाद इसी प्रतिबद्धता की कड़ी में एक कदम है।

कांग्रेस की सरकार ने जमींदारी प्रथा समाप्त कर देश में बराबरी का सिद्धांत लागू किया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इंदिरा आवास योजना लाकर हर गरीब के घर के सपने को साकार किया। राहुल गांधी की पहल पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने नरेगा योजना लागू कर हर हाथ को काम दिया।

# भारत माता के जयकारों से गूंजा खीरी

**● ब्लाक मुख्यालय में स्थापित किए गए गांव-गांव से आए अमृत कलश विधायक, डीएम, एसपी सीडीओ हुए शामिल**

**वीर बाबा मंदिर से ब्लॉक सदर के लिए निकली अमृत कलश पदयात्रा**



**लखीमपुर खीरी।** मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सदर ब्लॉक के सभी गांवों के अमृत कलशों को एकत्र कर वीर बाबा हनुमान मंदिर राजापुर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अमृत कलश यात्रा में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, एसपी गणेश प्रसाद साहाए सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एसएसबी जवान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण पैदल शामिल हुए। देशभक्ति से ओतप्रोत नारों के बीच हाथों में तिरंगा लेकर अमृत कलश यात्रा सदर ब्लाक में समाप्त हुई। इसके बाद सभी अमृत कलशों को ब्लाक मुख्यालय में स्थापित कराया गया। विधायक (सदर) योगेश वर्मा ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया जा रहा है। जन.जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फ्रि से जागृत करने का काम कर रही। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी.मेरा देश कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धाए आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि अमृत कलश जिले की पावन मिट्टी से पूरित हैं और जगह.जगह आमजन की सहभागिता के साथ जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इसका सम्मान किया जा रहा। बीते दिनों समूचे जनपद में चलाई गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अगले चरण में सोमवार को गांव.गांव से एकत्र अमृत कलशो को ब्लाक मुख्यालय तक शोभायात्रा के बीच ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचाया गया। कलश यात्रा ने डीएमए एसपीए सीडीओ, सदर विधायक आदि की अगुवाई भ्रमण किया और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए गए।

कलश यात्रा के समापन पर सभी अमृत कलशों को ब्लाक मुख्यालय में स्थापित किया गया। अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि तय रणनीति के मुताबिक सोमवार को सभी 15 ब्लाकों एवं 12 नगरीय निकायों में गांव एवं वार्डो से एकत्र मिट्टी के कलश स्थापित किए गए। अगले चरण में सभी कलश जिला मुख्यालय भेजे जाएंगेए वहां से प्रदेश की राजधानी होते हुए देश की राजधानी नई दिल्ली में प्रस्तावित अमृत उपवन में पहुंचाए जाएंगे। जहां समूचे देश की माटी और अक्षत के माध्यम से उपवन गुलजार होगा।

# गन्ने के खेत में मिला बालिका का शव



**● पिता ने लगाया हत्या का आरोप**

**तिकुनियां.खीरी।** थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव बसंतापुर निवासी साबिर की 10 वर्षीय बेटी का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ है। खेत में शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है परिजनों ने किशोरी की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। बसंतापुर निवासी साबिर की पुत्री खमरिया स्थित एक मदरसे मे पढ़ने आती थी। रविवार को वह मदरसे तो आई लेकिन बापस घर नही पहुंचीएतब परिजनों को चिंता हुई और खोजबीन शुरू की। परिजनों ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर रविवार को खोजबीन की। सोमवार को सुबह डॉक्टर फॉर्म के किसान मोहन सिंह के गन्ने के खेत से शव बरामद हुआ है। यह शव सड़क से गन्ने के खेत मे 5 सौ मीटर अंदर बरामद हुआ है। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर जाम भी किया, पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की मां आशमून ने हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

गन्ने के खेत मे मिले शव की आँख और पैर में चोट के निशान थे और मुंह पर मिट्टी लगी हुई थीएमृतका के साथ रेप होने के बाद हत्या किए जाने की चर्चा गांव में जोरो पर है। सूचना पर पहुंचे एसपी गणेश प्रसाद साहा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से भी वार्ता की और घटना का शीघ्र खुलासा करने के निर्देश मातहतों को दिए है। इस दौरान एसडीएम अश्वनी कुमार सिंहए सीओ राजेश कुमार के साथ क्राइम ब्रांच की टीम भी मौजूद रही। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# रंजिश के चलते चाकू घोंप कर किया जानलेवा हमला



**लखीमपुर खीरी।** यूपी में योगी सरकार भले ही सुरक्षा व्यवस्थाए अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए चाहे जितने आदेश दे रही हो लेकिन यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में अराजक तत्वों का कहर बरपाना जारी है इसी क्रम में आपको लेकर चलते हैं जनपद मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम देवरिया पोस्ट महोला थाना खीरी निवासी सुनील कुमार पुत्र राम अवध को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही पवन, रक्षा राम, अनूप, बबलू, मस्तराम ने बीती 08 अक्टूबर के दोपहर करीब 02 बजकर 30 मिनट के आसपास सुनील कुमार को चाकू मारकर लहूलुहान व जानलेवा हमला बोल दिया और मारा पीटा किसी तरह जान बचाकर सुनील कुमार ने अपने भाई राम नारायण को मामले का घटना क्रम बताया किसी तरह सुनील का भाई तुरंत मौके पर पहुंचकर थाने पहुंचा जहां थाने पर तैनात दरोगा ने चाकू गले में लगने से लहूलुहान सुनील को मेडिकल एवम उपचार हेतु जिला अस्पताल मोतीपुर भेजा जहां उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित के घर वालो से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि गांव के ही उपरोक्त व्यक्तियों ने मेरे सुनील पर जानलेवा हमला किया गले में चाकू घोप दिया था और बहुत मारा पीटा है थाने पर मेडिकल पहुंच गया है लेकिन अभी तक हमसे प्रार्थना पत्र लिया गया है और न ही कोई मुकदमा लिखा गया है पीड़ित सुनील जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती है जहां उसका इलाज चल रहा है हम लोगो में भय व्याप्त है क्योंकि विपक्षी लोग खुले आम घूम रहे है।

# बेटियों को बचाने और पढ़ाने का संकल्प

**● रमियाबेहड़ में हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्रामए बड़ी संख्या में जुटी महिलाएं**

**लखीमपुर खीरी।** रमियाबेहड़ ब्लॉक में महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सोमवार को एकदिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ, महिलापरक कानूनो, महिला शिक्षा, महिला सुरक्षा एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं ग्रामीण समस्याओंध्उत्कृष्टता पर चर्चा की गयी। कुशल संचालन काउंसलर कयूम जरवानी ने किया। शुभारंभ बीडीओ सुशांत सिंह व सीडीपीओ अंजली गुप्ता ने दीप जलाकर किया। बीडीओ सुशांत सिंह ने कहा कि सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जन्म से पूर्व लिंग परीक्षण का विरोध करेंगे। बेटा एवं बेटी में भेद करने वाली हर सामाजिक कुरीतियों का बहिष्कार करेंगे। कन्या के जन्म का स्वागत करते हुए हर एक बेटी को पढ़ायेंगे। समुचित पोषण एवं गरिमामय व सशक्त जीवन प्रदान करने में सहायक होंगे।वन स्टाफ सेंटर, महिला शक्ति केंद्र एवं जिला बाल संरक्षण समिति के कार्मिकों ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टाफ सेंटर घरेलू हिंसा अधिनियम बाल विवाह दहेज प्रतिषेध अधिनियम में स्थित महिला पेंशन हेल्पलाइन 1098, 1090, 181 आदि की जानकारी प्रदान की।

महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्ट एवं जिला समन्वयक निक्की गुप्ता ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि खीरी में श्बेटी बचाओं.बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत दहेज उन्मूलन, बाल.विवाह रोकने, लैंगिक समानता के लिए संदेशों का प्रचार.प्रसार करने, इसे जीवन में उतारने के उद्देश्य से महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में ब्लॉकवार एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सीडीपीओ अंजली गुप्ता ने पोषण किट प्रदान करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। महिला कल्याण अधिकारी आर्यमित्रा बिष्टए जिला समन्वयक निक्की गुप्ता एवं प्रशासिका वन स्टाफ सेंटर रश्मि चतुर्वेदी ने महिलापरक योजना की जानकारी प्रदान की। पंचायती राज से अनुज अवस्थीए महिला कल्याण विभाग के कार्मिक सुंदर लाल, अनुज चतुर्वेदी, आर्य मित्रा बिष्ट, रश्मि चतुर्वेदी, निक्की गुप्ता, रीमा वर्मा, वरुण शुक्ला, संजीत कुमार, कन्हैया राना सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी एवं आशाए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहे। कार्यशाला में महिला कल्याण विभाग की अगुवाई में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाए जिसमें महिलाओं बालिकाओं ने प्रमुखता से प्रतिभाग करते हुए न केवल हस्ताक्षर किए बल्कि बेटियों के लिए अपने संदेश भी लिखें। कार्यक्रम का सफ्ल संयोजन जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने किया।

## बैंक मैनेजर ने युवक को दी धमकी

**बरेली।** बीमार मां-बेटियों की दवा के लिए बैंक में रुपये निकालने गए युवक को बैंक मैनेजर ने धमकाते हुए कहा कि मेरे पिता डीएम है तुझे जान से मारकर बैंक के अंदर गड़वा दूंगा उसने युवक के साथ गाली-गलौज और अभद्रता भी की ।फ्रीदपुर के सुखदेवपुर निवासी हरनाम सिंह ने बताया कि उनका बचत खाता बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक स्टेशन रोड भरतपुर में है उनकी पत्नी की मौत हो चुकी है और मां फूलवती देवी बीमार है उनकी बेटी रेखा का लीवर खराब है और दूसरी बेटी किरन देवी को बुखार आ रहा है दवा का इंतजाम करने के लिए वह बैंक से 20 हजार रुपये निकालने बैंक गए थे रुपये निकालने का फार्म भरकर उन्होंने भुगतान के लिए बैंक मैनेजर को दिया आरोप है कि बैंक के मैनेजर ने उन्हें गालियां देते हुए अभद्र व्यवहार किया कहा कि उनके पिता डीएम है जान से मारकर बैंक के अंदर दफ्न करवा देने की धमकी दी विरोध करने पर लूट के फर्जी मुकदमे में जेल भिजवा देने की धमकी दे डाली हरनाम डर के कारण चुपचाप सुनता रहा कैशियर ने पेमेंट करने का प्रयास किया तो मैनेजर ने उसे भी हड़काते हुए रुपये देने से मना कर दिया।

## क्विक न्यूज

### ममेरे देवर ने महिला पर किया कुल्हाड़ी से हमला

**बरेली।** मामूली बात पर हुए विवाद के बाद पड़ोस में रहने वाले ममेरे देवर ने महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव घगोरा घगोरी निवासी कदीर अहमद की पत्नी खातून को आज दोपहर इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा कदीर अहमद ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले अपने घर के आंगन को ऊंचा करने के लिए मिट्टी डाली है आज सुबह वह मिट्टी को दबाने के लिए उस पर पानी का छिड़काव करने के बाद मजदूरी करने चला गया दीवार में सुराख होने के कारण पानी पड़ोस में ही रहने वाले उसके में मां मेरे भाई गुड्डू के आंगन में चला गया जिससे नाराज गुड्डू ने दोपहर में अपने घर में कीचड़ करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज शुरू कर दी तब कदीर की पत्नी खातून ने गाली गलौज का विरोध किया जिससे नाराज गुड्डू उसके भाई शराफ्त, फ्रिदौस, इमरान, शानू आदि ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी इसी दौरान गुड्डू ने कुल्हाड़ी से खातून पर हमला किया सिर में गंभीर चोट लगने से उसे इलाज के लिए भोजीपुरा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से हालत नाजुक देखकर उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया आरोपी फ्रार बताए जाते हैं

### सड़क दुर्घटना में भांजे की मौत, मामा घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार मामा भांजे को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी भांजे की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई मामा गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।हाफ्रिगंज थाना क्षेत्र के गांव लाडपुर उस्मानपुर निवासी 20 वर्षीय दिलशाद हुसैन पुत्र सादिक हुसैन की आज दोपहर हाफ्रिगंज थाना क्षेत्र में सेथल पुल के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि हाफ्रिगंज के गांव बकेनिया निवासी 25 वर्षीय सलीम पुत्र बूंदन गंभीर रूप से घायल हो गया जिला अस्पताल में मौजूद दुर्घटना के शिकार युवकों के घर वालों ने बताया कि दोनों युवक मजदूरी करने के लिए आज सुबह मोटरसाइकिल से हाफ्रिगंज गए थे जहां से दोपहर में घर लौटते समय सेथल पुल के पास तेजी से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली गाड़ी फ्रार हो गई ।

## अश्लील वीडियो, वायरल करने की धमकी देकर हड़पे जेवर-नकदी

**बरेली।** विवाह समारोह में गई नाबालिग छात्रा की पड़ोसी के भतीजे ने अश्लील वीडियो बना ली और उसे वायरल करने की धमकी देकर किशोरी से हजारों की नकदी और लाखों के जेवर हड़प लिए घर के पास ही जब छेड़छाड़ कर दी तब तनाव में आकर छात्रा में घरवालों को आरोपी की करतूत बताई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि नाबालिग बेटी 12 दिसंबर 2021 को परिवार के साथ एक बारात में गई थी पड़ोसी व उनकी पत्नी, उसकी बेटी भी बारात में शामिल हुई थी पड़ोसी के भतीजे ने उनकी बेटी की अश्लील विडियो बना ली और उसको वीडियो क्लिप दिखाकर वायरल करने की धमकी दी इस बात से किशोरी डर गई और उसने यह बात परिवार वालों को नहीं बताई आरोपी अपने फूफा पड़ोसी की सहायता से किशोरी से मोबाइल फोन पर बातचीत करता था। लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि स्कूल से घर आते समय आरोपी उसकी बेटी को रास्ते में रोककर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था।

# पत्रकार सुरक्षा महासमिति ने पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ दिया ज्ञापन



**बरेली।** देश मे पत्रकारों के उत्पीड़न एवं सरकार द्वारा पीआरबी एक्ट लाने के संबंध में पत्रकार सुरक्षा महासमिति ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम बरेली को सौंपा। इस मौके पर पत्रकार सुरक्षा महासमिति के अध्यक्ष मुस्तकीम मंसूरी ने बताया कि मीडिया हमेशा से गरीब शोषितों की आवाज उठाने का काम करता रहा है। मीडिया ने हमेशा लोकतंत्र में कार्यपालिका और विधायिका के बीच सेतु बनकर काम करता रहा है। इसके बाद भी सरकार पत्रकारिता पर लगाम कसने कब उद्देश्य से पत्रकारों का उत्पीड़न कर रही है। सरकार नया पीआरबी एक्ट लाकर मोदी सरकार स्वतंत्र मीडिया को गुलाम बनाना चाहती है। उनकी मांग है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की आजादी पर अंकुश लगाने एक्ट को निरस्त किये जाने एवं पत्रकारों पर सरकार द्वारा कराए जा रहे उत्पीड़न पर ध्यान देते हुए महामहिम राष्ट्रपति से जरूरी कदम उठाने की मांग की हैं। बता दें ज्ञापन देने वालों में नाजिम , फैजान , रफी , रईस खान, अवदेश सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# संजय सिंह की गिरफ्तारी का विरोध




**बरेली।** बरेली रोहिलखंड प्रांत उपाध्यक्ष आम आदमी पार्टी वा पैनी नजर सामाजिक संस्था की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने एक प्रेस वार्ता प्रांतीय कार्यालय में की प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि आज जिस तरह से आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ई,डी द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में दहशत फैला कर लोगों पर हुकूमत करना चाहती है लेकिन आम आदमी पार्टी लगातार जनता के मुद्दों को उठा रही है उसी क्रम में संजय सिंह लगातार गरीब और मजलूमों की आवाज उठाते रहे हैं यही बात भारतीय जनता पार्टी को सबसे ज्यादा अखर रही है इसीलिए उनका मुंह बंद करने के लिए सरकार ने यह निराधार आरोप लगाया है लेकिन इससे आम आदमी पार्टी डरने वाली नहीं है तीन राष्ट्रीय नेता आम आदमी पार्टी के जेल जा चुके हैं लेकिन यह हौसला आज भी बुलंद है जनता की लड़ाई लड़ने वाली आम आदमी पार्टी जनता की आवाज को उठाती रहेगी जेल जाने से डरने वाले लोग आम आदमी पार्टी के लोग नहीं है सुनीता गंगवार ने यह भी कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है कि जल्द ही दूध का दूध पानी का पानी होकर आम आदमी पार्टी के नेता जेल से बाहर आएंगे संजय सिंह की जनता के बीच बढ़ती हुई लोकप्रियता व आम आदमी पार्टी में बढ़ता हुआ विश्वास यह भाजपा के लोगों को हजम नहीं हो रहा है जिसको लेकर इस तरह की हताशा भरे कृत्य कर रही है। जब से इंडिया गठबंधन बना है भाजपा की नींद उड़ी हुई है । भाजपा पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव व 2024 का चुनाव बुरी तरह से हार रही है।

# दुर्गा पूजा में जेबीएल के साथ उत्सव की ध्वनि का अनुभव करें

वाराणसी। हारमन का प्रमुख ऑडियो ब्रांड जेबीएलए अपने उत्सव अभियान म्यूट द वर्ल्डय अनम्यूट फेस्टीवीस को शुरू करने के लिए रोमांचित है जो एक रोमांचक दुर्गा पूजा उत्सव के लिए मंच तैयार कर रहा है। जैसा कि सिटी ऑफजॉय पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव के लिए तैयार हो रहा हैए जेबीएल का विशेष अभियान इस पूरे महीने उत्सव की भावना के साथ गूंजने का वादा करता है। जेबीएल बंगालए असमए उड़ीसाए बिहार और झारखंड में अपने ग्राहकों को उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शानदार ऑफ्र और छूट के साथ खुश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैए जिसमें बहुत पसंद किए जाने वाले नॉइज़.कैंसलेशन हेडफ़ोनए डॉल्बी एटमॉस और डीटीएस.एक्स सक्षम साउंडबार और पार्टीबॉक्स शामिल हैं। इस 30 दिवसीय म्यूट द वर्ल्डय अनम्यूट फेस्टीवीस अभियान के लॉन्च के साथए ग्राहक अपने पसंदीदा जेबीएल उत्पादों पर कैशबैकए मुफ्त ईएमआई ऑफ्र और अनूठे सौदों की उम्मीद कर सकते हैंए जिससे श्म्यूट द वर्ल्डश् और खुद को उत्सव में डुबोना पहले से कहीं अधिक आसान हो जाएगा। जेबीएल उत्पादों पर त्योहारी ऑफ्रः 25 प्रतिशत तक का इंस्टेंट कैशबैक या एक ईएमआई मुफ्त और 2999६ रुपये से अधिक के जेबीएल उत्पादों पर नो कॉस्ट ईएमआई।

### सारेगामा ने शुरू किया एक धमाकेदार कॉन्टेस्ट हम भोजपुरी सुपरस्टार

वाराणसी। यदि आप में गाने और डांस करने की प्रतिभा है तो हम भोजपुरी सुपरस्टार आपके लिये एक परफेक्ट मौका है इस कांटेस्ट में आपको 45 सेकेंड या उससे ज्यादा में अपना हुनर का प्रदर्शन करते हुए वीडियो बनाकर वाट्सएप्प नंबर 8657008866 पर भेजना है और हम भोजपुरी सुपर स्टार बनने का मौका पाना है उक्त जानकारी सारेगामा इंडिया के एक्सक्यूटिव वॉइस प्रेसिडेंट कुमार अजित ने दिल्ली में सारेगामा द्वारा आयोजित ष्सारेगामा नाईट्स के इवेंट में दीण् उन्होंने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि भोजपुरी में प्रतिभा की कमी नहीं हैए लेकिन बेहतर मंच नहीं मिलने की वजह से वे गुमनामी में खो जाते हैं।

# संडीला में बुखार से हो चुकी हैं कई मौतें

**संडीला (हरदोई)।** क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के बुखार का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सरकारी अस्पतालों से लेकर प्राइवेट अस्पतालोंए नर्सिंग होम आदि में मरीजों का तांता लगा है। अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की बुखार के चलते मौत हो गयी है। बुखार की व्यपकता को देखते हुए सरकारी सुविधाएं नाकाफी सिद्ध हो रही हैं। नगर के मोहल्ला शक्तिनगर निवासी बीस वर्षीय जीतेन्द्र शुक्ला तथा 18 वर्षीय सत्येन्द्र शुक्ला कई दिनों से बुखार से पीड़ित थे। जांच में उन्हें डेंगू बुखार की पुष्टि हुई थी। दोनों का इलाज के दौरान निधन हो गया। इसके अलावा ग्राम गहिरा निवासी गुड्डू की 15 वर्षीय पुत्री नीलम और 12 वर्षीय पुत्री शीलम बुखार की चपेट में आकर चल बसीं। ग्राम निवासी ननकऊ की बुखार की चपेट में आकर मौत हो गयी। नगर के मोहल्ला मण्डई में 14 वर्षीय बालक अब्दुल हक की बुखार से मौत हो गयी। नगर में सैकड़ों लोग वायरल फीवर, मलेरिया तथा अन्य कई प्रकार के बुखार से पीड़ित हैं।

बुखार से हुई मौतों की सूचना मिलने पर सीएचसी प्रभारी डॉ. शरद वैश्य ने डॉ. सरिता रावत के नेतृत्व में 5 सदसीय टीम को मोहल्ला शक्तिनगर भेजा। इस टीम ने कई मोहल्लों में घर घर जाकर सारे मोहल्ले में पहुंचकर लोगों की जांच करने के साथ उनका उपचार किया। ग्राम आटामऊ और ग्राम गहिरा में भी सीएचसी की टीमों ने कैंप लगाकर मरीजों की जांच करने के साथ उनका उपचार किया। सीएचसी के सूत्रों के अनुसार 54 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। 1983 बुखार के रोगियों का उपचार किया गया तथा 957 बुखार के मरीजों की जांच भी की गयी। सीएचसी प्रभारी डॉ. शरद वैश्य ने समस्त आशा, संगिनी, सीएचओ, एएनएम को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र में बुखार के मरीज़ों की सघन्न निग्रानी एवं चिह्नीकरण करते हुए इसक सूचना तत्काल उन्हें उपलब्ध कराएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गदौरा, गोसवा, लूमामउ, पीपीसी संडीला के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बुखारों के मरीजों का इलाज करना सुरक्षित करेंगें तथा किसी व्यक्ति की निगरानी के अभाव में मृत्यु की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ मलेरिया, डेंगू आदि की आवश्यक जांच भी कराई जाएगी। उधर भाजपा नगर अध्यक्ष महेन्द्र कुमार सोनी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि नगर में जो भी बीमारियां फैल रहीं हैं उसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद के अधिकारियों पर है क्योंकि यहां सफाई के नाम पर थानापूर्ती हो रही है। पालिका के कर्मचारी थोड़ा सा कार्य करने वीडियो और फोटो अपलोड करके अपना काम चला रहे हैं। इसके अलावा न तो एंटी लारवा का छिड़काव होता है और न ही फॉगिंग। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। नालियां बजबजा रही हैं। उन्होंनें मांग की कि इस प्रकरण में तत्काल कार्रवाइ की जाए। इस प्रकरण में अधिशासी अधिकारी की प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया लेकिन फोन रिसीव न होने के कारण उनकी कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

## दबंगों ने उखाड़ी सड़क मुकदमा दर्ज

**बरेली।** सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचते हुए दबंगों ने 55 मीटर का खड़ंजा उखाड़ दिया ग्राम प्रधान ने पांच लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की। बिथरी चौनपुर के गांव बिहारीपुर के प्रधान ने बताया कि उनके इलाके में बहगुलपुर गांव भी आता है बहगुलपुर में पूर्व प्रधान श्यामा ने अपने कार्य काल में 10 साल पहले 50-55 मीटर तक अमर सिंह के मकान से रामनिवास के मकान तक खड़ंजा डलवाया था तभी से लोग इसी रास्ते का उपयोग कर रहे हैं उन्होंने बताया कि बहगुलपुर निवासी सुभाष, शुभनेश, जय सिंह, उसका भाई शिव सिंह, जय सिंह ने दबंगई दिखाते हुए बिना किसी अनुमति के यह खड़ंजा उखाड़ दिया। प्रधान को हुई तो वह मौके पर पहुंचे उन्होंने जब खड़ंजा उखड़वाने को लेकर दबंगों से विरोध किया तो उनके साथ गाली गलौज की गई उन्होंने सूचना देकर पुलिस को बुला लिया तब तक आरोपी फ्रार हो गए प्रधान ने इसकी शिकायत अफ्सरों से की।

# छाया रहा जेसीआई लखीमपुर खीरी, जीते अनेकों पुरस्कार

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**विगत दिनों** वाराणसी में आयोजित हुए जेसीआई इंडिया मंडल तीन के मंडलीय सम्मेलन श्विश्वनाथम में जेसीआई लखीमपुर खीरी एवं इसके सदस्यों को वर्ष पर्यन्त किए गए सर्वोत्तमए कार्यों, आयोजनो एवं सहभागिता के लिए विभिन्न पुरस्कार, मान्यताएं एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए। अध्याय अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्त के नेतृत्व में सम्मिलित हुए प्रतिनिधि मंडल ने सम्मेलन के दौरान विभिन्न सत्रों में अनेकानेक पुरस्कार विजित किए जिनमें मंडल का सर्वोत्तम जेसी सप्ताह.उपविजेताए मंडल का सर्वोत्तम अध्याय अधिकारी जेसी राहुल माथुर .उपविजेताए

प्रबंध क्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान .विजेता, प्रशिक्षण क्षेत्र में सर्वोत्तम योगदान.विजेता, मंडल के अति विशिष्ट कार्यक्रम सुहानी मिडकॉन के आतिथ्य हेतु विशेष पुरस्कार, मंडल संचालक मंडल सभा आतिथ्य हेतु विशेष पुरस्कार, आर टू आर आतिथ्य हेतु विशेष पुरस्कार, मंडल सम्मेलन में हस्त निर्मित बैनर प्रस्तुति.विजेता पुरस्कारएमंडल सम्मेलन में अध्यायिक गतिविधि प्रदर्शक फोटो चार्ट प्रस्तुति.उपविजेता पुरस्कार, ऑनलाइन नवरात्रि भजन गायन प्रस्तुति विजेता पुरस्कार जेसी मुदिता अग्निहोत्रीए आनलाईन गिद्धा डांस प्रस्तुति प्रतियोगिता उपविजेता पुरस्कार जेसीरेट सोनी गुप्ता, मंडल निदेशक जूनियर जेसी द्वारा विशेष पुरस्कार चेयरमैन जेजे हर्षित जोशी एवं सचिव जेजे उर्जिता गर्ग, जूनियर जेसी शाखा द्वारा आयोजित सप्ताह के सफलतम संयोजन हेतु दो दिवस विजेता एवं पांच दिवस उपविजेता के पुरस्कारों सहित मंडलाध्यक्ष की विशेष मान्यता पुरस्कार जेसी राम मोहन गुप्त एवं जेसी मीता गर्ग आदि प्रमुख हैं।

मंडल सम्मेलन ने जेसीआई लखीमपुर खीरी की ओर से सहभागिता करने वालों में अध्यक्ष सौरभ गुप्त, पूर्व मंडलाध्यक्ष राम मोहन गुप्त, पूर्वाध्यक्ष तुषार गर्ग, मंडल समन्वयक मीता गर्ग, कनिष्क बरनवाल, कुमार उत्कर्ष, शुभम टंडनए अमित अग्रवालए ह्रितिक साहू, मोहम्मद असद, विश्वास सेठ, जेजे हर्षित जोशी सम्मिलित रहे। जेसी राम मोहन गुप्त ने प्रभावी भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक और जेसी ह्रितिक साहू ने प्रतिभागी की रूप में तो अन्य सभी ने विभिन्न सत्रों, प्रतियोगिताओं में सहभागी के रूप में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराकर विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सराहना प्राप्त की।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023



# आशा बहू व संगिनियों ने खोला मोर्चा उत्पीड़न के खिलाफ की आवाज़ बुलंद

- जिम्मेदारी देने से पहले मानदेय तय करे सरकार
- सुनवाई न होने पर दी काम बंद करने की चेतावनी

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**स्वास्थ्य** महकमे की महत्वपूर्ण इकाई समझे जाने वाली आशा बहू और संगिनियों ने आज सोमवार को जिला प्रशासन को अपनी विभिन्न समस्याओं से जोड़ा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अपनी समस्याओं के साथ-साथ विभागीय स्तर पर किए जा रहे उत्पीड़न कभी जिक्र करते हुए यह भी चेतावनी दी कि यदि उन्हें उत्पीड़न से मुक्त नहीं कराया जाता तो वह चुप नहीं बैठेंगी। उनका कहना था कि सबसे पहले तो उनका मासिक मानदेय निर्धारित किया जाये साथ ही सुरक्षा की गारंटी सरकार दें।

आशा बहू संगठन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी सिंह के नेतृत्व में लगभग एक सैकड़ा आशा बहू और संगिनियों ने जिला प्रशासन को सौंप ज्ञापन में बताया कि जब से आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने शुरू हुए हैं तब से आशा बहू और संगिनियों को बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस तरह उनसे कार्य लिया जा रहा है वह स्पष्ट रूप से उनका उत्पीड़न है।

सुबह 6 बजे से 9 बजे तक उन्हें अपने बच्चों को स्कूल पहुंचाना पड़ता है जबकि उन्हें सुबह 6 बजे से ही आयुष्मान कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी सौंप दी जाती है और यदि समय से थोड़ा भी विलंब हो जाए तो उनके खिलाफ पारिश्रमिक काटने तक की कार्रवाई कर दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि तीन महीनों से जेएसवाई का भुगतान नहीं कराया गया है। उन्हें देर शाम तक कई कई बार आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए काम पर भेजा जाता है ज्ञापन में बाराबंकी में हुई एक आशा बहू प्रतिभा गुप्ता की हत्या के मामले को उठाते हुए आशा बहू ने यह भी मांग की कि उनकी सुरक्षा को देखते हुए शाम के बाद उनसे कार्य न लिया जाए।

# क्षयरोगियों को गोद लेने वालों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गोद लिए गए 100 नये क्षय रोगियों में से सोमवार को 50 क्षय रोगियों को कलेक्ट्रेट सभागार में निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प 2025 तक टीवी मुक्त भारत का सपना हम सभी को मिलकर साकार करना है।

मौजूद क्षय रोगियों को पोषण किट देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी द्वारा पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण सराहनीय जन उपयोगी कार्य किये गए है। उन्होंने क्षय रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि किट में दिये जा रहे पोषण आहार के नियमित प्रयोग से आप लोगो को दवा और भी बेहतर कारगर सिद्ध होगी साथ ही इम्यूनिटी पावर भी मजबूत होगी। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव केशव शिवहरे से कहा इस अभियान में जिले के पेट्रोल पंप डीलर, गैस एजेंसी डीलर, शिक्षकों,पुलिस विभाग, आपूर्ति विभाग एवम् बैंको को भी जोड़कर ज्यादा से ज्यादा क्षय रोगियों को गोद लेने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने गोद लेने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# चित्रकूट में शौर्य जागरण यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

- संतों के मार्गदर्शन में हुआ विशाल जनसभा का आयोजन
- सनातन धर्म की रक्षा को युवाओं से आगे आने का किया गया आह्वान

**संवाददाता।** चित्रकूट



**विश्व** हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा कानपुर प्रांत की शौर्य जागरण यात्रा झांसी से शुभारंभ होकर चित्रकूट पहुंची। रामायण मेला प्रेक्षाग्रह में राष्ट्रीय सह मंत्री गोविंद जी के मुख्यातिथ्य एवं चित्रकूट परिक्षेत्र के संत जनों के मार्गदर्शन में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ।

जनसभा को संबोधित करते हुए गोविंद जी ने कहा की सनातन धर्म अनेकानेक आघातों व षड्यंत्रो को सहकर भी अब तक सशक्त रूप से खड़ा है। यह सनातन धर्म के शौर्य का प्रकटीकरण है। हर हमले को झेलकर सनातन धर्म दुगनी ऊर्जा के साथ पुन: विश्व का नेतृत्व करने के लिए खड़ा हुआ है। विधर्मी लगातार सनातन धर्म के विरुद्ध अनेकों षड्यंत्र रच रहे हैं। लव जिहाद, मतांतरण जैसे षड्यंत्र निरंतर हिंदू धर्म को आघात पहुंचा रहे हैं। तथाकथित सेकुलर राजनीतिक दल वोट बैंक तुष्टिकरण की राजनीति के लिए हिंदू धर्म को विनष्ट करने पर आमादा हैं। हिंदू युवाओं को आगे आकर लव जिहाद व मत्तांतरण के कुचक्र में फंस गई हिंदू युवतियों के पुन: घर वापसी के लिए सक्रिय प्रयास करने होंगे। उन्हें सहयोग वह सहायता देने के लिए आगे बढ़कर प्रयास करना होगा। युवा शक्ति को जागृत होकर धर्म की रक्षा करते हुए सशक्त वह जागृत जनशक्ति का निर्माण करना है।

कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने कहा की युवाओं को धर्म व संस्कृति तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए आगे आना होगा। संत दिव्य जीवन दास जी ने कहा की युवा शक्ति को धर्म योद्धा बनकर काम करना होगा। संत राम जी दास जी ने कहा की संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित रहना होगा। कर्वी नगर प्रवेश करने पर शौर्य यात्रा का स्वागत करते हुए लवकुश चतुर्वेदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हिन्दू समाज को संगठित करने में विश्व हिन्दू परिषद का महत्वपूर्ण योगदान है।

# घर में आराम कर रहे गुरुजी, 2000 में पढ़ाने को ठेके पर रख ली युवती

**कोंच,** जालौन। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों के भविष्य के साथ किस तरह से गुरुजी ही अंधकारमय बनाने में लगे हुये है इसका जीता जागता उदाहरण उस दौरान सामने आया जब नदीगांव विकासखंड के ग्राम रवा के प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण करने बीडीओ गौरव कुमार जा पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गये। गांव के ही प्रधानाध्यापक ने गांव की ही एक युवती को ठेके पर दो हजार रुपये में रख दिया जो बच्चों के बीच बैठी मिली। जबकि सहायक शिक्षिका पिछले चार वर्षों से अवैतनिक अवकाश पर चल रही है।

परिषदीय विद्यालयों की दुर्दशा को सुधारने के बार में आला अधिकारियों के निर्देश के बाद नदीगांव विकास खंड के ग्राम रवा में स्थित प्राथमिक विद्यालय का सोमवार को खंड विकास अधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश कुमार जो गांव के ही निवासी हैं, उनके सामने ही अपने घर से विद्यालय में प्रवेश करते हुए पाए गए। विद्यालय में मौजूद एक युवती से जब उसके बारे में पूंछा गया तो युवती ने बताया कि 2 हजार रुपये मासिक पर उसे प्रधानाध्यापक ने बच्चों को पढ़ाने के लिए रखा हुआ है। अभिलेखों को लेकर खंड विकास अधिकारी ने बताया कि विद्यालय संचालन से संबंधित अभिलेख मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके और बच्चों की संख्या भी कम पायी गयी। शिक्षा का स्तर भी उत्तम नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि निरीक्षण की पूरी रिपोर्ट शीघ्र ही तैयार कर जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की जाएगी। हैरानी की बात है कि बड़ी संख्या में ऐसे परिषदीय विद्यालय हैं जहां तैनात शिक्षकों ने ठेके पर गांव के ही युवक व युवतियों को बच्चों को पढ़ाने के साथ ही नियमित विद्यालय खोलने के लिये रख लिया है।



- प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण पर पहुंचे बीडीओ ने जानी हकीकत

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज

**कोंच, जालौन।** शादी का झांसा देकर नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी किशोर के विरुद्ध पुलिस ने गत रोज दफ़ा 376 व 3/4 पॉस्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने सादा वर्दी में पुलिस कर्मियों के साथ उसके ग्राम पड़री स्थित घर से उसे अपने साथ ले लिया और न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उक्त आरोपी किशोर को बाल कल्याण सुधार ग्रह ललितपुर भेज दिया गया है। विदित हो कि उरई निवासी एक महिला ने कोंच कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी के साथ शादी करने का झांसा देकर कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी एक किशोर ने बीते मार्च माह में कई बार दुष्कर्म किया। अब वह बेटी के साथ शादी करने से मुकर गया है। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने आरोपी किशोर के विरुद्ध दफा 376 व 3/4 पॉस्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

# चोरी की गईं दस लाख की मटर की बोरियां पुलिस ने कीं बरामद

- घटना को अंजाम देने वाले दो चोर पकड़े गये

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**नगर** में कैलिया बाईपास मार्ग पर स्थित एक गोदाम से गत 6 अक्टूबर की रात्रि में 10 लाख रुपये से अधिक कीमत की मटर की 281 बोरियों और तुलाई कांटा चोरी हो जाने की घटना के खुलासे में लगी पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई। प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के निर्देशन में उप निरीक्षक भीमपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरों और मुखबिर की मदद से डीसीएम नंबर यूपी 92 एटी 0755 में लादकर चोरी की गयीं मटर की सभी बोरियां थाना आटा के ग्राम करमचंदपुर के समीप से बरामद कर ली।

पुलिस ने मटर चोरी करने के आरोप में मो. उमर पुत्र अजहर निवासी आजाद नगर कोंच व राजेन्द्र पांडे पुत्र राधेश्याम निवासी ग्राम अकोली थाना आटा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों को दफ 380, 411, 457 में निरुद्ध कर जेल भेज दिया है जबकि डीसीएम सीज कर दी गई है।

## 175 वें रामलीला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**जालौन, उरई।** रामलीला भवन में हर वर्ष आयोजित होने वाले श्रीरामलीला के 175वें महोत्सव का गणेश पूजन व प्रसाद वितरण के साथ शुभारंभ हुआ। गणेश पूजन का कार्य आचार्य महेश द्वारा संपन्न कराया गया। नगर की ऐतिहासिक प्राचीन रामलीला के 175वें महोत्सव की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आचार्य महेश अवस्थी द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के साथ गणेश पूजन किया गया। समिति के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी ने भगवान गणेश की स्थापना की एवं पूजा अर्चना कर रामलीला कार्य के सफल मंचन के लिए राम भक्त हनुमानजी से प्रार्थना की। रामलीला के मंचन को इस बार उत्तर भारत के महान कलाकारों को मंचन कर कला के प्रदर्शन का मौका दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### डीएम की अध्यक्षता में एआरपी कार्यशाला का आयोजन

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय ब्लॉक कमालगंज में जनपद स्तरीय ए आर पी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यशाला में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत आप सभी को जो दायित्व मिला है उसे पूरी लग्न ईमानदारी से कर अपने लक्ष्य को पूर्ण करें और निपुण भारत मिशन को सफल बनाएं।

### मार्ग निर्माण के लिए सत्याग्रहियों ने मुड़वाया सिर

**असोथर, फतेहपुर।** विजयीपुर-गाजीपुर सड़क के लिए जारी सत्याग्रह में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उदासीनता अन्न छोड़कर सत्याग्रह पर बैठे युवाओं के लिए ऊर्जा का काम कर रही है। सत्याग्रहियों को क्षेत्रीय समर्थन हर रोज बढ़कर मिल रहा है। रविवार रात एक दैनिक समाचार पत्र के संपादक अखिलेश पांडेय ने सत्याग्रहियों से मिलकर हालचाल लिया। पांडेय ने कहा कि सत्याग्रह एक दिन जरूर सफल होगा। कहा कि इसकी उपेक्षा करने वाले जनप्रतिनिधियों का असली चेहरा लोगों के सामने आ चुका है। सड़क के लिए वर्षों से झूठ बोलते आ रहे नेता और अधिकारी रू सत्याग्रही प्रवीण पांडेय, धर्मेंद्र दीक्षित, आशू सिंह आदि लोगों का कहना था लगातार आठ दिन हो चुके हैं। सड़क का निर्माण कब से शुरू होगा, यह बताने को कोई जिम्मेदार नरैनी चौराहा नहीं आया है।

### रिटायर्ड फौजी के आवासीय प्लाट पर किया कब्जा

**मौदहा, हमीरपुर।** सेवानिवृत्त फौजी के आवासीय प्लाट पर भू माफिया ने अवैध कब्जा कर लिया। जिसके बाद पीड़ित अपने प्लाट को कब्जा मुक्त कराने के लिए सोमवार को उप जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंचकर न्याय मांगने लगा। मोइनुद्दीन भारतीय सेना में सूबेदार के पद पर तैनात रहा है जिसने साढ़े आठ लाख रुपये की कीमत का एक आवासीय प्लाट कपसा रोड पर खरीदा था जिसके कुछ दिनों बाद वह हज करने के लिए सऊदी अरब चला गया तभी मौका देख भू माफिया ने उसके प्लॉट पर बेमानी की नीयत से चारदीवारी कर फाटक लगा दिया। वहीं जब रिटायर्ड फौजी हज यात्रा से वापस आया तो देखकर दंग रह गया और इस मामले की तहकीकात करने में जुट गया तभी उसे पता चला कि वेलकम गेस्ट हाउस के मालिक सगीर अहमद ने इस कृत्य को अंजाम दिया है।

# धनराशि जारी न होने से कंगाली की हालत में पंचायत सहायक व शौचालय केयर टेकर

- डेरापुर की चिलौली ग्राम पंचायत का मामला
- बीते एक वर्ष से नहीं मिला दोनों को मानदेय

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**जनपद** के डेरापुर विकास खण्ड की चिलौली ग्राम पंचायत का खाता बन्द होने से बीते एक वर्ष से अधिक पंचायत सहायक व शौचालय केयर टेकर का मानदेय अटका पड़ा है, जिससे दोनों पाई-पाई को मोहताज हो कर्ज के जाल में फंस गये हैं। तत्कालीन कार्यवाहक प्रधान के कार्यकाल में ओडीएस प्लस के कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं के चलते चिलौली ग्राम पंचायत में बीते कई महीनों से धनराशि उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। चिलौली ग्राम पंचायत के चिलौली, सुजनीपुर व गहोबा गांव बीते कई महीनों से विकास कार्यों के लिये आ रही धनराशि उपलब्ध न होने से विकास में काफी पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। वहीं सबसे बुरा हाल पंचायत सहायक सरोज कुमार व शौचालय केयर टेकर विधवा रानी का है जिनको एक वर्ष से भी अधिक समय से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय निर्गत न होने से पंचायत सहायक व शौचालय केयर टेकर पाई-पाई पैसे को मोहताज है तथा घर गृहस्थी के आवश्यक खर्च को चलाने के लिये कर्ज के जाल में फंसते चले जा रहे हैं।

## अग्रसेन महोत्सव में बच्चों ने सजाए लज़ीज़ व्यंजनों के स्टाल

**पुखरांया, कानपुर देहात।** महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर सोमवार को अग्रवाल सभा की ओर से अग्रसेन बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभा के पदाधिकारी रमा अग्रवाल, रूबी गर्ग, प्रीति बंसल, अनुभव अग्रवाल, मनोज गोयल आदि ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। मेले में बच्चों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पदाधिकारियों ने उनका उत्साहवर्धन किया। मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कई स्टाइल लगाए। जिसमें अभिभावक महिलाओं ने बच्चों का सहयोग करते हुए कई तरह के पकवान भी बनाए।



## प्रदेश अध्यक्ष पर कार्रवाई कांग्रेसियों ने जताया विरोध

**फतेहपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के विरुद्ध 2015 में अन्याय प्रतिकार यात्रा के दौरान दर्ज मुकदमे में प्रदेश सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से की गई कार्रवाई के खिलाफसोमवार को राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय की अगवाई में प्रेषित ज्ञापन में कहा गया कि वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज के विरुद्ध अन्याय प्रतिकार यात्रा के दौरान 82 लोगों के विरुद्ध मुकदमे पंजीकृत हुए जिनमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भी अभियुक्त बनाया गया था लेकिन एक मात्र प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को छोड़कर अन्य 81 लोगों के विरुद्ध आरोप वापस लेने की संस्तुति अदालत से करके 81 लोगों को आरोप मुक्त कर दिया गया। ज्ञापन में राज्यपाल से मांग की गई कि एक ही मामले में दो तरह के फैसले करना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है।

# सहकारिता की मदद से किसानों की बढ़ेगी आयः प्रभुदत्त दीक्षित




**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक द्वारा किसानों की आय में बढ़ोत्तरी करने के लिये सदस्यता अभियान में किसानों को वरीयता दिए जाने व वी पैक्स के माध्यम से उन्हें रियायती दर पर केसीसी ऋण वितरण एव अनेक रोजगार परक योजनाओ से जोड़कर आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने का कार्य किया जायेगा। बताया कि सदस्यता महाअभियान में मे लक्ष्य से अधिक लोगो को कॉपरेटिव से जोड़ा गया है। उक्त बातें डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित व सचिव/कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। सोमवार को डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक मुख्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अध्यक्ष प्रभदत्त दीक्षित व कार्यपालक अधिकारी बृजेश विश्वकर्मा ने बैंक के 125 वर्ष पूरे होने को महान उपलब्धि बताया। कहा कि एक से लेकर 30 सितंबर तक ग्रामीण प्राम्भिक समिति बी पैक्स के चलाये गये महाअभियान में जनपद को निर्धारित लक्ष्य 31640 के सापेक्ष 31700 बनाये गये हैं। सदस्यों को कई तरह की सुविधाओं का लाभ दिया जाना है जिसमे प्रतिशत ब्याज दर से केसीसी के माध्यम से फसली ऋण, केसीसी पशुपालन व मत्स्य पालन खाद बीज व कीटनाशक दवाइयों की खरीद के लिए भी ऋण उपलब्ध होगा।

# रामचरित मानस को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिएः सुमन रामायणी



**फर्रुखाबाद।** मानस विद्वानों ने कहा कि जीवन जीने का तरीका हमे रामचरित मानस से मिलता है। इसलिए हमे रामचरित मानस को अपने जीवन में उतारना चाहिए। मानस सम्मेलन के दूसरे दिन मानस विचार समिति के संयोजक डा. रामबाबू पाठक के संयोजन में पंडा बाग के सत्संग में चल रही रामकथा मे चित्रकूट से पधारी मानस कोकिला सुश्री सुमन रामायणी ने कहा कि जीवन जीने का तरीका हमे रामचरित मानस से मिलता है इसलिए रामचरित मानस को हमे अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान से किसी ने अहिल्या का उद्धार करने के लिए नहीं कहा पर समय आने पर श्रीराम ने अहिल्या का उद्धार किया। ब्रह्मज्ञानी राजा जनकजी ने श्रीराम, लक्ष्मण को अपने दरबार में देखा तो उनके स्वागत के लिए खड़े हो गए और गुरु विश्वामित्र से पूछा कि दोनो कुमार कौन है।गुरुजी ने बताया कि दोनो राजा दशरथ के पुत्र है।इस पर जनकजी ने सीता भक्ति रूपी घर में राम लक्ष्मण को ठहराया और सीता को अपने घर में रख लिया। परमात्मा हमेशा भक्त के पास रहता है।

## प्रधान को दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** विकासखंड कायमगंज की ग्राम पंचायत जिजपुरा के ग्राम प्रधान सोवरनसिंह पुत्र रामप्रकाश ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि ग्राम औजन नगला में क्षेत्रीय लेखपाल आशीष वर्मा द्वारा सरकारी कार्य हेतु जल जीवन मिशन के लिए बनने वाली टंकी के लिए जमीन चिन्हित की थी। यह कार्य होते ही इसी गांव के निवासी जबर सिंह पुत्र जगमोहन तथा उनके लड़के गोविंद व सद्दन तथा इन्हीं के परिवारी आलोक पुत्र कुलुपसिंह ने दबंगई दिखाते हुए उसे फोन पर गाली गलौज किया। इतना ही नहीं इन लोगों ने गोली मारने की धमकी दी और कहा कि यदि उनके गांव की तरफ दिखाई दिया तो तेरे ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा देंगे। इस बाबत प्रधान ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। एनसीआर दर्ज कर ली गई है।

# पेज एक का शेष

## इजराइल ने...

**सैन्य** सूत्रों के अनुसार, हमास के हमले में मारे गए सभी 10 लोग पश्चिमी नेपाल में सुदूर पश्चिम विश्वविद्यालय के कृषि पाठ्यक्रम के छात्र थे। इजराइल में अभी नेपाल के 4,500 नागरिक देखरेख कर्मी के तौर पर काम रहे हैं। इजराइली सरकार के लर्न एंड अर्न कार्यक्रम के तहत इजराइल में नेपाल के कुल 265 छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। उनमें से 119 कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय के, 97 त्रिभुवन विश्वविद्यालय के और 49 सुदूर पश्चिम विश्वविद्यालय के हैं। उनमें से सभी कृषि पाठ्यक्रम के स्नातक स्तर के छात्र हैं। दूतावास ने कहा, हम घटना में मारे गए लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। एक लापता नेपाली नागरिक की तलाश करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिनाख्त होने के बाद शव जल्द ही नेपाल लाए जाएंगे। नेपाल सरकार ने इजराइली सरकार से अनुरोध किया है कि जिन घायलों का इलाज हो रहा है, उनके लिए आवश्यक बंदोबस्त किए जाएं। मंत्रालय ने कहा कि वह स्वदेश लौटने के इच्छुक अपने नागरिकों को वापस लाने के लिए इजराइली सरकार और तेल अवीव में दूतावास के संपर्क में है।

## चुनाव का...

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। खरगे ने यह उम्मीद भी जताई कि पांचों राज्यों में कांग्रेस की जीत होगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, 5 राज्यों के चुनावों की घोषणा के साथ ही भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ जनता के पास जाएगी। जन-कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विकास ही कांग्रेस पार्टी की गारन्टी है। कुमार ने बताया कि इन चुनावी राज्यों में कुल 679 विधानसभा क्षेत्रों में 16.14 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें करीब 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता और 7.8 करोड़ महिला मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अनुसार, इन पांच राज्यों में 60 लाख से अधिक मतदाता 18 से 19 साल के आयु वर्ग के हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। कुमार ने कहा कि इन पांच राज्यों में 1.77 लाख मतदान केंद्र होंगे, जिनमें से 1.01 लाख में वेबकास्टिंग की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि 8,000 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम छह महीने के अंतराल के बाद यहां एकत्र हुए हैं। ये चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके बाद हम लोकसभा चुनाव की घोषणा के लिए मिलेंगे। उन्होंने कहा, हमने मिजोरम, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों की तैयारी के दौरान राजनीतिक दलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों सहित सभी हितधारकों से मुलाकात की है। सीईसी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची को समावेशी बनाने पर विशेष जोर दिया है और ध्यान रोल-टू-पोल या यह सुनिश्चित करने पर भी होगा कि सभी मतदाता मतदान करने के लिए आएं। कुमार ने कहा कि चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए पूरे प्रयास किए गए हैं। उन्होंने पांचों राज्यों के मतदाताओं विशेषकर युवाओं, महिलाओं एवं शहरी मतदाताओं का आह्वान किया कि वे मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कुमार ने कहा कि पहली बार विधानसभा चुनावों के लिए एक नई चुनाव जब्ती प्रबंधन प्रणाली शुरू की जा रही है, ताकि प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निगरानी बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी और अवैध शराब, नकदी, मुफ्त सामान और ड्रग्स के प्रवाह को रोकने के लिए कुल 940 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। सीईसी ने कहा कि धनबल के इस्तेमाल को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संदिग्ध ऑनलाइन नकद हस्तांतरण पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल 17 दिसंबर को खत्म होगा। इस पूर्वोत्तर राज्य में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म होगा।

## टोल प्लाजा...

**इस** साल की शुरुआत में ग्रेटर नोएडा के लुहारली टोल प्लाजा पर एक लड़ाई के सिलसिले में पांच टोल प्लाजा कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था। इन्होंने टोल के भुगतान को लेकर ग्रेटर नोएडा के एक स्थानीय व्यक्ति पर हमला किया था। इसके बाद लड़ाई शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित घायल हो गया। एसओपी के अनुसार, एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय यह सुनिश्चित करेंगे कि टोल एकत्र करने वाली एजेंसी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करे। टोल एकत्र करने वाली एजेंसी यह सुनिश्चित करेगी कि टोल प्लाजा पर कर्मचारी नाम बैज के साथ निर्धारित एनएचएआई वर्दी पहनें। एनएचएआई के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि 'हिंसा की किसी भी प्रत्याशित घटना को केवल टोल प्लाजा प्रबंधक/लेन पर्यवेक्षकों द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए, जो टोल प्लाजा पर हिंसा की घटनाओं को रिकॉर्ड करने के लिए बॉडी कैमरे पहनेंगे। सड़क उपयोगकर्ता द्वारा अनियंत्रित व्यवहार के मामले में, लेन पर्यवेक्षक हस्तक्षेप करेगा और मुद्दे को शांतिपूर्वक हल करने का प्रयास करेगा। किसी भी परिस्थिति में टोल प्लाजा कर्मचारी उत्तेजक भाषा का उपयोग नहीं करेंगे या हिंसा का सहारा नहीं लेंगे। यदि समस्या बनी रहती है या बढ़ती है तो टोल प्लाजा अधिकारी स्थानीय पुलिस की मदद ले सकते हैं और एफआईआर दर्ज कर सकते हैं। ऐसी घटनाओं की पुलिस को रिपोर्ट करने के लिए सबूत के तौर पर कर्मचारी वीडियोग्राफी करा सकते हैं। कोई भी घटना जिसमें सड़क उपयोगकर्ता द्वारा शारीरिक हिंसा या टोल प्लाजा पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान शामिल है, टोल संग्रहण एजेंसी द्वारा तुरंत सभी आवश्यक दस्तावेजों/सबूत के साथ पुलिस और संबंधित एनएचएआई परियोजना कार्यान्वयन इकाई को सूचित किया जाना चाहिए। एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि टोल एकत्र करने वाली एजेंसी के पास टोल प्लाजा पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी का पुलिस सत्यापन हो। इसके अलावा, टोल संग्रह करने वाली एजेंसी को टोल प्लाजा कर्मचारियों को सड़क उपयोगकर्ताओं के साथ विनम्र रहने का निर्देश देना चाहिए। टोल संग्रह एजेंसी को संबंधित एनएचएआई परियोजना कार्यान्वयन इकाई को घटनाओं/एफआईआर का मासिक विवरण भी देना चाहिए ताकि अधिकारियों द्वारा निष्क्रियता के मामले में, एनएचएआई के फील्ड अधिकारी जिला कलेक्टर को इसकी रिपोर्ट कर सकें और कार्रवाई का अनुरोध कर सकें। समेकित रिपोर्टों को एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय बैठकों में लिया जा सकता है।

## जब अखिल...

**इस** साल एशियाई खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर निशानेबाज ने कहा, '100 पदक के मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए हम दृढ़ संकल्पित थे। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक एथलीट ने लगन से ट्रेनिंग की।' उन्होंने कहा, 'सरकार ने एथलीटों के उत्साह को बढ़ाने और छात्रावास और स्टेडियम सुविधाओं में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगर युवा प्रतिभाएं कम उम्र में अच्छा प्रदर्शन करें तो उनके चमकने की संभावना है।' उन्होंने कहा, स्पोर्ट्स अथॉरिटी इंडिया की योजना और हमारे निशानेबाजी महासंघ ने विदेशी प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के लिए विदेशी दौरों पर आमंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दी गई जानकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के नेतृत्व में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दृष्टिगत जनपद में विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ सफाई, एंटी लार्वा छिडकाव तथा अन्य संबंधित गतिविधियों को विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों, गांव में कराया गया। इसके अन्तर्गत आज नगर पालिका झींझक के वार्ड नंबर 19 द्वारिका गंज, वार्ड नंबर 22 मंगल पांडेय नगर एवं नगर पंचायत रनियां में सफाई कर्मचारियों द्वारा नालियों की साफ सफाई तथा एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया। संबंधित सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा अधिकारियों द्वारा विकास खंड राजपुर के ग्राम बहुरापुर, विकासखंड मैथा क्षेत्र के सिंहपुर शिवली, विकासखंड रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगन चकर उर्फ निभू, विकासखंड अकबरपुर क्षेत्र के ग्राम नारिहा विकासखंड डेरापुर के ग्राम सरगांव बुजुर्ग आदि में किसानों को संचारी रोगों से बचाव के संबंध में व्यापक रूप से जानकारी दी गई तथा चूहा एवं छछूंदर के नियंत्रण एवं उनसे फैलने वाली हानिकारक बीमारियों की जानकारी दी गई तथा प्रचार प्रसार किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार,10 अक्टूबर, 2023



# भारतीय-अमेरिकी नेताओं ने इजराइल का समर्थन किया

भाषा। वाशिंगटन





**रिपब्लिकन पार्टी की** ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ में शामिल निक्की हेली और विवेक रामास्वामी समेत अन्य प्रतिष्ठित भारतीय–अमेरिकी नेताओं ने हमास के अप्रत्याशित हमलों में सैकड़ों लोगों की मौत के बाद इजराइल का समर्थन किया है। फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने शनिवार को दक्षिणी इजराइल में कई रॉकेट हमले किए, जिसमें कम से कम 700 लोगों की मौत हो गई और 2,000 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। हेली ने रविवार को एनबीसी न्यूज से कहा, हमास और उसका समर्थन कर रही ईरान सरकार इजराइल का खात्मा, अमेरिका का खात्मा के नारे लगा रहे थे। हमें इसे याद रखना होगा। हम इजराइल के साथ हैं, क्योंकि हमास, हिजबुल्ला, हूती और ईरान समर्थक हमसे नफरत करते हैं। उन्होंने कहा, हमें याद रखना होगा कि इजराइल के साथ जो भी हुआ है, वह अमेरिका में भी हो सकता है। मैं उम्मीद करती हूं कि हम सभी एकजुट हैं और इजराइल के साथ खड़े हैं, क्योंकि अभी उन्हें वाकई हमारी जरूरत है। हेली ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से उनका (हमास का) खात्मा करने को कहा। हमास फलस्तीनी इस्लामिक आतंकवादी समूह है, जो 2007 से गाजा पट्टी में शासन चला रहा है। गाजा पट्टी की आबादी करीब 23 लाख है। यह इजराइल, मिस्र और भूमध्यसागर से घिरा 41 किलोमीटर लंबा और 10 किलोमीटर चौड़ा क्षेत्र है। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हासिल करने की दौड़ में शामिल रामास्वामी ने कहा कि इजराइल पर हमले से अमेरिका को यह अहम सीख मिली है कि वह अपनी सीमाओं की रक्षा को लेकर लापरवाह नहीं हो सकता। रामास्वामी ने रविवार को कहा, अगर यह वहां हो सकता है, तो यहां भी हो सकता है। अभी हमारी सीमा ही पूरी तरह से लचर है। दक्षिणी सीमा पर हालात खराब है और मैं कल उत्तरी सीमा पर गया था, जो आक्रमण के लिए पूरी तरह से खुली हुई है। हमास ने ऐसा वक्त चुना, जब इजराइल घरेलू राजनीति को लेकर पूरी तरह विभाजित है, जैसा कि हमारे देश की स्थिति है। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मुकेश आघी ने रविवार को एक्स पर लिखा, मैं इजराइल के साथ हूं। इस पोस्ट की पृष्ठभूमि में भारत का ध्वज था। वहीं, भारतीय–अमेरिकी समुदाय के नेता भरत बराई ने हमास और हिजबुल्ला को दुनिया का सबसे बर्बर आतंकवादी संगठन करार दिया। उन्होंने कहा, इजराइल को उस पर हमले, निर्दोष इजराइली नागरिकों की हत्या, अपहरण, दुष्कर्म और प्रताड़ना के लिए इस बर्बर आतंकवादी संगठन का खात्मा करने का पूरा अधिकार है। पूरे सभ्य समाज को हमास और ऐसे ही अन्य बर्बर संगठनों की निंदा करनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने इजराइल के प्रति ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को व्यक्त किया



**लंदन।** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हमास की ओर से आतंकवादी हमले का सामना कर रहे इजराइल के प्रति ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को व्यक्त किया है। ब्रिटेन में यहूदी समुदाय की सुरक्षा को लेकर उन्होंने अपने इजराइली समकक्ष को एक बार फिर आश्वस्त किया है। लंदन में पुलिस ने कुछ अपराध दर्ज किए हैं जो मध्य पूर्व में संघर्ष का परिणाम हैं। डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से कहा गया कि रविवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत के दौरान सुनक ने फिर से पुष्टि की कि ब्रिटेन घातक आतंकवादी कृत्यों के खिलाफ स्पष्ट रूप से इजराइल के साथ खड़ा है। सुनक ने बाद में नेतन्याहू के साथ अपने बातचीत का अपडेट एक्स पर पोस्ट करते हुए घोषणा की कि आतंकवाद प्रबल नहीं होगा। एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो संदेश में सुनक ने कहा, पिछले 36 घंटे में हमने इजराइल में जो दृश्य देखे हैं, वे वाकई भयावह हैं। मैंने आज पहले प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की और उन्हें ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन का आश्वासन दिया क्योंकि इज़राइल इन हमलों के खिलाफ खुद का बचाव कर रहा है। आतंकवाद प्रबल नहीं होगा। स्कॉटलैंड यार्ड ने भी चेतावनी दी है कि वह मध्य पूर्व में संघर्ष के परिणामस्वरूप लंदन की सड़कों पर आपराध की किसी भी रिपोर्ट के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने का रुख अपनाएगा। इस बीच, विपक्षी लेबर पार्टी ने भी आतंकवादी हमलों की दोबारा निंदा करते हुए कहा कि पार्टी इजरायल के लोगों के साथ खड़ी है।

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान, चीन सीपेक में तीसरे पक्षों को भागीदारी के लिए आमंत्रित करेंगे : पाकिस्तानी राजदूत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और चीन 60 अरब डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपेक) में भागीदारी के लिए तीसरे पक्षों को आमंत्रित करने पर राजी हो गए है। पाकिस्तान के एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी।यह गलियारा चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का अहम हिस्सा है।पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान ने बताया कि चीन में पाकिस्तान के राजदूत मोइनुल हक ने चीन के आधिकारिक टेलीविजन सीसीटीवी को रविवार को बताया कि दोनों देश अब सीपेक का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर काम कर रहे है।भारत, चीन में शिनजियांग प्रांत को पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह तक जोड़ने वाले सीपेक का कड़ा विरोध करता है क्योंकि यह, कश्मीर के उस हिस्से से होकर गुजरता है जिस पर पाकिस्तान का कब्जा है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को शिनजियांग प्रांत से जोड़ने वाला सीपेक चीन की अरबों रुपए की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) परियोजना का हिस्सा है।

### कार्यस्थल पर लैंगिक भेदभाव पर शोध के लिए क्लॉडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर क्लॉडिया गोल्डिन को श्रम बाजार में स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव संबंधी समझ को बेहतर बनाने के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने सोमवार को यहां पुरस्कार की घोषणा की। गोल्डिन अर्थशास्त्र के क्षेत्र में 93 नोबेल पुरस्कार विजेताओं में यह सम्मान प्राप्त करने वाली तीसरी महिला है। गोल्डिन ने 200 वर्षों में कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी का अध्ययन किया, जिसमें पाया गया कि निरंतर आर्थिक प्रगति के बावजूद महिलाओं का वेतन पुरुषों के समान नही रहा। उन्होंने पाया कि महिलाओं का पुरुषो के मुकाबले उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी लैंगिक भेदभाव बरकरार है। मै सदैव आशावादी रही हूं। लेकिन, जब मै आंकड़ों को देखती हूं, तो मुझे लगता है कि अमेरिका में कुछ ऐसा हुआ है कि 1990 के दशक में, महिलाओं के लिए हमारी श्रम शक्ति भागीदारी दर दुनिया मे सबसे ज्यादा थी, और अब यह दुनिया में सबसे ज्यादा नही है।

### इज़राइल में फंसे नेपाली विद्यार्थियों ने वीडियो संदेश भेजकर सरकार से उन्हें निकालने की अपील की

**काठमांडू।** इज़राइल में फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास के हमले के बाद बंकरों में रह रहे नेपाल के विद्यार्थियों ने एक वीडियो संदेश भेजकर अपनी सरकार से उनकी वतन वापसी के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने शनिवार सुबह अचानक से दक्षिणी इजराइल पर हमला कर दिया था और तबाड़तोड़ रॉकेट हमले किए थे।नेपाली भाषा के ऑनलाइन समाचार पोर्टल सेतोपाटीडॉटकॉम की खबर के मुताबिक, वीडियो मे विद्यार्थियो ने कहा, हम इस बंकर मे सुरक्षित नही है क्योंकि पहले हमास के लोगो ने बंकर मे घुसकर हमारे दोस्तो को बेरहमी से मार डाला था और हम नही चाहते कि हमारा भी यही हाल हो। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, लर्न एंड अर्न अध्ययन कार्यक्रम के तहत कुछ नेपाली समेत 265 विद्यार्थी इज़राइल गए थे। इज़राइल के दक्षिणी इलाके मे हमास के हमलो मे सैनिको समेत कम से कम 700 लोगों की मौत हो गई है और 2,100 से ज्यादा लोग जख्मी हुए है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, इज़राइल के जवाबी हमलों में गाज़ा पट्टी में करीब 500 लोगों की मौत हुई है और दो हजार से ज्यादा लोग घायल हुए है।इससे पहले, सुदुर पश्चिम विश्वविद्यालय के 17 नेपाली विद्यार्थी गाजा पट्टी के पास के इलाके किबुत्ज़ अलुमिम में एक खेत में काम कर रहे थे और वे हमास के हमले की चपेट में आ गए थे।

### अफ़गानिस्तान में भूकंप प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे तालिबान के वरिष्ठ अधिकारी

**इस्लामाबाद।** तालिबान के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शक्तिशाली भूकंप में कम से कम 2,000 लोगों की मौत होने के बाद सोमवार को अफगानिस्तान के हेरात प्रांत की यात्रा कर रहा है। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। शनिवार को घनी आबादी वाले हेरात में 6.3 तीव्रता का भूकंप आया था। राजधानी काबुल में जारी एक बयान के अनुसार तालिबान द्वारा नियुक्त उप प्रधानमंत्री अब्दुल गनी बरादर और उनकी टीम सोमवार को भूकंप प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके आपात राहत सहायता प्रदान करेगी। साथ ही सहायता का न्यायसंगत और सटीक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

### धमकी मिलने के बाद हैम्बर्ग हवाई अड्डे पर उड़ानें स्थगित की गईं

**बर्लिन।** जर्मनी में ईरान के एक विमान को धमकी मिलने के बाद सोमवार को हैम्बर्ग हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें लगभग डेढ़ घंटे के लिए निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जर्मनी की समाचार एजेंसी डीपीए की खबर के मुताबिक उत्तरी जर्मनी में हवाई अड्डे पर विमानों के उतरने और उड़ान भरने को अपराह्न 12:40 बजे रोक दिया गया तथा यहां आने वाली कुछ उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर उन्हें अन्य स्थानों के अलावा हनोवर की ओर भेज दिया गया। बाद में उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू हुआ, हालांकि हवाई अड्डे ने अपनी वेबसाइट पर चेतावनी दी कि उड़ानो मे देरी अभी भी संभव है। संघीय पुलिस ने कहा कि उन्हे सोमवार सुबह तेहरान-हैम्बर्ग उड़ान पर हमले के बारे मे ई-मेल के जरिए एक धमकी मिली और वे इसे गंभीरता से ले रहे है। ईरान का विमान अपराह्न करीब 12:20 बजे हैम्बर्ग मे उतरा।

### तथ्यों को गलत तरह से पेश करने पर पूर्व सेना प्रमुख बाजवा को नोटिस जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद को मीडिया साक्षात्कारों के दौरान कथित तौर पर तथ्यों को गलत तरह पेश कर सेवानिवृत्त सैनिको के लिए तय कानूनों का उल्लंघन करने के मामले में नोटिस जारी किया। अदालत ने एक नागरिक द्वारा दोनों पूर्व वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई के अनुरोध वाली याचिका पर नोटिस जारी किए। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने पत्रकार जावेद चौधरी और शाहिद मैतला और मीडिया नियामक निगरानी संस्था पेमरा को भी नोटिस जारी किया। इस साल की शुरुआत में, पूर्व सेना प्रमुख ने दो पत्रकारों के साथ साक्षात्कार के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान को कथित तौर पर सत्ता से बाहर करने के अलावा नागरिक-सैन्य संबंधों और अन्य मुद्दों सहित विभिन्न मामलों पर चर्चा की थी।

# इजराइल के नेता प्रतिपक्ष ने अपने देश के प्रति एकजुटता जताने के लिए भारत का आभार किया

भाषा। यरूशलम

**इजराइल के** पूर्व प्रधानमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष यायर लापिद ने अपने देश के प्रति समर्थन जताने के लिए सोमवार को भारत के प्रति आभार व्यक्ति किया। गाजा पर शासित फलस्तीनी चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार सुबह इजराइल के दक्षिणी हिस्सों पर अचानक और अभूतपूर्व हमला किया था। इस हमले में इजराइल में सैनिकों समेत कम से कम 700 लोग मारे गए हैं और 2,100 से अधिक घायल हुए हैं। इसे कम से कम 50 वर्षों में इजराइल पर हुआ सबसे घातक हमला बताया जा रहा है। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी में इजराइल के जवाबी हमले में लगभग 560 लोगों की मौतें हुई है और 2,900 से अधिक घायल हुए हैं। समाचार चैनल एनडीटीवी को दिए साक्षात्कार में जब लापिद से जब पूछा गया कि इजराइल हमास के इन हमलों का जवाब कैसे देगा, तो उन्होंने कहा, सबसे जरूरी चीज यह है कि हम हमास को बढ़ने से रोकें और यह सुनिश्चित करें कि उसे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के नरसंहार का मौका न मिले। प्रधानमंत्री (बेंजामिन नेतान्याहू) ने कहा है कि यह बहुत मुश्किल होने वाला है और हमें धैर्य रखना होगा। उन्होंने कहा, मैं इजराइल के प्रति समर्थन जताने के लिए प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमास हमले के बाद इजराइल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा था, इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से स्तब्ध हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीडि़त परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में हम इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं।

### अमेरिकन एयरलाइंस के पायलट संघ ने युद्ध का हवाला देकर इजराइल के लिए उड़ान न भरने को कहा



**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिकन एयरलाइंस के पायलट संघ ने गाजा पट्टी में इजराइलियों और फलस्तीनियों के बीच जारी युद्ध का हवाला देते हुए अपने सदस्यों से इजराइल के लिए उड़ान नही भरने का आह्वान किया है। संघ के अध्यक्ष एड सिशर ने सदस्यों को भेजे ईमेल मे कहा है कि विमानन कंपनी के पायलट को इजराइल के लिए तब तक उड़ान नही भरनी चाहिए, जब तक कि उन्हें क्षेत्र की सुरक्षा के बारे मे आश्वस्त नही कर दिया जाए। ईमेल मे अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया सलाह का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि इजराइल में वर्तमान स्थिति अप्रत्याशित बनी हुई है और मोर्टार एवं रॉकेट के जरिए हमले बिना किसी चेतावनी के किसी भी समय हो सकते है, जिससे विमान खतरे में पड़ सकते है। सिशर ने कहा, जानबूझकर युद्ध क्षेत्र में उड़ानों को बनाए रखकर हमारे विमान चालक दल के सदस्यों और यात्रियों को नुकसान में डालना विवेकपूर्ण या उचित नही है। इजराइल ने रविवार को औपचारिक रूप से युद्ध की घोषणा की, जब उसने हमास के एक बड़े आश्चर्यजनक हमले के जवाब मे गाजा पट्टी पर जवाबी हवाई हमले किए।

### भारत ने इज़राइल में 10 नेपाली विद्यार्थियों की मौत पर दुख जताया: नेपाल विदेश कार्यालय

**काठमांडू।** भारत ने इज़राइल मे 10 नेपाली छात्रों की मौत पर शोक व्यक्त किया है और दुख की घड़ी मे पड़ोसी देश के प्रति अपना समर्थन जताया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। गाजा पट्टी पर शासन करने वाले हमास ने शनिवार सुबह अचानक से दक्षिणी इजराइल पर हमला कर दिया था और तबाड़तोड़ रॉकेट दागे थे। इन हमलो मे सैनिको समेत कम से कम 700 लोगों की मौत हो गई और 2,100 से ज्यादा लोग घायल हुए है। इज़राइल के दक्षिणी क्षेत्र मे घुसे हमास के चरमपंथियो ने 10 नेपाली छात्रों की हत्या कर दी थी। नेपाल मे भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद को पत्र लिखकर नेपाली छात्रों की मौत पर दुख जताया।

### हमास के हमले में इजराइल में नौ अमेरिकी नागरिकों की मौत : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि हमास द्वारा सप्ताहांत मे इजराइल पर किए गए हमले मे नौ अमेरिकी नागरिको की मौत हुई है। इससे पहले हमले मे चार अमेरिकी नागरिकों के मारे जाने की सूचना थी। मंत्रालय ने कहा कि कई अमेरिकी नागरिक लापता है। प्रवक्ता ने कहा कि विदेश मंत्रालय पीडि़त परिवारों के संपर्क मे है और उन्हे दूतावास की तरफ से उचित सहायता प्रदान की जा रही है। रविवार को एक अधिकारी ने कहा था कि इजराइल मे मारे गए अमेरिकी नागरिको की संख्या छह से 12 के बीच हो सकती है। यह स्पष्ट नही हो सका है कि लापता लोगो को बंधक बना लिया गया, उनकी हत्या कर दी गई ।

### अमेरिकी नेता शूमर ने इजराइल का समर्थन नही करने पर चीन की आलोचना की

भाषा। बीजिंग

**अमेरिकी** सीनेट में बहुमत दल के नेता चक शूमर ने सोमवार को एक बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से कहा कि इजराइल पर हालिया हमास हलों की कड़ी निंदा करने तथा इजराइल और उसके लोगों के प्रति सहानुभूति दिखाने में विफल रहने से वह बहुत निराश हैं। शूमर, इस सप्ताह चीन के दौरे पर पहुंचे छह अमेरिकी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। तीन डेमोक्रेट और तीन रिपब्लिकन सांसदों वाले इस प्रतिनिधिमंडल का 2019 के बाद से अमेरिकी सांसदों द्वारा किया जाने वाला यह पहला चीनी दौरा है।

**PUBLIC NOTICE**

I, Mitu Malhotra, Wife of Justice Sh. Harbaksh Rai Malhotra R/o House No. 271/10, Cross Lane No. 2, Forest Lane, Sainik Farm, Hauz Khas, South Delhi, Delhi – 110068, is hereby informing general public that I had changed my name from Mrs. Mitu Malhotra to Mrs. Sumitra Malhotra. I want to clarify that Mrs. Sumitra Malhotra and Mrs. Mitu Malhotra refer herein is one and the same person for all legal and practical purposes.

**Public Notice**

My client Sh. Jitendra Tiwari S/o Mahendra Tiwari and Vidya Tiwari W/o Sh. Jitendra Tiwari R/o H. No. 162, New Manglapuri, Mehrauli, South Delhi-110030, have severed all relations from their daughter Payal Tiwari alias Payal and disowned her from all their moveable and immoveable properties for their misconduct, disobedience behavior. My clients will not be responsible for her future act. The said Payal Tiwari shall not claim any right in the Court of law against my properties.

S/d, Akhilesh Kr. Singh (Advocate) Seat No.-2, Patiala House Court, New Delhi-110001.

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा पत्नी श्री अजीत ने ग्राम मोहनीपुर, परगना दौराला, तहसील सरधना, जिला मेरठ (उ.प्र.) में स्थित एक प्लॉट, एरिया परिमाप 119.59 वर्ग गज यानी 100 वर्ग मीटर, खसरा नं. 305 में से, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 14.03.2011 पुस्तक सं. 01, खंड सं. 3245, दस्तावेज सं. 3769 पृष्ठ सं. 243/256 के माध्यम से मालिक हैं श्री राजेंदर और श्री हरेंदर दोनों पुत्र श्री बिशम्बर द्वारा श्रीमती कविता पत्नी श्री जयवीर सिंह के पक्ष में निष्पादित, बिक्री विलेख खो गया जिसकी सूचना श्रीमती पूजा ने दिनांक 27.09.2023 को मेरठ पुलिस को दी, एफआईआर नंबर 2023000646165 है। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा पत्नी श्री अजीत उक्त संपति को वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के पास गिरवी रख रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेलsgassociatespl@gmail.com,फोन7011172764, 8130200837

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेंद्र यादव पुत्र श्री राम कुबेर यादव, उक्त सम्पति Plot No. 72, area measuring 468 Sq. Ft., out of Khasra No. 921Mi, situated at Shree Ram Nagar Colony, in Village Pasonda Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, U.P. 201005, को राज कुमारी पत्नी श्री कोबिन्दर सिंह को बेच रहे है ! उपरोक्त संपति मेरे मुवक्किल डी॰ ऍम॰ आई॰ हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित व बंधक प्रस्तावित है ! उपरोक्त संपति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ बिक्री विलेख दिनांक 22.02.1995 पंजकृत द्वारा प्रपत्र संख्या 649 कही खो गए है ! इस सन्दर्भ में उ॰ प्र॰ पुलिस को सुचना दिनांक 02.09.2022 को GDN No. 68 में दर्ज करवाई गई है। यदि मूल बिक्री विलेख किसी भी व्यक्ति के कब्जे में पाया जाता है तो कृपया मूल संपति दस्तावेजों के साथ हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें ! ऐसा न करने पर, उपरोक्त बिक्री विलेख के अनुसार विषय संपति के संबंध में दावा अमान्य माना जाएगा।

राघव तिवारी, अधिवक्ता
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

**सार्वजनिक सूचना**

इसके द्वारा व्यापक रूप से जनता को सूचना दी जाती है कि फ्लैट नंबर 534, सरगोधा विहार, प्लॉट नंबर 13, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली - 110075 का मूल आवंटन पत्र मेरे यानी कैलाश अरोड़ा पुत्री श्री शादीलाल भारती द्वारा खो /गुम गया है । इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल एलआर नंबर 828513/2023 दिनांक 27/08/2023 के माध्यम से एक एनसीआर/एफआईआर दर्ज की गई है। यह कि उक्त फ्लैट सभी बाधाओं से मुक्त है। संस्थापक/दावेदार कृपया इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर संबंधित सोसायटी को लिखित रूप में सूचित करें अन्यथा उसके बाद खोए/गुम दस्तावेज केवल आवंटक की जिम्मेदारी (इस्तेमाल की)होगी

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that our client Sh. Bablu is in process to purchase the Built up Shop with Roof Rights bearing portion of Property bearing No. 504/4, area measuring 26.6 sq. yds., out of Khasra No. 54/24/1/2, situated in the area of Village Chandrawali alias Shahdara, in the abadi of Circular Road, Main Road, Shahdara, Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Ltd.) from Sh. Mohit Gupta & Sh. Rohit Gupta, they acquired the same after the death of their father Sh. Arun Kumar Gupta vide Relinquishment Deed dated 31.05.2010 (doc. No. 9501) executed by their mother Sushma Gupta

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower
Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# अमेरिका के न्यूजर्सी में सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन

भाषा। रॉबिन्सविले (अमेरिका)



**अमेरिका के** न्यूजर्सी में 185 एकड़ में फैले सबसे बड़े हिंदू मंदिर बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम को रविवार को उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। अमेरिका और दुनिया भर में रहने वाले लोगों के लिए यह मंदिर एकता, शांति और सद्भाव का संदेश देता है। न्यूजर्सी के रॉबिन्सविले में अक्षरधाम मंदिर का नौ दिवसीय उद्घाटन समारोह उत्सव 30 सितंबर को शुरू हुआ था। महंत स्वामी महाराज की उपस्थिति में रविवार को मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। स्वामी महाराज ने अनुष्ठानों और पारंपरिक समारोहों के बीच मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया। भगवान स्वामीनारायण को समर्पित इस मंदिर का निर्माण 2011 में शुरू हुआ था और इस वर्ष समाप्त हुआ। इस मंदिर को दुनिया भर के 12,500 स्वयंसेवकों द्वारा बनाया गया है। मंदिर की कई प्रमुख अनूठी विशेषताओं में से एक पत्थर से निर्मित अब तक का सबसे बड़ा गुंबद है। स्वयंसेवक लेनिन जोशी ने कहा कि स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर भारत की विरासत और संस्कृति को आधुनिक अमेरिका के सामने प्रस्तुत करता है।

# जीत कोई फर्क नही पड़ता, फायदे में ईरान

● इज़राइल-हमास युद्ध

भाषा। डेनवर (अमेरिका)



**इजरायल और** फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच छिड़े युद्ध में केवल एक ही विजेता होगा। और यह न तो इज़राइल है और न ही हमास। अल–अक्सा स्टॉर्म नामक एक ऑपरेशन में, हमास, जिसका औपचारिक नाम इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन है, ने 7 अक्टूबर, 2023 को इज़राइल में हजारों रॉकेट दागे। हमास और फलस्तीन के इस्लामिक जिहाद लड़ाकों ने जमीन, समुद्र और हवा से इजरायल में घुसपैठ की। सैकड़ों इसराइली मारे गए, 2,000 से अधिक घायल हुए और कई को बंधक बना लिया गया। जवाब में, इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास पर युद्ध की घोषणा की और गाजा में हवाई हमले शुरू कर दिए। फ़लस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, जवाबी हमले के पहले दिन में लगभग 400 फ़लस्तीनी मारे गए। आने वाले हफ्तों में, इजरायली सेना निश्चित रूप से जवाबी कार्वाई करेगी और सैकड़ों फ़लस्तीनी आतंकवादियों और नागरिकों को मार डालेगी। मध्य पूर्व की राजनीति और सुरक्षा के एक विश्लेषक के रूप में, मेरा मानना है कि दोनों पक्षों के हजारों लोग पीडि़त होंगे। लेकिन जब धुआं शांत हो जाएगा, तो केवल एक ही देश के हित पूरे होंगे और वह देश है ईरान। पहले से ही, कुछ विश्लेषक सुझाव दे रहे हैं कि इज़राइल पर अचानक हुए हमले में तेहरान की उंगलियों के निशान देखे जा सकते हैं। ईरान के नेताओं ने हमले पर प्रोत्साहन और समर्थन के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की है। ईरान की विदेश नीति को आकार देने वाला निर्णायक कारक 1979 में अमेरिका के मित्रवत, दमनकारी ईरान के शाह को उखाड़ फेंकना और शिया मुस्लिम क्रांतिकारी शासन के हाथों में राज्य की सत्ता का हस्तांतरण था।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Akhilesh Shukla S/o. Sh. Ram Prakash Shukla R/o. H.No. G-99, Angoori Sadan, Street No. 14, Near Gyatri Temple, Ganga Vihar, New Delhi 110094 have changed my name from Akhilesh Kumar to Akhilesh Shukla for all purposes.

PD(173)A

**PUBLIC NOTICE**

The General Public is hereby informed that my clients Mr. Satish Anand S/o. Late Shri G.R. Anand and his wife Mrs. Poonam Anand, both R/o. Flat No.214, Pocket C-8, Sector-8, Rohini, Delhi-110085, have severed all their relations with their son Mr. Nimish Anand, their daughter-in-law Pooja Anand and their granddaughters Titiksha Anand & Janisha Anand due to their bad habits. Both of my above named clients hereby disown and debar their said son, their daughter-in-law and their granddaughters from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with their son Mr. Nimish Anand, their daughter-in-law Pooja Anand and their granddaughters Titiksha Anand & Janisha Anand, will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by their son Mr. Nimish Anand, their daughter-in-law Pooja Anand and their granddaughters Titiksha Anand & Janisha Anand.

Kartik Srivastava (Advocate),
Delhi High Court D-2802/2020

**LOST & FOUND**

This Public at large is hereby notify that my client M/s Essess Edifices Pvt. Ltd. is the absolute and lawful owner of Apartment No.T -08-01-01 situated at The Common Wealth Games Village, Located off NH -24, Adjacent to Akshardham Temple at Noida Crossing, Delhi -110092. That the Original Builder Buyer's Agreement dated: 01/12/2009 along with Possession Letter, Allotment Letter , Transfer Letter and Payment Receipt has been all lost/misplaced by me and it is not traceable by my best efforts and for the same I have filed NCR vide L.R. No. 9570 19/2023, Dated: 01/ 10/2023 If anyone found or have any objection/Claim for any type such as any Loan, Mortgage, Surety, Security etc. Over the said property regarding the above said original documents, then contact to the undersigned within 15 days of this Notice. Thereafter no body have any right on the said property .

SAHIL ARORA (Advocate)
Office No.107, F/F, M.S Chambers,
Aruna Park, Laxmi Nagar,
Delhi-110092

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005.

जबकि

बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड (इसके बाद ''ईबीओआर'' के रूप में संदर्भित) और नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और सह–उधारकर्ता के बीच किए गए ऋण समझौते के अनुसार दी गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में सुरक्षा के प्रवर्तन के संबंध में नोटिस जारी किया जा रहा है। 12 अगस्त, 2010 के आदेश के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंक लिमिटेड (इसके बाद ''बैंक'' के रूप में संदर्भित) के साथ के समामेलन की योजना को मंजूरी दे दी है। इसके अनुसरण में ईबीओआर के सभी उपक्रम बैंक को हस्तांतरित और बैंक के पक्ष में निहित हो जाते हैं, ताकि वे बैंक की संपत्तियाँ, संपदा, परिसंपत्तियाँ, अधिकार शीर्षक, हित और प्राधिकरण बन सकें। अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण, वित्तीय संपत्तियों का पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करता है। ने नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी किया। निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने पुनर्भुगतान में चूक की है, इसके द्वारा उधारकर्ता और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथियों पर पढ़ें। विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन–देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन–देन आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेंद्र कुमार शर्मा/ रविकांत शर्मा/ शिवम शंकर/सुनील मोहन शर्मा/ श्याम सुंदर शर्मा/ RBDEL00001861499 | मकान नंबर–ए–88, इंद्रपुरी कॉलोनी लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ अक्टूबर 06, 2023 | नवंबर 30, 2017 रु. 1,39,100/– | दिल्ली & एनसीआर/ मेरठ |

उपर्युक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों को राशि चुकाने के लिए 30 दिन का नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवी रखी गई संपत्तियों को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों की समाप्ति पर बेच दिया जाएगा। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधान।

दिनांक : अक्टूबर 10, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर– 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह–कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह–कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। सपंत्ति के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है :

| क्र. | कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नीरज गुप्ता/ मालिनी गुप्ता/ LBDEL00000376508 | फ्लैट नं. 812/जी–3, एचआईजी, ग्राउंड फ्लोर, शुभम अपार्टमेंट–IV, प्लॉट नंबर 812, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन I–पर स्थित, ग्राम पसौंडा, परगना लोनी, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद/ अक्टूबर 06, 2023 | जून 05, 2023 रु. 36,20,372/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

दिनांक : अक्टूबर 10, 2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — प्रतिभूत लेनदार

# भारत, तंजानिया ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच वार्ता के बाद दोनों देशों ने सोमवार को अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा की और रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमति जताने के साथ कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए।वार्ता के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि भारत और तंजानिया स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के लिए समझौते पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने तंजानिया को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मूल्यवान सहयोगी करार दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि तंजानिया में यूपीआई की सफलता का लाभ उठाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं और दोनों पक्ष आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए नए अवसर तलाशते रहेंगे। इससे पहले, राष्ट्रपति हसन का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। वह चार दिवसीय भारत यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचीं। मोदी ने राष्ट्रपति हसन की मौजूदगी में कहा, आज भारत और तंजानिया के बीच रिश्तों में ऐतिहासिक दिन है। आज, हम अपनी सदियों पुरानी मित्रता को रणनीतिक भागीदारी में बांध रहे हैं। उन्होंने कहा, आज की बैठक में हमने कई नई पहल चिह्नित कीं, इस भावी रणनीतिक साझेदारी की आधारशिला रखी। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक-दूसरे के महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों देशों ने डिजिटल क्षेत्र, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और वाणिज्यिक जहाजों की गतिविधि एवं पहचान पर पूर्व सूचना साझा करने के क्षेत्र में सहयोग मुहैया कराने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए।भारत-तंजानिया के एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि दोनों पक्षों ने उस रणनीतिक साझेदारी का संज्ञान लिया है जिससे दोनों देशों को समुद्री सुरक्षा, रक्षा सहयोग, विकास साझेदारी, व्यापार तथा निवेश समेत अनेक मुद्दों पर संयुक्त रूप से काम करने में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर गौर किया कि आरबीआई ने स्थानीय मुद्राओं -भारतीय रुपया और तंजानियाई शिलिंग का इस्तेमाल कर व्यापार करने की मंजूरी दे दी है। मोदी ने कहा, जी20 में अफ्रीकी संघ के स्थाई सदस्य के रूप में शामिल होने के बाद, पहली बार हमें किसी अफ्रीकी राष्ट्र प्रमुख का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने कहा, रक्षा के क्षेत्र में हम पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमत हो गए हैं। इससे सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री क्षेत्र और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नए आयाम मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और तंजानिया इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर सुरक्षा खतरा है। मोदी ने कहा, हमने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में परस्पर सहयोग बढ़ाने का फैसला भी किया है। प्रधानमंत्री ने तंजानिया को अफ्रीका में भारत का सबसे बड़ा और सबसे करीबी विकास साझेदार करार देते हुए कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत और तंजानिया के बीच करीबी सहयोग रहा है।उन्होंने कहा, भारत में तेजी से बदल रहे स्वच्छ ऊर्जा परिदृश्य को देखते हुए हमने इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है।

# कांग्रेस ने जाति जनगणना कराने और आरक्षण की सीमा बढ़ाने की पैरवी की

भाषा। नई दिल्ली



**कांग्रेस ने पांच** राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को सामाजिक न्याय की चुनावी राह पर मजबूती के साथ चलने का फैसला किया। उसने देश में जाति जनगणना कराने तथा अन्य पिछड़े वर्गों , अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की अधिकतम 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने की पैरवी भी की। पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद वह केंद्र की सत्ता में आती है तो राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना कराई जाएगी, ओबीसी महिलाओं की भागीदारी के साथ महिला आरक्षण को जल्द से जल्द लागू किया जाएगा तथा ओबीसी, एससी एवं एसटी के लिए आरक्षण की अधिकतम सीमा को कानून के माध्यम से खत्म किया जाएगा। कांग्रेस मुख्यालय में करीब चार घंटे तक चली कार्य समिति की बैठक में जाति जनगणना और पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की रणनीति पर मुख्य रूप से चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। खरगे ने बैठक में दिए अपने अध्यक्षीय भाषण में सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर जाति आधारित जनगणना के विषय पर मौन रहने का आरोप लगाया और कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में उचित सहभागिता के लिए यह जरूरी है कि कमजोर तबकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के आंकड़े उपलब्ध हों। उन्होंने पार्टी नेताओं से राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए प्रभावी रणनीति बनाने पर जोर दिया और कहा कि राजनीतिक दलों के साथ ही संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी सक्रिय हैं, ऐसे में खामोश नहीं रहा जा सकता। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार पर प्रचार एवं वोटबैंक की राजनीति के लिए महिला आरक्षण विधेयक लाने तथा ओबीसी की महिलाओं को प्रतिनिधित्व नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि अगले साल सत्ता में आने पर उनकी पार्टी ओबीसी महिलाओं को उचित भागीदारी के साथ लोकसभा एवं विधानसभाओं में प्रतिनिधित्व से संबंधित महिला आरक्षण लागू करेगी।

## क्विक न्यूज

### भारत को स्विट्जरलैंड से अपने और नागरिकों, संगठनों के बैंक खातों का ब्योरा मिला

**नई दिल्ली।** भारत को सालाना आधार पर सूचनाओं के स्वतः आदान-प्रदान की व्यवस्था के तहत स्विट्जरलैंड से अपने और नागरिकों और संगठनों के स्विस बैंक खातों का ब्योरा मिला है। स्विट्जरलैंड ने 104 देशों के साथ करीब 36 लाख वित्तीय खातों का विवरण साझा किया है। अधिकारियों ने बताया कि स्विट्जरलैंड और भारत के बीच सूचनाओं का यह पांचवां वार्षिक आदान-प्रदान है। भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किया गया नया विवरण सैकड़ों वित्तीय खातों से संबंधित है, जिनमें कुछ लोगों, कॉरपोरेट और न्यास (ट्रस्ट) से जुड़े खातों की जानकारी है। साझा किए गए विवरण में पहचान, खाता और वित्तीय जानकारी शामिल है। इसमें नाम, पता, निवास का देश और कर पहचान संख्या के साथ ही रिपोर्टिंग वाले वित्तीय संस्थान, खाता शेष तथा पूंजीगत आय से संबंधित जानकारी शामिल है। अधिकारियों ने सूचना के आदान-प्रदान की गोपनीयता से जुड़े नियमों और आगे की जांच पर इसके प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए आदान-प्रदान के जरिए मिली जानकारी या किसी अन्य विवरण में शामिल राशि का खुलासा नही किया है। उन्होंने कहा कि इस ब्योरे का इस्तेमाल कर चोरी, धनशोधन और आंतकवाद के वित्तपोषण सहित अन्य गलत कृत्यों की जांच के लिए किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि यह आदान-प्रदान पिछले महीने हुआ। स्विट्जरलैंड द्वारा अब सितंबर, 2024 में फिर से ऐसी जानकारियां साझा की जाएंगी। अधिकारी इस जानकारी के आधार पर यह सत्यापित कर पाएंगे कि क्या करदाताओं ने अपने आयकर रिटर्न में अपने वित्तीय खातों की सही घोषणा की है। स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में संघीय कर प्रशासन (एफटीए) की ओर से सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, सूचना के स्वतः आदान-प्रदान (एईओआई) पर वैश्विक मानक के ढांचे के भीतर 104 देशों के साथ वित्तीय खातों का ब्योरा साझा किया गया है। इस वर्ष कजाकिस्तान, मालदीव और ओमान को 101 देशों की पिछली सूची में जोड़ा गया। वित्तीय खातों की संख्या में करीब दो लाख की वृद्धि हुई है। सूचनाओं का आदान-प्रदान 78 देशों के साथ पारस्परिक था। 25 देशों के मामले में स्विट्ज़रलैंड ने जानकारी प्राप्त की, लेकिन खुद कोई जानकारी उपलब्ध नही कराई, क्योंकिए (13) देश अबतक गोपनीयता तथा डेटा सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा नही करते है या उन देशों (12) ने डेटा प्राप्त नही करने का विकल्प चुना है। इस वर्ष रूस के साथ भी किसी जानकारी का आदान-प्रदान नही किया गया। बैंकों, न्यास और बीमाकर्ताओं सहित करीब 9,000 रिपोर्टिंग वित्तीय संस्थान अभी एफटीए के साथ पंजीकृत है। इन संस्थानों ने ब्योरा एकत्र किया और इसे एफटीए को हस्तांतरित कर दिया।

### 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप मिली

**पुणे।** वंचित तबकों के युवाओं के सशक्तिकरण हेतु समर्पित गैर सरकारी संगठन फ्यूल ने पुणे में अपने 17वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाया और हाशिए पर जी रहे समुदायों के उत्थान के अपने संकल्प को दोहराया। इस मौके पर रुचिपूर्ण गतिविधियां हुईं और वंचित वर्ग की 90 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। ये स्कॉलरशिप कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जिंदगियों को बेहतर बनाने की फ्यूल की प्रतिबद्धता को प्रकट करती हैं। इस खास दिवस पर प्रतिष्ठित व्यक्ति, नीति निर्माता, उद्योग जगत के अग्रणी व्यक्ति तथा सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस उत्सव की विशेषता बना फ्यूचर स्किल्स सम्मिट जिसमें जानेमाने इंडस्ट्री लीडर और नीति निर्माता शामिल हुए। इस सम्मिट में भविष्य के कौशलों, प्रतिभा अधिग्रहण तथा शिक्षा व कौशल विकास में सीएसआर में इनोवेशन पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में भाग लेने विशिष्ट अतिथी थे। महाराष्ट्र विधान सभा के स्पीकर राहुल नर्वेकर, सामाजिक कार्यकर्ता और कॉर्पोरेट बीएमसी हर्षिता नर्वेकर, हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया के उपाध्यक्ष कर्नल राजेश ओहोल, बजाज ग्रुप के कॉर्पोरेट सम्प्रेषण के उपाध्यक्ष संजय ओझा, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निदेशक पराग देशमुख, एलटीआई माइंडट्री में चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर पनीश राव, फ्यूल तथा फ्यूल बिजनेस स्कूल (एफबीएस) के संस्थापक एवं चेयरमैन केतन देशपांडे तथा फ्यूल के चीफ मेंटॉर संतोष हुरालिकोप्पी।

### राज्यपाल के आश्वासन के बाद तृणमूल कांग्रेस ने राजभवन के सामने जारी धरने को वापस लिया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के इस आश्वासन के बाद राजभवन के बाहर पांच दिनों से जारी धरना वापस ले लिया है कि वह मनरेगा के बकाए का मुद्दा केंद्र के समक्ष उठाएंगे। तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य ने हालांकि कहा कि अगर 31 अक्टूबर तक मनरेगा के भुगतान की स्थिति पर कोई संतोषजनक जवाब नही मिलता है, तो पार्टी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में एक नवंबर से नया आंदोलन शुरू करेगी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब तृणमूल कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बोस से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि मनरेगा कार्ड धारकों की मजदूरी की समस्या को सुलझाकर अपनी विधिसम्मत जिम्मेदारी पूरी करें तथा इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण के लिए केंद्र को पत्र लिखें। अभिषेक बनर्जी ने कहा, फिलहाल, हम राजभवन के बाहर जारी धरना वापस ले रहे हैं। हमने राज्यपाल से दो सप्ताह के भीतर हमें (मनरेगा मुद्दे पर) स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्यपाल ने पार्टी प्रतिनिधिमंडल से वादा किया है कि वह 24 घंटे के भीतर केंद्र के साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे। बनर्जी ने कहा, मैंने सुना है कि राज्यपाल पहले ही दिल्ली के लिए रवाना हो चुके हैं। इसलिए शिष्टाचार के नाते हमने फिलहाल यह धरना वापस लेने का फैसला किया है। हम केंद्र की तरफ से संतोषजनक जवाब के लिए 31 अक्टूबर तक इंतजार करेंगे, नही तो हम एक नवंबर से नया आंदोलन शुरू करेंगे।

### शक्ति पम्पस अजमेर सोलर पंप लगाएगा

**पीथमपुर।** रिन्युएबल एनर्जी क्षेत्र में प्रमुख कंपनी शक्ति पंप्स को अजमेर विद्युत वितरण निगम के द्वारा पीएम-कुसुम स्कीम कम्पोनेन्ट-सी के तहत अपना पहला 149.7 करोड़ रुपये का कमर्शियल ऑर्डर प्राप्त हुआ। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि सौलर एनर्जी के उपयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो ऊर्जा और कृषि पद्धतियों को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में कार्य करती है। इस परियोजना में अकुशल विद्युत पंपों को बीएलडीसी सोलर पंपसेटों से बदला जाएगा जहां पंपसेट सौलर एनर्जी के माध्यम से उत्पन्न बिजली पर चलेंगें और शेष बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकेगा, शेष बची हुई बिजली को डिस्कॉम को बिक्री करने से किसानों को कमाई का अवसर भी प्राप्त होगा। शक्ति पंप्स के चेयरमैन दिनेश पाटीदार जी ने सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा, ''यह परिवर्तनकारी प्रयास 'अन्नदाता' को 'ऊर्जा दाता' में बदल देगा। पम्पसेट की कास्ट 10 लाख रुपये है और प्रतिवर्ष 2 लाख रुपये की बिजली बचाकर डिस्कॉम अपने पंपसेट की कास्ट को 5 साल में रिकवर कर पाएगा और साथ ही यह किसानों को कई तरह से सहायता प्रदान करेगा जैसे- 2 लाख तक की सालाना बिजली बिल की बचत और डिस्कॉम को शेष बिजली बेचकर 50 हजार रुपये प्रतिवर्ष और पांच वर्षों में 2.5 लाख रुपये तक कमाने का अवसर प्राप्त होगा। यह स्कीम किसानों की सिंचाई क्षमताओं को बढ़ाता है और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करता है, जिससे पूरे देश में किसानों को ऊर्जा सुरक्षा प्राप्त होगी।'' (यह सेविंग कैल्कुलेशन कंपनी के इंटर्नल डिपार्टमेन्ट ने 10 एचपी के पम्पसेट पर की गई है)

# खेत से लेकर थाली तक भोजन पहुंचाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : मुर्मू

भाषा। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि कृषि-खाद्य प्रणाली में महिलाओं के योगदान को मान्यता नहीं दी गई है और इसे अब बदलने की जरूरत है, क्योंकि वे खेत से लेकर थाली तक भोजन पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कृषि ढांचे के पिरामिड में सबसे नीचे रखा जाता है और उन्हें ऊपर आने तथा निर्णय लेने वालों की भूमिका निभाने के अवसर से वंचित किया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि वास्तव में कोविड-19 वैश्विक महामारी से कृषि-खाद्य प्रणाली और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच मजबूत संबंध सामने आया। उन्होंने कहा, महिलाएं भोजन बोती हैं, उगाती हैं, फसल काटती हैं, संसाधित करती हैं और उसका विपणन करती हैं। वे भोजन को खेत से थाली तक लाने में अपरिहार्य भूमिका निभाती हैं, लेकिन अब भी दुनियाभर में उन्हें भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों द्वारा रोका जाता है... उनके योगदान को मान्यता नहीं दी जाती। मुर्मू ने कृषि क्षेत्र में लैंगिक मुद्दों पर एक वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा जाता है। कृषि-खाद्य प्रणाली की पूरी श्रृंखला में उनके अस्तित्व को नकार दिया गया है। इस कहानी को बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में बदलाव देखे जा रहे हैं क्योंकि विधाई तथा सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाएं अधिक सशक्त हो रही हैं। इस क्षेत्र में महिलाओं के सफल उद्यमी बनने की कई कहानियां हैं। इस चार दिन के सम्मेलन का आयोजन कंसोर्टियम ऑफ इंटरनेशनल एग्रीकल्चरल रिसर्च सेंटर्स (सीजीआईएआर) जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक महिलाएं असहाय नहीं बल्कि शक्तिशाली हैं। उन्होंने कृषि-खाद्य प्रणाली को अधिक न्यायसंगत बनाने के लिए न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास का आह्वान किया। उन्होंने कहा, विडंबना यह है कि जैसे-जैसे हम आधुनिक युग में प्रवेश कर रहे हैं, हम अब भी न्यायसंगत और जुझारू कृषि-खाद्य प्रणाली बनाने में कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हालांकि कृषि क्षेत्र ने कोविड-19 के दौरान जुझारू क्षमता दिखाई, लेकिन वैश्विक महामारी कृषि-खाद्य प्रणाली और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक मजबूत संबंध को सामने लेकर आई है।

# राकांपा के अयोग्य घोषित सांसद फैज़ल से जुड़े उच्च न्यायालय के फैसले पर शीर्ष अदालत की रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद मोहम्मद फैजल की उस याचिका को खारिज करने के केरल उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी जिसमें हत्या के प्रयास के एक मामले में उन्होंने अपनी दोषसिद्धि को निलंबित करने का अनुरोध किया है। न्यायालय से मिली इस राहत के कारण लोकसभा सांसद के रूप में उनकी अयोग्यता एक साल में दूसरी बार रद्द हो सकती है। केरल उच्च न्यायालय के तीन अक्टूबर के आदेश पर फैजल को बुधवार को लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया गया था। संसद में लक्षद्वीप का प्रतिनिधित्व करने वाले फैजल को इस साल संसद की सदस्यता के लिए दो बार अयोग्य घोषित किया गया है। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के.एम. नटराज की संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद कहा, उच्च न्यायालय के तीन अक्टूबर, 2023 के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है। इस अदालत (उच्चतम न्यायालय) द्वारा याचिकाकर्ता के पक्ष में पहले पारित अंतरिम आदेश को क्रियान्वित किया जाता है। उच्चतम न्यायालय ने 22 अगस्त को सांसद के रूप में फैजल के दर्जे को अस्थाई रूप से सुरक्षित रखा था और मामले को नए सिरे से तय करने के लिए उच्च न्यायालय को वापस भेज दिया था। फैजल की ओर से अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उच्च न्यायालय ने यह बात नहीं मानी कि मामला राजनीतिक है और तब कांग्रेस और राकांपा के बीच एक संघर्ष था।

## आगामी ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट से 15 लाख नौकरियां तैयार होंगी : सोनोवाल



**मुंबई।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि 17 अक्टूबर से शहर में आयोजित होने वाले ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) के तीसरे संस्करण से 15 लाख रोजगार के अवसर तैयार होने की उम्मीद है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम से पहले संवाददाता सम्मेलन में सोनोवाल ने कहा कि सरकार का दृष्टिकोण नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना, हरित बंदरगाहों और टिकाऊ बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना है। मंत्री ने कहा कि शिखर सम्मेलन देश के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी के लिए व्यापक अवसरों को दर्शाता है। इससे पहले 2016 और 2021 में यह सम्मेलन आयोजित किया गया था। सोनोवाल ने कहा कि इसके जरिए क्षेत्र में 15 लाख से अधिक रोजगार के अवसर तैयार करने की क्षमता वाले 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश अवसरों की पहचान पहले ही की जा चुकी है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने तटीय समुदाय के कल्याण के लिए भी कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप बंदरगाहों पर बेहतर दक्षता और मालवाहक प्रबंधन क्षमता बेहतर हुई है। जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार, शिखर सम्मेलन में 70 से अधिक देशों की भागीदारी की उम्मीद है। इसमें 250 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की मेजबानी की जाएगी। वहीं सात अंतरराष्ट्रीय गोलमेज और 13 से अधिक क्षेत्रीय तथा राज्य स्तर की चर्चाओं सहित 20 से अधिक विषयगत सत्र आयोजित किए जाने की उम्मीद है।

# मुफ्त में सुविधाएं देने की घोषणा में लोकलुभावन वादों का होता है तड़का

भाषा। नई दिल्ली



**मुख्य निर्वाचन** आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को कहा कि राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों द्वारा मुफ्त में सुविधाएं देने वाली घोषणाओं में लोकलुभावन वादों का तड़का होता है और चुनाव जीतने वालों के लिए इन रियायतों को लागू करना या फिर इस प्रथा को रोकना मुश्किल होता है। चुनावों से पहले विभिन्न दलों और सरकार द्वारा मुफ्त में सुविधाएं मुहैया कराने की घोषणा के बारे में एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकारों का अधिकार क्षेत्र है, लेकिन वे पांच साल तक ऐसी रियायतों को याद नहीं रखते हैं, लेकिन चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से सिर्फ एक महीने या एक पखवाड़े पहले उनकी घोषणा करते हैं।कुमार ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए यहां बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।उन्होंने कहा कि यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है और निर्वाचन आयोग इस पर स्पष्टता और निर्णय मिलते ही कार्वाई करेगा। उन्होंने याद दिलाया कि निर्वाचन आयोग ने हाल ही में पार्टियों और राज्यों के लिए एक प्रपत्र जारी किया था, जिसमें पूछा गया था कि उनके चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों को वे कैसे और कब लागू करेंगे।उन्होंने कहा, एक राज्य में कुछ घोषणाएं और अन्य में कुछ अन्य घोषणाएं। मुझे नहीं पता कि पांच साल तक इसकी याद क्यों नहीं आती और सारी घोषणाएं एक महीने या 15 दिन में क्यों की जाती हैं। वैसे भी यह राज्य सरकारों का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि प्रपत्र में कहा गया है कि पार्टियां यह बताने के लिए स्वतंत्र हैं कि वे क्या करेंगी, लेकिन मतदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि इसे कैसे लागू किया जाएगा और यह कितना और कब किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके पीछे मंशा हर चीज को सार्वजनिक दायरे में लाना था।

## सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम के लिए मिला एलओए

**नई दिल्ली।** केएसबी लिमिटेड, जो भारत की अग्रणी पम्प एवं वाल्व निर्माता कम्पनी है, जिसका सोलर पंपो का निर्माण महाराष्ट्र के सिन्नर में होता है। हाल ही में केएसबी लिमिटेड को उत्तर प्रदेश कृषि विभाग से पीएम-कुसुम-3 योजना के कॉम्पोनेन्ट बी के तहत 27.78 करोड़ में 800 सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम लगाने का लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्राप्त हुआ है। केएसबी की यह उपलब्धि भारत में सस्टेनेबल एग्रीकल्चर मे अपना योगदान देने और रिन्यूएबल एनर्जी सोल्यूशन को बढ़ावा देने में केएसबी लिमिटेड के समर्पण को दर्शाता है। भारत सरकार द्वारा 2019 मे सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए पीएम-कुसुम -3 योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत कॉम्पोनेन्ट बी के द्वारा भारत सरकार ने सब्सिडी में 17.5 लाख सोलर कृषि पम्पों को कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने का निर्णय लिया है।

# सिक्किम बाढ़ में फंसे हुए 105 लोगों की तलाश जारी

भाषा। गंगटोक

**सिक्किम में** अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है जबकि फंसे हुए 105 लोगों की तलाश जारी है। राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। वहीं, निकटवर्ती पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र के प्रशासन ने कहा कि तीस्ता नदी से अब तक 40 शव बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने हालांकि आगाह किया कि दोनों राज्यों द्वारा बताए गए आंकड़े में कुछ दोहराव हो सकता है। मृतकों में सेना के 10 जवान भी शामिल हैं जबकि 105 लोगों की तलाश जारी है जो अब तक लापता हैं। वायु सेना ने हिमालई राज्य सिक्किम में बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया है और लाचेन से उत्तरी सिक्किम के मंगन में फंसे हुए पर्यटकों के पहले जत्थे को विमान से सुरक्षित जगह पहुंचाया है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सशस्त्र बलों के साथ समन्वित राहत और बचाव कार्यों के लिए मुख्य सचिव

### ● वायुसेना ने फंसे हुए पर्यटकों को निकालना शुरू किया

वीबी पाठक, गंगटोक पहुंचे थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव पाठक ने सोमवार को अंतर-मंत्रालई केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) के सदस्यों के साथ एक और बैठक की और उन्हें बाढ़ से हुई तबाही के बारे में जानकारी दी। सिक्किम के पाकयोंग जिले में सबसे अधिक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें सेना के 10 जवान शामिल हैं। इसके बाद गंगटोक में छह, मंगन में चार और नामची में दो लोग मारे गए हैं। मंगन जिले में ल्होनक झील पर बादल फटने के छह दिन बाद कुल 105 लोग लापता हैं। बादल फटने के कारण तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई, जिससे हिमालई राज्य के चार जिलों में नदी बेसिन के कई शहरों में पानी भर गया। सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बुलेटिन के अनुसार, लापता लोगों में से 63 पाकयोंग से, 20 गंगटोक से, 16 मंगन से और छह नामची से हैं। कच्चे और पक्के दोनों तरह के 3,432 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कुल 5,327 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। कुल 14 पुल या तो बह गए या जलमग्न हो गए, जिससे राज्य में सड़क संपर्क प्रभावित हुआ है। अचानक आई बाढ़ से कुल 6,505 लोग बेघर हो गए हैं और उन्होंने चार जिलों में 26 राहत शिविरों में शरण ली है। अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या 85,870 थी। इस बीच, मुख्यमंत्री तमांग ने अपने आधिकारिक आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जहां उन्होंने मुख्य सचिव वीबी पाठक, थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और अन्य अधिकारियों के साथ चल रहे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक रक्षा बलों के साथ मिलकर, फंसे हुए लोगों को तेजी से बचाने के उपायों पर चर्चा के लिए आयोजित की गई थी।



रंगोली में रंग सजाती महिला कलाकार

# झारखंड : हजारीबाग में पथराव में बजरंग दल के 10 कार्यकर्ता घायल

हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड की राजधानी रांची में शौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने के बाद हजारीबाग लौट रहे बजरंग दल कार्यकर्ताओं की बस पर एक भीड़ ने पथराव किया जिसमें महिलाओं समेत उसके कम से कम 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना रविवार रात करीब आठ बजकर 45 मिनट पर हजारीबाग के समीप पेलावल इलाके में एक मस्जिद के समीप हुई। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन छोटे ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है लेकिन घटना में शामिल दोनों समूहों के लोगों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के आधार पर गिरफ्तारियां की जाएंगी क्योंकि पथराव करने वाले एक विशेष समुदाय के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि बस मस्जिद के सामने रुकी थी और यात्रियों ने जय श्री राम तथा अन्य नारे लगाए थे।

# सेंटनर के पंजे में आया नीदरलैंड,कीवी जीते

## पांच विकेट झटके, न्यूजीलैंड ने 99 रन से हराया

भाषा। हैदराबाद

**बल्लेबाजों के** कमाल के बाद मिशेल सेंटनर की फिरकी के जादू से न्यूजीलैंड ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में सोमवार को यहां नीदरलैंड को 99 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड के 323 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 223 रन पर सिमट गई। नीदरलैंड की ओर से सिर्फ कोलिन एकरमैन (68) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स (30) ही 30 रन के आंकड़े को छू पाए। न्यूजीलैंड की ओर से सेंटनर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 59 रन देकर पांच विकेट चटकाए। मैट हेनरी ने भी उनका अच्छा साथ निभाते हुए 40 रन पर तीन विकेट हासिल किए। न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज विल यंग, कप्तान टॉम लैथम और रचिन रविंद्र के अर्धशतक से सात विकेट पर 322 रन बनाए। यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन)



के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से टीम ने अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। विक्रमजीत सिंह (12) और मैक्स ओडाउड (16) ने सतर्क शुरुआत की लेकिन हेनरी ने छठे ओवर में विक्रमजीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ दिया। कप्तान लैथम ने नौवें ओवर में सेंटनर को गेंद थमाई और उन्होंने अपने दूसरे ही ओवर में ओडाउड को पगबाधा कर दिया। बास डी लीडे (18) ने आते ही लॉकी फर्ग्युसन पर दो चौके मारे जबकि सेंटनर की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए लेकिन स्पिन गेंदबाज रविंद्र ने उन्हें बोल्ट के हाथों कैच कराके टीम का स्कोर तीन विकेट पर 67 रन कर दिया। एकरमैन और तेजा निदामानुरू ने चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़कर पारी को संभाला। तेजा ने रविंद्र पर दो चौके मारे जबकि एकरमैन ने सेंटनर पर पारी का पहला छक्का जड़ा। उन्होंने सेंटनर के इसी ओवर में चौका भी मारा। नीदरलैंड के रनों का शतक 22वें ओवर में पूरा हुआ। तेजा से रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। उन्होंने 26 गेंद में 21 रन बनाए। एकरमैन ने हेनरी पर चौके के साथ 55 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके बाद सेंटनर की गेंद पर थर्ड मैन पर हेनरी को ही कैच दे बैठे। उन्होंने 73 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके मारे।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड**: कॉनवे का डी लीडे बो वान डेर मर्व 32, यंग का डी लीडे बो वान मीकेरन 70,रविंद्र का एडवर्ड्स बो वान डेर मर्व 51, मिशेल बो वान मीकेरन 48, लैथम स्टं एडवर्ड्स बो दत्त 53, फिलिप्स का एडवर्ड्स बो डी लीडे 04,चैपमैन का वान डेर मर्व बो दत्त 05,सेंटनर नाबाद 36, मैट हेनरी नाबाद 10, **अतिरिक्त**: 13, कुलः50 ओवर मे सात विकेट परः 322 रन, **विकेट पतन**: I-67, 2-144, 3-185, 4-238, 5-247, 6-254, 7-293 , **गेंदबाजी**: दत्त 10-2-62-2, क्लेन 7-I-41-0, मीकेरन 9-0-59-2, मर्व 9-0-56-2, एकरमैन 4-0-28-0, डी लीडे 10-0-64-I, विक्रमजीत I-0-9-0

**नीदरलैंड**:विक्रमजीत बो हेनरी 12,ओडाउड पगबधा बो सेंटनर 16, एकरमैन का हेनरी बो सेंटनर 69, डी लीडे का बोल्ट बो रविंद्र 18,निदामानुरू रन आउट 21, एडवर्ड्स का एवं बो सेंटनर 30,एंगलब्रेच्ट का कॉनवे बो हेनरी 29,वान डेर मर्व का हेनरी बो सेंटनर 01, क्लेन पगबाधा बो सेंटनर 08, दत्त बो हेनरी 11, वान मीकेरन नाबाद 04,**अतिरिक्त**: 04,**कुल**: 46.3 ओवर में सभी विकेट खोकरः 223 रन, **विकेट पतन**: I-21, 2-43, 3-67, 4-117, 5-157, 6-175, 7-180, 8-198, 9-218,**गेंदबाजी**:बोल्ट 8-0-34-0,हेनरी 8.3-0-40-3,सेंटनर 10-0-59-5,फर्ग्युसन 8-0-32-0,रविंद्र 10-0-46-I,फिलिप्स 2-0-11-0

### बटलर ने आउटफील्ड की आलोचना की

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को विश्व कप के मुकाबले से पहले एचपीसीए की आउटफील्ड को खराब बताया है। इससे पहले अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने भी आउटफील्ड की आलोचना की थी जहां उनकी टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेला था। बटलर ने कहा , आउटफील्ड को लेकर चिंताएं है। मेरे विचार से यह खराब आउटफील्ड है। इस पर फील्डिंग के दौरान काफी सावधानी बरतनी होगी। आप एकएक रन बचाने के लिए डाइव करना चाहते है लेकिन यहां उससे बचना होगा।

### कंगारू टीम नवाबों के शहर पहुंची



### अफगानिस्तान के खिलाफ बाहर हुए गिल

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले भारत के अगले विश्व कप मुकाबले से भी बाहर हो गए है। वह चेन्नई मे चिकित्सकों की निगरानी में हैं। भारतीय टीम सोमवार को चेन्नई से दिल्ली पहुंची लेकिन बीमार होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच से बाहर रहे गिल टीम के साथ नही आए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा था कि गिल अस्वस्थ हैं लेकिन उनकी बीमारी के बारे में नही बताया था। बीसीसीआई ने नवीनतम अपडेट में बताया, टीम इंडिया के बल्लेबाज शुभमन गिल नौ अक्टूबर 2023 को टीम के साथ दिल्ली नही आएंगे। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 मे चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के पहले मैच से बाहर रहा यह सलामी बल्लेबाज (गिल) दिल्ली में 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ टीम के अगले मैच में भी नही खेल पाएगा। बीसीसीआई ने कहा, वह चेन्नई में ही रहेगा और चिकित्सा टीम की निगरानी में रहेगा।

### राहुल की वापसी से स्थिरता मिली : म्हाम्ब्रे

**चेन्नई।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में भारत की जीत के सूत्रधार विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी से मध्यक्रम को मजबूती मिली है। राहुल ने नाबाद 97 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने जीत दर्ज की। पांचवें नंबर पर उतरे राहुल को तीसरे ही ओवर में आना पड़ा चूंकि आस्ट्रेलिया ने दो ओवर के भीतर दो रन पर भारत के तीन रन निकाल दिए थे। राहुल ने विराट कोहली (85) के साथ 165 रन की साझेदारी की। म्हाम्ब्रे ने कहा , हमें हमेशा से पता था कि राहुल कितना शानदार बल्लेबाज है, खासकर बीच के ओवरों मे। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो स्पिन को बखूबी खेल सके। इससे टीम को स्थिरता और आत्मविश्वास मिलता है। म्हाम्ब्रे ने कहा कि भारतीय स्पिनरों ने आक्रमण को विविधता दी है।

### यह पीड़ादायक था, समझ नहीं रहा था कि लोग मेरे प्रदर्शन की आलोचना क्यों कर रहे थे, राहुल ने कहा

चेन्नई। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने स्वीकार किया कि उनकी लगातार आलोचना उनके लिए पीड़ादायक थी और वह हैरान थे क्योंकि उनका प्रदर्शन उतना खराब नही था। मई मे आईपीएल के दौरान चोटिल होने के कारण महीनो तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे राहुल ने पिछले महीने एशिया कप के दौरान टीम मे वापसी की जहां वह टीम के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, काफी आलोचना हो रही थी, लोग प्रत्एक मैच और स्थिति मे मेरे प्रदर्शन पर टिप्पणी कर रहे थे। मुझे समझ नही आ रहा था कि ऐसा क्यो हो रहा था क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना खराब नही था, यह काफी पीड़ादायक था। उन्होंने कहा, मै चोट से गुजरने के दर्द और वापसी की प्रक्रिया को जानता हूं और फिर मुझे आईपीएल के दौरान चोट लगी थी। जब मुझे पता चला कि मुझे चार से पांच महीने का नुकसान होगा और विश्व कप का हिस्सा बनना भी शत प्रतिशत सुनिश्चित नही है तो वह बहुत कठिन समय था।

### मुझे रफ्तार बढाने के लिए कहा जा रहा था लेकिन किसी ने नहीं बताया कि कैसे : कुलदीप



**चेन्नई।** कुछ साल पहले जब सफेद गेंद के क्रिकेट में कुलदीप यादव का खराब फॉर्म चल रहा था तो हर किसी ने उनसे यही कहा कि गेंद की रफ्तार कम है लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि उसे कैसे बढाना है। उन्हें 2020 मे कोरोना काल के दौरान यूएई में हुए आईपीएल में घुटने मे चोट भी लगी। यह पूछने पर कि उन्होंने अपनी गेंदो मे रफ्तार कैसे बढाई जिससे पिछले 18 महीने मे वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज बने, कुलदीप ने कहा , हर किसी ने मुझे कहा कि गेंद मे रफ्तार की जरूरत है लेकिन किसी ने नही बताया कि वह कैसे किया जाए। आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल के कीमती विकेट लेने वाले कुलदीप ने कहा कि उन्होंने खुद ही इसका हल निकाला लेकिन टीम फिजियो आशीष कौशिक की एक सलाह उपयोगी साबित हुई। जब मै चोट से वापिस आ रहा था तो फिजियो आशीष कौशिक ने कहा कि दाहिने पैर पर कम वजन देना है। मैने अभ्यास में भी वही किया और मैच हालात में मुझे फर्क पता चला।

### पीसीबी प्रमुख ने भारतीय वीजा में देरी पर विदेश सचिव के साथ चर्चा की

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष जका अशरफ ने भारत मे चल रहे एकदिवसीय विश्व कप के लिए पाकिस्तान के प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा जारी करने मे देरी पर चर्चा करने के लिए सोमवार को विदेश सचिव साइरस सज्जाद काजी से मुलाकात की। पीसीबी के बयान के अनुसार, अशरफ ने विदेश सचिव से इस मुद्दे को भारतीय गृह मंत्रालय और नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के साथ उठाने का भी अनुरोध किया।पीसीबी ने इस बयान मे कहा, पीसीबी यह देखकर बेहद निराश है कि पाकिस्तान के पत्रकारों और प्रशंसकों को आईसीसी विश्व कप 2023 मे मैचों को कवर करने के लिए भारतीय वीजा हासिल करने मे अब भी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है।

### पाकिस्तान की प्रस्तोता के भारत छोड़ने पर विवाद

नई दिल्ली। आईसीसी डिजिटल टीम के लिए भारत मे खेले जा रहे एकदिवसीय विश्व कप को कवर करने वाली पाकिस्तान की प्रस्तोता जैनब अब्बास के भारत छोड़ने पर विवाद हो गया है। माना जा रहा कि अतीत में सोशल मीडिया पर कथित तौर पर भारत विरोधी पोस्ट को लेकर विवाद होने के बाद उन्होने सोमवार को इस देश को छोड़ दिया। खेल की शासी निकाय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हालांकि दावा किया जैनब ने व्यक्तिगत कारणो से भारत छोड़ा है। जैनब को पाकिस्तान के हैदराबाद में खेले जाने वाले मैचो सहित तीन मैचो को कवर करने के लिए नियुक्त किया गया था।

### भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए जूनियर पुरुष टीम घोषित की

**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने मलेशिया में 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक होने वाले सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए सोमवार को 20 सदस्ईय भारतीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा जिसकी कमान उत्तम सिंह को सौपी गई है। राजिंदर सिंह टीम के उप कप्तान होंगे। टूर्नामेंट के 11वें सत्र में छह की जगह आठ टीम हिस्सा लेगी। भारत को पूल बी मे मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है जबकि पूल ए मे जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन को रखा गया है। कोच सीआर कुमार ने विज्ञप्ति में कहा, चयन समिति ने सभी पिछले टूर्नामेटो को ध्यान मे रखते हुए ऐसी संतुलित टीम का चयन किया है जो 11वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप में प्रतिस्पर्धा कर सके और सफल हो सके। उन्होंने कहा, हम ऐसे खिलाड़ियो को प्रोत्साहित कर रहे है और मौका दे रहे है जो अपने कौशल से विरोधी को पछाड़ने मे सक्षम हो।

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने की तैयारी: रिपोर्ट

**लंदन।** क्रिकेट को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक कार्यक्रम में फ्लैग फुटबॉल, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के साथ शामिल करने की तैयारी है। यह दावा द गर्जियन अखबार की एक रिपोर्ट में किया गया। द गार्जियन ने बताया कि ओलंपिक मे क्रिकेट को शामिल करने की पुष्टि 15 अक्टूबर को मुंबई में शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र मे की जाएगी। अखबार के मुताबिक लैक्रोस और स्क्वाश को भी 2028 ग्रीष्मकालीन खेलो के लिए अतिरिक्त खेल के रूप मे प्रस्तावित किया जा सकता है। इससे पहले ओलंपिक मे क्रिकेट केवल एक बार खेला गया था। साल 1900 मे पेरिस मे इंग्लैंड और फ्रांस के बीच स्वर्ण पदक का मुकाबला हुआ था। ओलंपिक मे पुरुषो और महिलाओ की स्पर्धा टी20 प्रारूप मे होगी।

# दक्षिण अफ्रीका की टीम ने जमकर पसीना बहाया

## ऑस्ट्रेलियाई की टीम कल करेगी प्रैक्टिस

मिहिर चंद्र श्रीवास्तव। लखनऊ

**12 अक्टूबर** को होने वाले विश्वकप मैचों के लिए लखनऊ के इकाना स्टेडियम में तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। वृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया व दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला खेला जाएगा। अफ्रीकी टीम रविवार को लखनऊ पहुंच गई थी। सोमवार पूरी टीम ने जमकर अभ्यास किया। टीम के सदस्यों ने बालिंग, बैटिंग व फिल्डिंग में पसीना बहाया। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम भी चेन्ई से लखनऊ पहुंच गई। वह कल मंगलवार को अभ्यास करेगी। वहीं भारत से हार के बाद लखनऊ में कंगारू टीम का दूसरा मैच होगा वह इसे जीतने का पूरा प्रयास करेगी।



### कोहली का कैच छोड़ने पर मार्श का बचाव किया हेजलवुड ने

**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि भारत के हाथो विश्व कप के पहले मैच मे मिली हार मे मिचेल मार्श के हाथो विराट कोहली का कैच टपकाए जाने की कोई भूमिका नही थी। कोहली को आठवें ओवर मे हेजलवुड की गेंद पर जीवनदान मिला जब मार्श ने मिडविकेट में उनका कैच टपकाया।विकेटकीपर एलेक्स कारी भी दौड़े थे लेकिन गलतफहमी की वजह से कैच छूट गया। हेजलवुड ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , नही। मुझे नही लगता कि इसकी कोई भूमिका थी। उन्होंने कहा , मुझे नही लगता कि कारी वहां तक पहुंच पाता। यह मिचेल का ही कैच था। उसने कैच छोड़ा लेकिन ऐसा होता रहता है। हर कोई काफी मेहनत कर रहा है। हम आगे भी करते रहेंगे।

### भारतीय स्पिनरों का सामना नहीं कर सके : स्मिथ



**चेन्नई।** विश्व कप के पहले मैच मे 199 रन पर आउट होने के बाद स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चेपॉक की पेचीदा पिच पर भारतीय स्पिनरों का सामना नही कर सके। स्मिथ ने मिश्रित जोन मे कहा , उनके सभी गेंदबाजो ने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट भी उनके अनुकूल था। उनके पास बेहतरीन स्पिन गेंदबाज है जिन्होने मिलकर हम पर दबाव बनाया। जडेजा के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव ने भी दो विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन को एक विकेट मिला। स्मिथ ने कोहली और राहुल की तारीफ करते हुए कहा , विराट और राहुल ने बहुत संयम के साथ खेला। उन्होने चतुराई से खेल दिखाया। यह ऐसा विकेट नही था जिस पर चारों ओर चौके मारे जा सकते थे। उन्हें सिर्फ 200 रन बनाने थे और तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद उन्होने अच्छी साझेदारी की। स्मिथ ने कहा , दक्षिण अफ्रीका अच्छी टीम है और आत्मविश्वास से भरपूर भी। वे अच्छा खेल रहे है और दिल्ली मे उन्होने विशाल स्कोर बनाया। लखनऊकी पिच के बारे मे कुछ पता नही है। यह पिच पर निर्भर करेगा।

### अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिल्ली पहुंची भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप के अपने दूसरे मैच के लिए सोमवार को यहां पहुंची। भारतीय टीम ने रविवार को चेन्नई में अपने पहले मैच में खराब शुरुआत से उबरते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की थी। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, टीम दिल्ली में है। टीम अपने स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बिना दिल्ली पहुंची है। गिल चेन्नई में बीसीसीआई की चिकित्सा देखरेख में बीमारी से उबर रहे हैं। गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच मे भी नही खेल पाए थे। सोमवार टीम के लिए यात्रा का दिन था, इसलिए टीम का कोई अभ्यास सत्र निर्धारित नही है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम मंगलवार शाम को फिरोज शाह कोटला में नेट अभ्यास करेगी। धर्मशाला में टूर्नामेंट का पहला मैच बांग्लादेश से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम पहले ही दिल्ली पहुंच चुकी है।

# बांग्लादेश के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगा इंग्लैंड



भाषा। धर्मशाला

**पहले मैच** में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार के बाद गत चैम्पियन इंग्लैंड बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले विश्व कप के मैच में मजबूती से वापसी करने की कोशिश करेगा। न्यूजीलैंड से मिली हार जोस बटलर की टीम के लिए खतरे की घंटी थी। इंग्लैंड के अधिकांश क्रिकेटर आईपीएल खेलते हैं लिहाजा उन्हें भारतीय पिचों और स्पिनरों से मिलने वाली चुनौती का अहसास था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर 282 रन का स्कोर बनाकर जीतना मुश्किल था। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र ने जिस तरह शतक जमाकर सिर्फ 37 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया , उसने टीम प्रबंधन के सामने कई परेशानियां खड़ी कर दी होंगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया जबकि क्रिस वोक्स, मार्क वुड और सैम कुरेन मिलकर कोंवे और रविंद्र को 272 रन की साझेदारी करने से नहीं रोक पाए।

### अपनी कमजोरियों से पार पाकर उतरेंगे पाकिस्तान और श्रीलंका

**हैदराबाद।** नीदरलैंड के खिलाफ जीत भले ही शानदार नहीं रही हो लेकिन निरंतरता तलाश रही पाकिस्तान की टीम मंगलवार को विश्व कप के मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका के खिलाफ वापसी की कोशिश करेगी। नीदरलैंड जैसी एसोसिएट टीम के खिलाफ पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया। ऐसे में उसे श्रीलंका के खिलाफ सावधान रहना होगा जिसके पास धुरंधर स्पिन गेंदबाज हैं। आम तौर पर पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन को बखूबी खेलते हैं लेकिन बाबर आजम एंड कंपनी को महीष तीक्षण और दुनिथ वेलालागे को हलके में लेने से बचना होगा। तीक्षणा पहला मैच नहीं खेले थे जिसमें श्रीलंका को 102 रन से करारी हार झेलनी पड़ी। दस साल से पाकिस्तानी टीम यहीं पर है और दो अभ्यास मैच भी खेल चुकी है।

# कई भारतीय खिलाडियों ने बनाए रिकॉर्ड

## हांगझोउ एशियाई खेलों में कई उपलब्धियों को पहली बार किया हासिल



भाषा। नई दिल्ली

चीन के हांगझोउ में हुए 19वें एशियाई खेलों को भारतीय खिलाड़ियों के पदकों की रिकॉर्ड संख्या तथा कई खेलों में पहली बार परचम लहराने के लिए याद रखा जाएगा। इन खेलों में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने अपनी स्पर्धा में पहली बार देश के लिए पदक जीता या कई दशकों के पदक के सूखे को खत्म कर देश और खुद को गौरवान्वित किया। **बैडमिंटन** : एच एस प्रणय ने पुरुष एकल जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इन खेलों के पुरुष युगल में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया। इससे पहले सैयद मोदी ने 1982 ने पुरुष एकल में और लेरोय डी सा तथा प्रदीप गांधी की पुरुष युगज जोड़ी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता था। चिराग और सात्विक की जोड़ी ने एशियाई खेलों में बैडमिंटन में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम ने 1986 के बाद पहली बार रजत पदक जीता। **टेबल टेनिस:** सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उत्तर कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद इस जोड़ी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन मेंग चेन और यिडी वांग की शीर्ष रैंकिंग की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

**निशानेबाजी:** मनीषा कीर, राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक की टीम ने महिलाओं की स्कीट में एशियाई खेलों में भारत का पहला रजत पदक जीता। अनंतजीत सिंह नरुका ने भी पुरुषों की स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए पहला रजत पदक जीतकर भारतीय खेल के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया। युवा सिफ्ट कौर समरा महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी। **कैनोइंग:** अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम ने पुरुषों की कैनो युगल 1000 मीटर स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर एशियाई खेलों में इस स्पर्धा में भारत को अब तक का दूसरा पदक दिलाया। इससे पहले 1994 के हिरोशिमा एशियाई खेलों में सीजी सदानंदन और जॉनी रोमेल ने इसी स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था।



**तीरंदाजी:** भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता कर तीरंदाजी में 13 साल के पदक का इंतजार खत्म किया। यह 2010 के एशियाई खेलों के बाद इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक था। अंकिता भक्त, सिमरनजीत कौर और भजन कौर की महिला रिकर्व टीम ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद वियतनाम को हराकर कांस्य पदक जीता। महिला टीम के बाद अतनु दास, तुषार शेल्के और धीरज बोम्मदेवरा की तिकड़ी भी पुरुषों के फाइनल में दक्षिण कोरिया से हारकर रजत पदक लेकर लौटी।

**घुड़सवारी:** सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, विपुल हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की चौकड़ी ने एशियाई खेलों में ड्रेसेज टीम स्पर्धा में भारत के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म किया। यह घुड़सवारी में 41 वर्षों में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। अनुश अग्रवाल ने खेलों में ड्रेसेज प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक, कांस्य पदक जीता।





**एथलेटिक्स**: अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज): साबले इन खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज मे स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। भारत को एथलेटिक्स मे पहला स्वर्ण पदक दिलाने वाले 29 वर्षीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ने आठ मिनट 19.50 सेकंड मे दौड़ पूरी की। साबले ने इस दौरान इन खेलो के पहले के रिकॉर्ड आठ मिनट 22.79 सेकंड मे सुधार किया। **पारूल चौधरी (5000 मीटर)**: पारूल ने महिलाओ की 5000 मीटर मे स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। वह 5000 मीटर दौड़ मे एशियाई खेलो मे स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। उन्होने इसके साथ ही 3000 मीटर स्टीपलचेज मे रजत पदक हासिल किया। मेरठ की 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 5000 मीटर स्पर्धा मे आखिरी 40 मीटर मे जापान की रिरिका हिरोनका को पछाड़ कर पीला तमगा हासिल किया। उन्होने इस दौरान 15 मिनट 14.75 सेकंड का समय लिया। **अन्नू रानी (भाला फेंक)**: इस खिलाड़ी ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओ की भाला फेंक मे शीर्ष पुरस्कार हासिल किया। वह 62.92 मीटर के प्रयास के साथ भाला फेंक मे एशियाई खेलो मे स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी। यह एशियाई खेलो मे उनका दूसरा पदक था। अन्नू ने 2014 सत्र मे कांस्य पदक जीता था।

पाल नौकायनः विष्णु सरवनन पाल नौकायन की पुरुष डिंगी आईएलसीए 7 स्पर्धा में कांस्य के तौर पर देश का पहला पदक जीता। सेपकटकरॉ स्पर्धा :भारत ने खेलों में महिला सेपकटकरॉ में अपना पहला पदक जीता। इसमें महिला रेगु टीम ने कांस्य पदक जीता था। **गोल्फ**:ओलंपियन अदिति अशोक ने रजत पदक जीता और गोल्फ में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

# डाक कुश्ती प्रतियोगिता आज से

## 11 प्रदेशों की टीमों से भाग लेंगे 95 खिलाड़ी

**लखनऊ।** 11 राज्यों के डाक परिमंडलों की टीमों के 95 खिलाड़ी 10 अक्टूबर से शुरू होने वाली 35वीं अखिल भारतीय डाक कुश्ती प्रतियोगिता में अपना दम-खम दिखाने उतरेंगे। उत्तर प्रदेश डाक परिमण्डल के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के मुकाबले भारतीय खेल प्राधिकरण नेताजी सुभाष क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी प्रेस और पब्लिसिटी कमेटी के चेयरमैन एवं वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने एक प्रेस वार्ता में दी।उन्होंनें बताया कि प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल एवं ग्रीको.रोमनश् के विभिन्न भार वर्गो में मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता में मेजबान उत्तर प्रदेश सहित बिहार, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा,हिमाचल प्रदेश कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब और राजस्थान परिमंडल की टीमें शामिल होंगी।इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतियोगिता का लोगो एवं टीज़र भी जारी किया। इस टूर्नामेंट के कुशल प्रबंधन के लिए सभी पोस्टमास्टर जनरल और महाप्रबंधक वित्त की अध्यक्षता में 8 कमेटियां बनाई गई हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने यह भी बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन यूपी ्के चीफपोस्टमास्टर जनरल एवं उत्तर प्रदेश पोस्टल स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष ्सेल्वकुमार 10 अक्टूबर को सुबह 9 बजे करेंगे। इसके साथ ही 11 अक्टूबर को शाम सांस्कृतिक संध्या होगी।

### लखनऊ मंडल की नेंटबॉल, थ्रो बॉल, योग के ट्रायल



**लखनऊ।** प्रथम उत्तर प्रदेश बालिका यूथ मिनी ओलंपिक खेल.2023 में भाग लेने के लिए लखनऊ मंडल की विभिन्न टीमों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन खेलों में भाग लेने वाली योगए नेटबॉल व थ्रो बॉल की टीमों के चयन के लिए ट्रायल सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित हुए। योग ट्रायल मालविका बाजपेयी की देख.रेख में हुए। लखनऊ मंडल ओलंपिक संघ के संयोजक मो तौहीद ने बताया कि कबड्डी की टीम के चयन के लिए ट्रायल 14 अक्टूबर को होंगे। बताते चले कि वाराणसी में 16 से 18 नवंबर 2023 तक आयोजित प्रथम उत्तर प्रदेश बालिका यूथ मिनी ओलंपिक खेल.2023 का आयोजन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वावधान में वाराणसी ओलंपिक संघ द्वारा किया जायेगा। इन खेलों में योगए ताइक्कांडो, नेटबॉल, कबड्डी, खो खोए वॉलीबाल एवं थ्रो बॉल की स्पर्धाएं हों

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।